




# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

वर्ष : 2, अंक : 245

मूल्य ₹ 6

आमंत्रण मूल्य ₹ 3 मात्र

पृष्ठ संख्या 12

धनबाद, सोमवार 16 दिसंबर 2024, पौष कृष्ण प्रतिपदा संवत 2081


## न्यूज इन ब्रीफ



### 39 विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ

**नागपुर।** रविवार को देवेंद्र फडणवीस की कैबिनेट का विस्तार हो गया. नागपुर में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया. इसमें 39 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली. सूत्रों की मानें तो जिस गृह विभाग पर शिवसेना नजर जमाए हुए थी, वो बीजेपी के खाते में रहेगा. बीजेपी ने गृह, राजस्व, सिंचाई और शिक्षा विभाग अपने पास रखा है. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की कैबिनेट विस्तार का कार्यक्रम नागपुर में हुआ. बीजेपी के खाते से 19 विधायक मंत्री बने. शिवसेना के कोटे से 11, जबकि एनसीपी कोटे से 9 विधायकों ने शपथ ली.

### जस्टिस शेखर को किया गया तलब

**नयी दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के एक समारोह में कथित तौर पर विवादास्पद बयान देने वाले इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज शेखर कुमार यादव का मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है. अदालत ने इस मुद्दे पर प्रकाशित खबरों का संज्ञान लेते हुए 10 दिसंबर को इलाहाबाद हाई कोर्ट से इस संबंध में एक रिपोर्ट तलब की है. अब जस्टिस यादव को अपने बयान पर अपना पक्ष रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के सामने जल्द ही पेश हो सकते हैं.

### लालकृष्ण आडवाणी अभी भी आईसीयू में

**नयी दिल्ली।** पूर्व उप प्रधानमंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी अभी भी आईसीयू में एडमिट हैं. दिल्ली के अपोलो अस्पताल के आईसीयू में उनका इलाज चल रहा है. आडवाणी के स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हो रहा है. उन्हें ओल्ड एज से संबंधित कई बीमारी हैं. आडवाणी की शनिवार को तबीयत बिगड़ गई थी. इसी के बाद उन्हें फौरन अस्पताल में भर्ती कराया गया था. नका स्वास्थ्य नाजुक बना हुआ है. फिलहाल, वो अपोलो अस्पताल के डॉक्टरों की निगरानी में हैं. पिछले दो हफ्ते से लाल कृष्ण आडवाणी जी की तबीयत ठीक नहीं चल रही थी.

### सरेंडर कर चुके नक्सलियों से मिले गृह मंत्री शाह

**रायगढ़।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को छत्तीसगढ़ में सरेंडर कर चुके नक्सलियों से मुलाकात की. इस दौरा अमित शाह और सरेंडर कर चुके नक्सली काफी खुशमिजाज वातावरण में मिले. अमित शाह ने कहा कि मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद का खात्मा कर दिया जाएगा.

# छात्र जेएसएससी ऑफिस घेराव पर अडिग, प्रशासन भी तैयार

- हाई सिक्यूरिटी जोन में तब्दील हुआ पूरा आयोग कार्यालय परिसर
- छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने कहा : हर हाल में प्रमाण पत्र जांच को रोकेंगे
- जरूरत पड़ी तो विधायक जयराम महतो भी हो सकते हैं शामिल

**विशेष संवाददाता। रांची**



सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी के विरोध में छात्र और छात्र संगठन सोमवार को झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग कार्यालय घेरने के अपने निर्णय पर अडिग हैं. राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से छात्रों का रांची पहुंचने का सिलसिला जारी है. शनिवार से ही छात्रों का जमावड़ा रांची में होने लगा था.ये छात्र कहां रूक रहे हैं, इसकी जानकारी किसी को नहीं है. इसे पूरी तरह से गोपनीय रखा जा रहा है. लेकिन कम से कम पांच हजार छात्र-छात्राओं के जुटने का दावा किया जा रहा है. इधर रांची जिला प्रशासन ने भी छात्रों के घेराव कार्यक्रम को लेकर अपनी तैयारी पूरी कर ली है.

**सारे रास्ते सील, फायर ब्रिगेड, वाटर कैनन, वज्र वाहन को तैनात :** रांची जिला प्रशासन ने कार्यालय और परिसर को हाई सिक्यूरिटी जोन के रूप में पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया है. कार्यालय के बाहर फायर ब्रिगेड, वाटर कैनन, वज्र वाहन को तैनात किया गया है. वीडियोग्राफी की व्यवस्था की जा रही है. ड्रोन के जरिए भी नजर रखी जा रही है, पूरे क्षेत्र की निगरानी की जा रही है. जेएसएससी कार्यालय जाने वाले सभी रास्तों को सील कर दिया गया है. पूरे मैदान की बैरिकेडिंग कर दी गयी है. बड़ी संख्या में पुलिस के जवान तैनात हैं. ऐसे में संभावना है कि सोमवार को छात्र-छात्राओं और पुलिस प्रशासन के बीच टकराव होगा.

**राज्य भर में बड़े और छोटे वाहनों की हो रही जांच :** छात्रों के रांची पहुंचने की सूचना के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में है. पुलिस प्रशासन का यह प्रयास है कि छात्र किसी भी हाल में रांची पहुंचे ही नहीं. इसे लेकर रांची सहित पूरे राज्य में बड़े और छोटे वाहनों (बस, कार, बाइक) की सख्ती से जांच हो रही है. प्रशासन का मानना है कि अगर छात्र पहुंच गए, तो दिक्कत होगी, इसलिए जो जहां है, उसे वहीं रोक दिया जाए

### पांच हजार से अधिक छात्र-छात्राएं घेराव कार्यक्रम में शामिल होंगे : देवेंद्र



छात्र नेता और झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के देवेंद्र नाथ महतो ने शुभम संदेश से बातचीत में कहा कि हर हाल में जेएसएससी कार्यालय का घेराव होगा, चाहे सरकार मिलिट्री ही क्यों न उतार दे. सोमवार को जेएसएससी द्वारा चयनित छात्र-छात्राओं का प्रमाण पत्र जांच कराया जाना तय किया गया है, इसलिए किसी भी हाल में यह होने नहीं दिया जाएगा. उन्होंने बताया कि पूरे राज्य से करीब पांच हजार से अधिक छात्र-छात्राएं घेराव कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे, जिनका रांची पहुंचना शुरू हो चुका है. उन्होंने कहा कि जेएसएससी ने पूरी परीक्षा प्रक्रिया और खुद को क्लीन चीट दिया है, लेकिन यह सब पूरी तरह से बकवास है. इस परीक्षा में भारी अनियमितता हुई है. भाई-भतीजावाद हुआ है. भारी संख्या में दूसरे राज्यों के अभ्यार्थियों का चयन हुआ है. बाहरी अभ्यर्थियों का चयन हमलोग कतई होने नहीं देंगे. उन्होंने एक सवाल पर कहा कि अगर जरूरत पड़ी, तो विधायक जयराम महतो भी घेराव कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं.

## दुर्गम और सर्पदंश वाले इलाके में नयी तकनीक से ढूंढा जाएगा फॉल्ट

# अच्छी पहल : ड्रोन से होगी बिजली ट्रांसमिशन लाइन की निगरानी

**शुभम संदेश स्पेशल**

**कौशल आनंद। रांची**

झारखंड में मार्च से लेकर जुलाई-अगस्त तक बरसात के मौसम में तेज आंधी-पानी के कारण अक्सर ट्रांसमिशन लाइन में फाल्ट आ जाता है. इस दौरान सबसे अधिक नुकसान ट्रांसमिशन लाइन एवं 33 केवी लाइनों को होता है, जिसे ढूंढ़ने में विभाग के अभियंताओं को काफी परेशानी होती है. खासकर दुर्गम व सर्पदंश वाले जंगल-झाड़ इलाकों में ज्यादा परेशानी होती है. इस समस्या से निबटने के लिए झारखंड बिजली ट्रांसमिशन निगम नयी तकनीक का इस्तेमाल करेगा.

झारखंड में कई ऐसे दुर्गम पहाड़ी, घने जंगल वाले इलाके हैं, जहां सर्पदंश की संभावना बनी रहती है. इस परिस्थिति में मैन पावर के लिए फॉल्ट को ढूंढ पाना और उसे दुरूस्त करना कड़ी चुनौती साबित होती है. इसे देखते हुए झारखंड ट्रांसमिशन निगम ऐसी लाइनों की निगरानी ड्रोन से करने की योजना बना रहा है.

इस आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से न केवल बिजली आपूर्ति व्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि लाइनों की मजबूत निगरानी होगी और इसका सीधा फायदा राज्य के बिजली उपभोक्ताओं को होगा. बिजली उपभोक्ताओं को आंधी-बारिश या मेजर फॉल्ट की स्थिति में जल्द से जल्द लाइन दुरूस्त कर बिजली आपूर्ति शुरू की जा सकेगी.

**इन ट्रांसमिशन लाइनों का होगा पुनरुद्धार**

- 220 केवी सिंगल सर्किट फरक्का-ललमटिया ट्रांसमिशन लाइन - 82 किलोमीटर
- 132 केवी डबल सर्किट ललमटिया-साहिबगंज ट्रांसमिशन लाइन - 51 किलोमीटर
- 132 केवी सिंगल सर्किट मैथन-जामतााड़ा ट्रांसमिशन लाइन - 34 किलोमीटर

### बारिश व आंधी-पानी के दिनों में फॉल्ट डिटेक्ट करने में होगी सहूलियत



### कई ट्रांसमिशन लाइन हैं 60 से 70 वर्ष पुरानी

राज्य में कई ऐसे ट्रांसमिशन लाइन हैं, जिनकी स्थिति जर्जर हो चुकी है. इसका मुख्य कारण इनका टाइम लाइन आऊट हो जाना है. कम से कम तीन ऐसी ट्रांसमिशन लाइन हैं, जो 60 से 70 वर्ष पुरानी है. इसका मुख्य कारण इनका सुदूर पहाड़ियों और घने जंगलों-झाड़ियों से गुजरना है. जिसमें फरक्का-ललमटिया, ललमटिया-साहिबगंज और मैथन-जामताड़ा ट्रांसमिशन लाइन शामिल हैं, जिसका निर्माण 60-70 वर्ष पूर्व हुआ था.

### 10 किमी ट्रांसमिशन लाइन का निरीक्षण होगा

योजना के मुताबिक एक दिन में 10 किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइन का विजुअली निरीक्षण नई तकनीक से हो सकेगा. पूरी रिपोर्ट मिलने के बाद इसके पुनरुद्धार की फूलप्रूफ योजना तैयार की जाएगी. झारखंड ऊर्जा संचरण निगम के पूर्व भारत सरकार के पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (पीजीसीआइएल) ने इस योजना पर सफलतापूर्वक कार्य किया है

### यह होगा फायदा

- अत्याधुनिक तकनीक राज्य की बिजली व्यवस्था को मजबूत करने में कारगर होगी.
- **कई दशक पहले बने भारी-भरकम ट्रांसमिशन लाइनों की अद्यतन स्थिति का अनुमान लगाया जा सकेगा.**
- पुनरुद्धार के लिए झारखंड ऊर्जा संचरण निगम पूरी योजना तैयार कर सकेगा.
- **पूरी तरह वैज्ञानिक तरीके से संपन्न की जाने वाली इस कवायद में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के जरिए संचरण व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा.**
- ये उपकरण बताएंगे कि टावर कितना क्षतिग्रस्त हुआ है और इसका ग्राउंड क्लीयरेंस किस स्तर का है.
- **दुर्गम पहाड़ियों से गुजर रही ट्रांसमिशन लाइनों की अद्यतन स्थिति जानने के लिए एआई का इस्तेमाल किया जाएगा.**
- फॉल्ट के बारे में पता करना भी आसान हो जाएगा. इसका सीधा लाभ प्रदेश के आम बिजली उपभोक्ताओं को मिलेगा.
- **ट्रांसमिशन लाइनों में फॉल्ट की जानकारी के लिए एआई की मदद ली जाएगी.**
- ये आधुनिक उपकरण बताएंगे कि टावर कितना क्षतिग्रस्त हुआ है. इसका ग्राउंड क्लीयरेंस किस स्तर का है.
- **दुर्गम पहाड़ियों से गुजर रही ट्रांसमिशन लाइनों की अद्यतन स्थिति जानने के लिए एआई का इस्तेमाल किया जाएगा.**
- निगरानी कराकर लाइनों का पुनरुद्धार किया जा सकेगा.

**नयी तकनीक पर काम हो रहा है**



पूरी योजना पर तेजी से काम चल रहा है. सरकार का फोकस अपने नेटवर्क को दुरूस्त करने पर है. इसके तहत नई से नई तकनीक के इस्तेमाल पर काम हो रहा है. हाल के वर्षों में बिजली नेटवर्क सिस्टम में काफी सुधार हुआ है, जिसका फायदा लोगों को मिल रहा है. नेटवर्किंग क्षेत्र में कई आयाम जोड़े गए हैं, आने वाले दिनों में और कई कार्य करने हैं. **-केके वर्मा, एमडी ट्रांसमिशन निगम**

## दिल्ली विधानसभा चुनाव

# आप ने सभी विधानसभा सीटों पर उतारे प्रत्याशी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी गतिविधियां तेज हो गई हैं. इस बीच, आम आदमी पार्टी (आप) ने अपनी बची हुई सभी सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है. पार्टी ने रविवार को अपनी चौथी लिस्ट जारी की, जिसमें 38 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं. इससे पहले, पार्टी तीन लिस्टें जारी कर चुकी थी, जिनमें 32 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया गया था. आम आदमी पार्टी ने रविवार को पार्टी में शामिल हुए रमेश पहलवान को भी टिकट दिया है. पार्टी ने कस्तूरबा नगर से मौजूदा विधायक मदन लाल का टिकट काटकर रमेश पहलवान को उम्मीदवार बनाया है.

आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली विधानसभा से चुनाव लड़ेंगे, जबकि मुख्यमंत्री आतिशी कालका जी से चुनावी मैदान में उतर रही हैं. इसके अलावा ग्रेटर कैलाश से सौरभ भारद्वाज, बाबरपुर से गोपाल राय, मालवीय नगर से सोमनाथ भारती, मटिया महल से शोएब, और राजेंद्र नगर से दुर्गेश पाठक चुनाव लड़ेंगे. उत्तम नगर सीट से नरेश बाल्यान की पत्नी पूजा नरेश बाल्यान को टिकट दिया गया है.

### पार्टी ने काटे 17 विधायकों के टिकट



## नीति आयोग के तीन दिनी सम्मेलन का समापन

# सीएस ने झारखंड के विकास से जुड़े तथ्यों को किया साझा

**संवाददाता। रांची**



देश की राजधानी दिल्ली में नीति आयोग के तीन दिवसीय सम्मेलन का रविवार को समापन हुआ. झारखंड सरकार की तरफ से इस सम्मेलन की अध्यक्षता मुख्य सचिव अलका तिवारी ने की. इस सम्मेलन में विकास के लिए आत्मनिर्भर होने की प्रक्रिया में कृषि रोजगार, शहरी विकास, नवीनीकरण ऊर्जा, उन्नतशील अर्थव्यवस्था आदि पर विचार-विमर्श किया गया. सम्मेलन का विषय जनसांख्यिकी लाभांश का लाभ उठाना और विकास के नए आयामों के मार्ग प्रशस्त करना था. मुख्य सचिव अलका तिवारी ने प्रदेश के विकास के लिए कई बिंदु रेखांकित किए. साथ ही सम्मेलन में प्रमुखता के बिंदु दलहन पर प्रदेश की सहभागिता पर विशेष जोर दिया. यह आयोजन केंद्र और राज्य सरकारों के बीच साझेदारी को सशक्त बनाने के साथ देश में सहकारी संवाद स्थापित करने की अहम कड़ी है. इस अवसर पर प्रधान सचिव योजना मस्त राम मीणा, सचिव ग्रामीण विकास के श्रीनिवासन व सचिव उद्योग विभाग जीतेन्द्र कुमार सिंह आदि विशेष पदाधिकारी मौजूद रहे.

## मुक्केबाजी : 68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता

# देवराणा ने जीता स्वर्ण पदक

**विशेष संवाददाता। रांची**



- तमिलनाडु के खिलाड़ी को हराकर बना चैंपियन
- मुक्केबाजी प्रतियोगिता में बिना अंक गवाएं जीते सभी मैच

दिल्ली में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल 2024- 25 के अंडर-17 मुक्केबाजी में झारखंड के मुक्केबाज देवराणा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीत कर राज्य का नाम रोशन किया है. झारखंड के पलामू जिले के उत्क्रमित +2उच्च विद्यालय, रत्नाग, पांडु के 11वीं के छात्र देवराणा ने दिल्ली में 9 से 15 दिसंबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता के अपने वर्ग के प्रीलिम्स बाउट में डीएवी को 5-0 से, प्री क्वार्टर फाइनल में हरियाणा को 5-0 से, क्वार्टर फाइनल में दिल्ली को 5-0 से, सेमीफाइनल में उत्तराखंड को 5- 0 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया, फाइनल में तमिलनाडु को 5-0 से पराजित कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया. देवराना अपने विद्यालय के शारीरिक शिक्षक सह मुक्केबाजी कोच अनुपम तिवारी के मार्गदर्शन में बॉक्सिंग का प्रैक्टिस करते हैं।

देवराणा की इस शानदार जीत पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन, विभागीय सचिव उमाशंकर सिंह, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, राज्य टीम के कोच अनुपम तिवारी, मैनेजर दिगंबर और विभागाध्यक्ष एम मोदस्सर समेत खेल प्रभाग के अन्य पदाधिकारियों ने पूरी टीम को बधाई व शुभकामनाएं दी है.

## सुर्खियों में : अय्यर ने कहा- पिछले 10 सालों से सोनिया गांधी से उनकी मुलाकात नहीं हुई

# '2012 में प्रणब पीएम बनते तो कांग्रेस ऐसे नहीं हारती'

**एजेंसी। नयी दिल्ली**





कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने अपनी नयी पुस्तक में एक महत्वपूर्ण बयान दिया है, जिसमें उन्होंने 2012 में राष्ट्रपति पद की रिक्ति के दौरान सरकार के फैसले पर सवाल उठाए हैं. अय्यर का मानना है कि उस समय प्रधानमंत्री पद के लिए प्रणब मुखर्जी को चुना जाना चाहिए था और मनमोहन सिंह को राष्ट्रपति पद पर आसीन किया जाना चाहिए था. उन्होंने ये विचार अपनी आगामी पुस्तक 'ए मावेरिक इन पॉलिटिक्स' में व्यक्त किए हैं, जो राजनीति में उनके अनुभवों और विचारों को दर्शाती है. अय्यर का मानना है कि अगर 2012 में प्रणब मुखर्जी को सरकार की बागडोर सौंप दी जाती और मनमोहन सिंह को राष्ट्रपति बना दिया जाता, तो संप्रग सरकार की स्थिति में सुधार हो सकता था. उनका कहना था कि यह फैसला संप्रग सरकार की संभावनाओं को खत्म होने से बचा सकता था और सरकार को पंगु होने से बचाया जा सकता था. अय्यर के अनुसार इस फैसले ने संप्रग के तीसरी बार सरकार बनाने की संभावनाओं को समाप्त कर दिया. अय्यर ने अपनी पुस्तक में यह भी उल्लेख किया कि मनमोहन सिंह की शारीरिक सेहत में गिरावट ने उनके कार्यकाल पर नकारात्मक असर डाला. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को कई बार कोरोनरी बाईपास सर्जरी करानी पड़ी और उनका शारीरिक स्वास्थ्य कभी भी पूरी तरह से ठीक नहीं हो पाया, जिसका असर उनके काम करने की गति पर पड़ा. इसके अलावा, उन्होंने कांग्रेस पार्टी की अध्यक्षता में भी स्वास्थ्य समस्याओं का जिक्र किया और बताया कि इस दौरान पार्टी में भी गतिहीनता का माहौल था, जिससे शासन और फैसले लेने की प्रक्रिया प्रभावित हुई.

**राहुल से मिलने का मौका नहीं मिला :** एक साक्षात्कार में उन्होंने अपनी नयी पुस्तक पर कहा, मेरे राजनीतिक करियर की शुरुआत गांधी परिवार से हुई और खात्मा भी उन्हीं के द्वारा हुआ. उन्होंने बताया कि पिछले 10 सालों से सोनिया गांधी से उनकी मुलाकात नहीं हुई. राहुल गांधी से मिलने का मौका नहीं मिला और प्रियंका गांधी से फोन पर बात होती है.

**अन्ना हजारे के आंदोलन का भी किया जिक्र :** कांग्रेस के सीनियर नेता ने यह भी बताया कि मनमोहन सिंह के स्वास्थ्य और कांग्रेस अध्यक्ष के बीमार होने के बाद कई संकटों, खासकर अन्ना हजारे के इंडिया अगेंस्ट करप्शन आंदोलन से प्रभावी तरीके से नहीं निपटा जा सका. ये संकट सरकार की कमजोरी को और ज्यादा उजागर करता है और ये दर्शाता है कि उस समय शासन की स्थिति कितनी कमजोर हो गई थी.

### कार्यक्रम का उदघाटन राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार करेंगे, तैयारी पूरी

# आईएमडी का 150वां वर्ष आज, विशेष कार्यक्रम का होगा आयोजन

संवाददाता। रांची

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के 150वें वर्ष के मौके पर रांची स्मार्ट सिटी ऑडिटोरियम में सोमवार 16 दिसंबर को एक विशेष कार्यक्रम आयोजित होगी. इस कार्यक्रम में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि होंगे. वे झारखंड मौसम दर्पण और मॉनसून रिपोर्ट झारखंड-2024' का लोकार्पण करेंगे. मौसम केंद्र रांची के प्रमुख अभिषेक आनंद ने बताया कि कार्यक्रम का उदघाटन सुबह 10:30 बजे होगा. इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह और आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव राजेश कुमार शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे.

## झारखंड मौसम दर्पण और मॉनसून रिपोर्ट झारखंड-2024 का लोकार्पण होगा




### ये है कार्यक्रम के शेड्यूल

- सुबह 9 :30 बजे से रजिस्ट्रेशन शुरू होगा
- उदघाटन के बाद आईएमडी का थीम सांग प्रस्तुत किया जाएगा
- मौसम दर्पण और मॉनसून रिपोर्ट झारखंड-2024 का विमोचन किया जाएगा

### राज्यपाल समारोह को संबोधित करेंगे

दोपहर 12 बजे तकनीकी सत्र की शुरुआत होगी. कोलकाता मौसम केंद्र के वैज्ञानिक डॉ सोमनाथ दत्त और रांची मौसम केंद्र के प्रमुख अभिषेक आनंद प्रेजेंटेशन देंगे. वे झारखंड में मौसम सेवाओं और भविष्यवाणी पर जानकारी साझा करेंगे. मैसम केंद्र की सेवाओं पर स्टेकहोल्डर्स फीडबैक देंगे. इसके बाद कृषि, सिंचाई, विमानन और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों के विशेषज्ञ अपनी राय रखेंगे. आईएमडी के रिटायर्ड कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा. फिर लंच ब्रेक के बाद 2 :30 बजे मौसम विभाग के अधिकारी प्रेस को संबोधित करेंगे. कार्यक्रम के दौरान झारखंड के लिए मौसम और जलवायु सेवाओं पर चर्चा की जाएगी.

## डीजीपी अनुराग गुप्ता ने चांडिल थाना प्रभारी को किया सस्पेंड

- थाना प्रभारी शिकायत नहीं सुनते, तो बड़े अधिकारियों को करें शिकायत

संवाददाता। रांची

सरायकेला जिला के चांडिल थाना प्रभारी वरुण यादव को डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सस्पेंड कर दिया है. यह कार्रवाई सीआईडी की रिपोर्ट के आधार पर की गई है. डीजीपी ने पहले ही चेतावनी दी थी कि अगर कोई पुलिसकर्मी आम जनता से दुर्व्यवहार करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कदम उठाये जायेंगे. उन्होंने सभी जिलों के डीआईजी और एसपी को आदेश दिया था कि थाना प्रभारी और पुलिसकर्मी जनता के साथ अच्छा व्यवहार करें. इसके लिए राज्य के सभी थानों को दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं. डीजीपी ने कहा कि साइबर अपराध, एससी/एसटी, मानव तस्करी और महिला अपराध से जुड़े मामलों में तुरंत कार्रवाई की जाए. किसी भी पीड़िता का आवेदन मिलने पर उसकी शिकायत को बिना देरी के दर्ज किया जाए, चाहे मामला किसी भी क्षेत्र का हो.

डीजीपी ने स्पष्ट किया है कि अगर कोई थाना प्रभारी जनता की शिकायतों पर ध्यान नहीं देता है, तो लोग अपनी शिकायतें बड़े अधिकारियों के पास दर्ज करा सकते हैं. अधिकारियों को इस तरह की व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए गए हैं.

### अनुसंधानकर्ताओं के लिए क्षमता निर्माण सह कानूनी जागरूकता कार्यक्रम

# अनुसंधान की कड़ियों को बारीकी से समझें जांच अधिकारी : अमित शेखर

संवाददाता। रांची

झालसा के निर्देश पर व न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधक सेवा प्राधिकार के मार्गदर्शन में रांची जिला के सभी थानों से आये जांच अधिकारियों (इंवेस्टीगेटिंग ऑफिसर) के लिए क्षमता निर्माण सह कानूनी जागरूकता कार्यक्रम हुआ. इसका आयोजन व्यवहार न्यायालय के मीटिंग हॉल में किया गया. जांच अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण-सह-कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया. डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया.

मुख्य अतिथि के रूप में शामिल एजेसी 15 अमित शेखर ने कहा कि बहुत सारे अनुसंधान ऐसे होते हैं, जिसे अनुसंधान के दौरान जांच अधिकारियों को लाना होता है, तो जांच अधिकारी उसे नहीं ला पाते. त्रुतिटपूर्ण अनुसंधान होने के कारण खामियाजा पीपी को भुगतना पड़ता हैं. उन्होंने कहा कि अनुसंधान सही तरीके से नहीं होने के कारण दोषियों को लाभ मिल जाता है, इसके अलावा उन्होंने उपस्थित सभी जांच अधिकारियों से कहा कि आज के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी अधिकारियों को अनुसंधान के कड़ियों को बारीकी से समझना है. इसके फलस्वरूप उन्होंने अनुसंधान की कड़ियों को पृथक कर समझाया. उन्होंने सेक्शन-42, डॉक्यूमेंटेशन के बारे में बताएं. उन्होंने एनडीपीएस एक्ट पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सभी जांच अधिकारियों को यह जानना आवश्यक है, कि समय-सीमा के अंदर रिपोर्ट तैयार करें. जब्त पदार्थों को समय सीमा पर मजिस्ट्रेट के पास भेजे. जब्त सामग्रियों के जब्ती तथा भंडारण के बारे में भी उपस्थित लोगों को बताया गया. उन्होंने एनडीपीएस एक्ट के सेक्शन 50 के बारे में विस्तार से जानकारी दिये.




क्षमता निर्माण-सह-कानूनी जागरूकता कार्यक्रम में शामिल डालसा सचिव कमलेश बेहरा व अन्य.

### मोटर वाहन दुर्घटना में मिलने वाले मुआवजे के बारे में बताया

पीओ एमएसीटी, मनीष ने मोटर वाहन दुर्घटना में मिलने वाले मुआवजा के बारे में जानकारी दिये. उन्होंने कहा कि जांच अधिकारियों के द्वारा जांच सही होगी तो पीड़ित या पीड़िता के घरवालों को जल्द-से जल्द मुआवजा मिलने में कोई परेशानी नहीं होगी. उन्होंने सभी जांच अधिकारियों को उच्च न्यायालय के आदेश और ऑर्डर को पूरी तरह से फॉलो करने की बातें कहीं. दुर्घटना होने पर एफआईआर की एक कॉपी इंश्योरेंस कंपनी, एक कॉपी एमएसीटी कोर्ट में भी देने पर बल दिया. उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना होने पर जांच अधिकारी घटनास्थल पर जायें और फोटो लें, वीडीओ शूट करें व स्क्रैपमैप तैयार करें. उन्होंने फॉर्म-1 48 घंटे के अंदर तैयार कर इंश्योरेंस कंपनी व एमएसीटी कोर्ट में देने की बातें कहीं. उन्होंने क्रमश: फॉर्म 1 से लेकर फॉर्म-6 तैयार समय सीमा पर करने की बातें कहीं.

### सेक्शन-65 के बारे में विस्तार से बताया

एजेसी-1 योगेश कुमार ने उपस्थित जांच अधिकारियों को सीडीआर संग्रह करने और सेक्शन-65 के बारे में विस्तार से जानकारी दी. एजेसी-4 मो आशीफ ईकबाल ने उपस्थित जांच अधिकारियों को पोक्टसो एक्ट के बारे में बताया. पीपी, अनिल सिंह ने अपने वक्तव्य में सभी जांच अधिकारियों को विभिन्न उदाहरण देकर निष्पक्ष और उचित जांच संबंध में विस्तार पूर्वक अपने बातों को रखा. मौके पर एलएडीसी चीफ, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, एलएडीसी डिप्टी, कविता खाती, एलएडीसी सहायक, शिवानी सिंह, रांची जिला के सभी थानों से आये जांच अधिकारी, पीएलवी, कर्मचारी समेत अन्य उपस्थित थे. धन्यवाद ज्ञापन एलएडीसी सहायक शिवानी सिंह ने किया.

## सीजीएल परीक्षा में धांधली की साजिश के पीछे सीएम का हाथ : बाबूलाल मरांडी

विशेष संवाददाता। रांची

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रविवार को हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में धांधली की साजिश के पीछे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का हाथ है. उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में धांधली की साजिश के पीछे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का हाथ साफ नजर आता है. पहले हेमंत सोरेन के जरिये सीआईडी जांच का झूठा आश्वासन दिया गया, फिर जेएसएससी ने खुद को क्लीन चिट दे दी. अब छात्र आंदोलनकारियों की गिरफ्तारी के सख्त आदेश जारी कर सरकार ने युवाओं की आवाज दबाने की साजिश रच दी है. उन्होंने रविवार को ट्वीट कर कहा है कि हेमंत सोरेन शायद भूल गए हैं कि झारखंड की भूमि आंदोलनों और संघर्षों की प्रतीक है. झारखंड का युवा दमनकारी नीतियों का करारा जवाब देना जानता है. उन्होंने लिखा है कि हेमंत सोरेन छात्रों की गिरफ्तारी का तुगलकी फरमान वापस लेकर सीजीएल परीक्षा की सीबीआई जांच कराने का आदेश दें और छात्रों के गतिरोध को समाप्त करने की सकारात्मक पहल करें.



### सरदार पटेल की पुण्यतिथि पर बाबूलाल मरांडी ने दी श्रद्धांजलि

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी है. मरांडी ने रविवार को ट्वीट कर कहा है कि देश को एकता और अखंडता के सूत्र में पिरोने वाले 'लौहपुरुष' सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि. भाजपा ने अपने संदेश में लिखा है कि भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक, आधुनिक भारत के शिल्पकार महार, स्वतंत्रता सेनानी, भारत रत्न 'लौह पुरूष' सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर शत—शत नमन.

## मोरहाबादी में फिट इंडिया साइकिलिंग कल

- कार्यक्रम का नेतृत्व ओलंपियन मनोहर टोपनो करेंगे

विशेष संवाददाता। रांची

केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया 17 दिसंबर को नयी दिल्ली में फिट इंडिया साइकिलिंग हरी झंडी दिखाएंगे. रांची के मोरहाबादी स्थित बिरसा फुटबॉल स्टेडियम में भी साइकिलिंग कार्यक्रम का आयोजन भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) द्वारा किया जाएगा. कार्यक्रम का नेतृत्व ओलंपियन मनोहर टोपनो करेंगे, जो भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी के गेट नंबर 16 से 5 किलोमीटर की साइकिलिंग जॉय राइड शुरू करेंगे और मोरहाबादी ग्राउंड से होते हुए उसी स्थान पर समाप्त होंगे. इस कार्यक्रम में झारखंड के शीर्ष एथलीट शामिल होंगे, जिनमें सुमराय टेटे पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी शामिल होंगी. साथ ही स्थानीय फिटनेस उत्साही और खेल प्रेमी भी शामिल होंगे. युवा मामले और खेल मंत्रालय इन कार्यक्रमों का आयोजन भारतीय साइकिलिंग महासंघ (सीएफआई), माई भारत, साई क्षेत्रीय केंद्रों, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों (एनसीओई), खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी) और जिला प्रशासन के साथ सीधे सहयोग से कर रहा है. फिट इंडिया साइकिलिंग मंगलवार पहल 17 दिसंबर को पूरे भारत में 1000 से अधिक स्थानों पर फैलेगी, जिसमें साई क्षेत्रीय केंद्रों में एक साथ कार्यक्रम होंगे. लॉन्च के बाद, देश भर में हर मंगलवार को साइकिलिंग कार्यक्रम जारी रहेंगे. यह अभियान समग्र रूप से स्वास्थ्य, खेल और देश में स्वदेशी खेलों को बढ़ावा देने पर केंद्रित है.




### सीएम ने कृष्णानंद झा के निधन पर शोक जताया

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बिहार सरकार में पूर्व मंत्री और मधुपुर से पूर्व विधायक, शिक्षाविद कृष्णानंद झा के निधन पर दुख प्रकट किया. उन्होंने कहा कि उनके निधन की दुःखद खबर मिली. कृष्णानंद जी सौम्य व्यक्तित्व के धनी थे. परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विषम घड़ी सहन करने की शक्ति और साहस दे.

### कृष्णानंद झा का निधन, मंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**रांची।** संयुक्त बिहार में मंत्री रहे कृष्णानंद झा का निधन 78 वर्ष की आयु में हो गया. इस दौरान मंत्री श्हफीजुल हसन, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर, अनुमंडल पदाधिकारी, देवघर रवि कुमार, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मुन्नम संजय, जनप्रतिनिधि व गणमान्य ने उनके आवास पर पार्थिव शरीर का अंतिम दर्शन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की.

## 'राज्य गठन की तिथि से सरकार आंदोलनकारियों को दें सम्मान'

संवाददाता। रांची

झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक रविवार को तुपकाडीह में केंद्रीय अध्यक्ष विदेशी महतो के आवास में हुई. मुख्य अतिथि के रुप में शामिल मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों को अपने अधिकारों की रक्षा के लिए स्वयं आवाज बनना होगा. हमारा इतिहास संघर्षों का रहा है, इसलिए अपनी पहचान व सम्मान के लिए संघर्ष के बल पर नई इबारत लिखनी है. झारखंड आंदोलनकारी कोई मामूली नागरिक नहीं हैं, इस राज्य को संघर्ष एवं शहादत देकर बनाने वाले प्रमुख लोगों में एक हैं. राज्य सरकार झारखंड आंदोलनकारी को राजकीय मान -सम्मान, अलग पहचान, रोजी -रोजगार, नियोजन की सौ फीसदी गारंटी, जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए राज्य गठन की तिथि से सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रुपये दे. आंदोलनकारियों को भी सम्मान के साथ जीने का अधिकार है.

### अलग राज्य गठन के मूल्य अभी अधूरे हैं : विदेशी महतो

मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष विदेशी महतो ने कहा कि झारखंड अलग राज्य गठन के मूल्य अभी अधूरे हैं. 18 दिसंबर को झारखंड आंदोलन के अमर पुरोधा विनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि एवं 25 दिसंबर को शहीद निर्मल महतो की जयंती तथा 1 जनवरी 2025 को खरसावां गोलीकांड के शहीदों को नमन व श्रदांजलि कार्यक्रम लोहिया आश्रम तुपकाडीह में मनाई जाएगी. 3 जनवरी 2025 को मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती को झारखंड आंदोलनकारी दिवस के रूप में जिला स्तर पर भव्यता के साथ मनाया जायेगा. मौके पर ठाकुर राम महतो, संतोष कुमार महतो, फकीरा हेमंत साहू, जगन महतो, सहदेव महतो आदि मौजूद रहे.

### जेल अदालत सह नि:शुल्क चिकित्सा कैंप का सफल आयोजन

## जेल अदालत का लाभ देते हुए एक बंदी रिहा

संवाददाता। रांची

झालसा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से रविवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार, रांची में जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. इसकी अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव कमलेश बेहरा ने की. विभिन्न न्यायालयों में लंबित वाद निष्पादन के निमित बिरसा मुंडा केन्द्रीय कारा होटवार में संसीमित बंदियों का आवेदन जेल अदालत के लिए समर्पित किया गया था, जिसमें एक बंदी को जेल अदालत का लाभ देते हुए कारामुक्त किया गया. जेल अदालत -सह- विधिक जागरूकता शिविर में बंदियों को झालसा के निर्देश पर चिकित्सीय सेवा उपलब्ध कराने के निमित प्रत्येक जेल अदालत में सदर अस्पताल से प्रतिनियुक्ति चिकित्सक की देखरेख में जांच व इलाज किया जायेगा, जिसका शुभारम्भ रविवार से कारा में कैप आयोजित कर किया गया. जेल अदालत में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची, द्वारा बंदियों की समस्या को सुना गया एवं बंदियों से आवेदन लेकर उक्त समस्या का तुरंत निराकरण के लिये मौजूद एलएडीसी व सदस्यों को निर्देशित किया गया. मौके पर कमलेश बेहरा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची, अक्षत श्रीवास्तव, कारापाल, न्यायिक दंडाधिकारी, काराकर्मी बिरसा मुंडा केन्द्रीय कारा होटवार, रांची व डिप्टी एलएडीसी तथा न्यायालयकर्मी व बंदीगण उपस्थित थे.



### 17 दिसंबर से 31 जनवरी तक रांची में लगेगा विशेष कैंप

## स्मार्ट प्रीपेड मीटर से जुड़ी शिकायतों का निबटारा होगा

- दिन के 11 बजे से 3 बजे तक सभी पावर सबस्टेशन और विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल में लगेगा कैंप

संवाददाता। रांची

स्मार्ट प्रीपेड मीटर में बिलिंग, मोबाइल नंबर टैगिंग और अन्य शिकायतों को दूर करने के लिए बिजली विभाग ने पहल की है, ताकि लोगों की परेशानियां दूर हो सकें. शिकायतें दूर करने के लिए डेढ़ माह तक लगातार विशेष कैंप लगाया जाएगा. रांची में 17 दिसंबर से 31 जनवरी तक लगातार विशेष कैंप लगेगा.

यह जानकारी रांची के अधीक्षण अभियंता डीएन साहू ने दी. उन्होंने बताया कि अवकाश के दिनों को छोड़ कर सभी कार्य दिवस में दिन के 11 बजे से 3 बजे तक सभी पावर सबस्टेशन और विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल में कैंप लगाया जायेगा. इसका आयोजन अशोक नगर सबस्टेशन, सैनिक मार्केट मेन रोड, हरमू सबस्टेशन, कुसई कॉलोनी डोरंडा, एचइसी व तुपुदाना सबस्टेशन, कोकर शिव मंदिर के समीप, बिजली कॉलोनी कोकर, आरएमसीएच सबस्टेशन, कांके सबस्टेशन, राजभवन सबस्टेशन, टाटीसिलवे, ओरमांझी सबस्टेशन और आइटीआइ सबस्टेशन में किया जाएगा.

### व्हाट्सऐप पर मोबाइल नंबर अपडेट करायें

अधीक्षण अभियंता ने बताया कि उपभोक्ता पंजीकृत कराये जानेवाले मोबाइल नंबर से बिजली बिल का स्पष्ट फोटो या उपभोक्ता संख्या मोबाइल नंबर 9155029417 के व्हाट्सऐप पर भेजें. उनका मोबाइल नंबर अपडेट हो जाएगा.

**गुड न्यूज** — देश भर के छात्रों को आसान तरीके से शिक्षा देने के लिए एक अनोखी पहल

# यूट्यूब की साझेदारी से शिक्षा चैनल शुरू करेगा एनसीईआरटी

शुभम संदेश डेस्क

देश भर (भारत) के छात्रों को आसान तरीके से शिक्षा देने के लिए एनसीईआरटी ने यूट्यूब के साथ साझेदारी की है. एनसीईआरटी अल्फाबेट के स्वामित्व वाले वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफ़ॉर्म के साथ मिलकर नए चैनल लॉन्च करने जा रहा है, जो कक्षा 1 से 12वीं तक के छात्रों के लिए तैयार की गई सामग्री तक रास्ता बना देगा. इस बीच, यूट्यूब आईआईटी सर्टिफायड करने के विकल्प के साथ, कोर्सों को पढ़ाने के लिए नेशनल प्रोग्राम ऑन टेक्नोलॉजी एन्हांस्ड लर्निंग (एनपीटीइएल) के साथ भी काम करेगा.




### 12वीं तक के बच्चों को मिलेगा फायदा

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफ़ॉर्म का कहना है कि वह भारत में कई यूट्यूब चैनल लॉन्च करने के लिए एनसीईआरटी के साथ काम कर रहा है, जिसे देश के दूरदराज के इलाकों में सीखने की पहुंच बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है. कंपनी के अनुसार, एनसीईआरटी ऐसे चैनल पेश करेगा जो ग्रेड 1 से 12 तक के पाठ्यक्रम से जुड़े होंगे.

### 29 भाषाओं में मिलेगी जानकारी

गूगल का कहना है कि एनसीईआरटी द्वारा विकसित किए जा रहे ये नए चैनल 29 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध होंगे – कंपनी ने अभी तक इन भाषाओं की सूची उपलब्ध नहीं कराई है. सामग्री भारतीय सांकेतिक भाषा में भी उपलब्ध होगी, जिससे विकलांग छात्रों के लिए सामग्री अधिक सुलभ हो जाएगी. कंपनी का कहना है कि चैनल भारत में आने वाले महीनों में उपलब्ध होंगे. आईआईटी में एडमिशन भारत में टॉप रैंकिंग वाले छात्रों तक ही सीमित है, लेकिन ये संस्थान आईआईटी सिस्टम से बाहर के लोगों को भी नॉलेज तक पहुंच प्रदान कर रहे हैं. यूट्यूब ने देश में 50 प्रमाणित पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए एनपीटीईएल के साथ साझेदारी की है. कंपनी के अनुसार, एनपीटीईएल के कोर्स साहित्य, विज्ञान, खेल मनोविज्ञान – यहां तक कि रॉकेट प्रोपल्यूशन सहित कई विषयों को कवर करेंगे. ये पाठ्यक्रम यूट्यूब पर एनपीटीईएल के चैनलों के माध्यम से सभी उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध होंगे.

## उर्दू समेत सभी क्षेत्रीय भाषाओं की पाठ्य-पुस्तकें उपलब्ध करायी जाएं

- उर्दू के रिक्त 3712 सहायक शिक्षक के पदों पर शीघ्र नियुक्ति हो : अमीन

संवाददाता। रांची

झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद ने कहा कि अविभाजित बिहार से 4401 योजना मद में प्राप्त सहायक शिक्षक (उर्दू) के पदों पर झारखंड सरकार द्वारा 2014 - 2015 में मात्र 689 पदों पर उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति की गयी है. सरकार के विभागीय संकल्प संख्या 259 द्वारा सभी 4401 योजना मद के सहायक शिक्षक के पदों को गैर योजना मद में स्थानांतरित किया जा चुका है. इस तरह शेष 3712 गैर योजना मद में सहायक शिक्षक (उर्दू) के पदों पर अब तक नियुक्ति नहीं हुई है. इस दिशा में मंत्री रामदास सोरेन से से संघ ने 3712 सहायक शिक्षक (उर्दू) के पदों पर शीघ्र नियुक्ति करने की मांग की है.




**प्रारंभिक विद्यालयों में क्षेत्रीय भाषा या अपनी मातृभाषा में पढ़ाई ठोस कदम साबित होगा:** उर्दू सहित सभी क्षेत्रीय भाषाओं और बांग्ला, ओड़िया, नागपुरी, संथाली, हो, खड़िया आदि की पढ़ाई सुनिश्चित करने के लिये सभी भाषाओं की पाठ्य - पुस्तकें शीघ्र मुहैया कराने की मांग की गयी. राज्य गठन के पश्चात भी 2010 तक सभी विषयों की पुस्तकें उर्दू (फारसी) लिपि में मिलती रही हैं. राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में क्षेत्रीय भाषा या अपनी मातृभाषा में पढ़ाई की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने की पहल से आरटीई 2009 का अनुपालन करने की दिशा में ठोस कदम साबित होगा, क्योंकि इससे प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाई सुनिश्चित होगी. इस संबंध में संघ लगातार सरकार से मांग करता आ रहा है.

### शिक्षक संघ का शिष्टमंडल जल्द शिक्षा मंत्री से मिलेगा

राज्य उर्दू शिक्षक संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद व प्रवक्ता शहजाद अनवर ने कहा कि जल्द ही संबंधित मामलों पर शिष्टमंडल शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से मिलकर शिक्षा एवं शिक्षक हित में लंबित मामलों के निष्पादन के लिए अपनी मांगों को रखेंगे.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद, सोमवार 16 दिसंबर 2024, पौष कृष्ण प्रतिपदा संवत 2081


**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 22.6 | 7.6 |
| जमशेदपुर | 24.4 | 10.1 |
| धनबाद | 22.7 | 6.3 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.



'करिश्मा का करिश्मा' फेम एक्ट्रेस झनक शुक्ला ने रचाई शादी

**ब्रीफ खबरें**

### वाहन की चपेट में आने से होटल मिस्त्री की मौत

**तोपचांची।** रविवार रात को तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत भुंईया चितरो के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से होटल मिस्त्री की घटना स्थल पर मौत हो गई. मृतक मिस्त्री का शिनाख्त दहियारी निवासी गुजर के रुप में हुआ है. घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक गोमो की और पैदल जा रहे थे. अचानक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के चपेट में आने से घटनास्थल पर मौत हो गई. मृतक युवक शव धनबाद स्थित एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेज दिया गया है.

### ताबड़तोड़ 12 राउंड फायरिंग से दहला कवाली

**रांची।** राजधानी रांची के नामकुम थाना क्षेत्र के कवाली में रविवार दोपहर 12 बजे बाइक सवार अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर जमीन कारोबारी मधु राय की हत्या कर दी. अपराधियों ने राय पर बीच सड़क पर फायरिंग झोंक दी, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गयी. ताबतोड़ फायरिंग से इलाके में दहशत फैल गयी. जमीन विवाद को लेकर मधु राय की हत्या की गयी है या कोई और वजह है इसका खुलासा नहीं हो पाया है. हालांकि आशंका जतायी जा रही है कि जमीन कारोबार में विवाद को लेकर मधु राय को गोली मारी गई है.

### खलिहान में लगी आग 60 मन धान जल कर नष्ट

**गोमो।** तोपचांची प्रखंड के बेलमी गांव में वकील महतो के खलिहान में रविवार की देर शाम आग लग जाने से लगभग 60 मन धान का फसल नष्ट हो गया है. वकील महतो ने बताया कि धान की कटाई कर धान झाड़ने के लिए खलिहान में रखा था. मशीन उपलब्ध नहीं होने के कारण धान की झाड़ाई नहीं हो पाई थी. देर शाम को एकाएक खलिहान में आग लग गई. सूचना मिलने पर दौड़े-भागे सपरिवार खलिहान पहुंचे, तब तक देर हो चुकी थी. खलिहान में रखे करीब 60 मन धान जलकर नष्ट हो गया है.

## 73 साल के थे; 2023 में मिला था पद्म विभूषण, तीन ग्रैमी अवॉर्ड विनर भी रहे



# अलविदा उस्ताद

## तबला वादक जाकिर हुसैन नहीं रहे

### सैन फ्रांसिस्को में चल रहा था इलाज, वहीं ली आखिरी सांस

### हॉलीवुड मूवी में एक्टिंग भी की थी

शशि कपूर के साथ हॉलीवुड मूवी में एक्टिंग की जाकिर हुसैन ने कुछ फिल्मों में एक्टिंग भी की है. उन्होंने 1983 की एक ब्रिटिश फिल्म हीट एंड डस्ट से डेब्यू किया था. इस फिल्म में शशि कपूर ने भी काम किया था.

जाकिर हुसैन ने 1998 की एक फिल्म साज में भी काम किया था. इस फिल्म में उनके अपोजिट शबाना आजमी थीं. जाकिर हुसैन ने इस फिल्म में शबाना के प्रेमी का किरदार निभाया था.

जाकिर हुसैन को फिल्म मुगल ए आजम (1960) में सलीम के छोटे भाई का रोल भी ऑफर हुआ था, लेकिन पिता को उस वक्त यह मंजूर नहीं था. वे चाहते थे कि उनका बेटा संगीत पर ही ध्यान दे.

**मुंबई।** विश्व विख्यात तबला वादक और पद्म विभूषण उस्ताद जाकिर हुसैन का निधन हो गया है. सैन फ्रांसिस्को में उनका इलाज चल रहा था. वहीं उन्होंने आखिरी सांस ली. उनका जन्म 9 मार्च 1951 को मुंबई में हुआ था. उस्ताद जाकिर हुसैन को 1988 में पद्म श्री, 2002 में पद्म भूषण और 2023 में पद्म विभूषण से नवाजा गया था.

जाकिर हुसैन को तीन ग्रैमी अवॉर्ड भी मिल चुके थे. उनके पिता का नाम उस्ताद अल्लाह रक्खा कुरैशी और मां का नाम बीवी बेगम था. जाकिर के पिता अल्लाह रक्खा भी तबला वादक थे. जाकिर हुसैन की प्रारंभिक शिक्षा मुंबई के माहिम स्थित सेंट माइकल स्कूल से हुई थी. इसके अलावा उन्होंने ग्रेजुएशन मुंबई के ही सेंट जेवियर्स कॉलेज से किया था.

जाकिर हुसैन ने सिर्फ 11 साल की उम्र में अमेरिका में पहला कॉन्सर्ट किया था. 1973 में उन्होंने अपना पहला एल्बम 'लिविंग इन द मैटेरियल वर्ल्ड' लॉन्च किया था.

सपाट जगह देखकर उंगलियों से धुन बजाने लगते थे उस्ताद जाकिर हुसैन जाकिर हुसैन के अंदर बचपन से ही धुन बजाने का हुनर था. वे कोई भी सपाट जगह देखकर उंगलियों से धुन बजाने लगते थे. यहां तक कि किचन में बर्तनों को भी नहीं छोड़ते थे. तवा, हांडी और थाली, जो भी मिलता उस पर हाथ फेरने लगते थे.

तबले को अपनी गोद में रखते थे जाकिर हुसैन शुरुआती दिनों में उस्ताद जाकिर हुसैन ट्रेन में यात्रा करते थे. पैसों की कमी की वजह से जनरल कोच में चढ़ जाते थे. सीट न मिलने पर फर्श पर अखबार बिछाकर सो जाते थे. इस दौरान तबले पर किसी का पैर न लगे, इसलिए उसे अपनी गोद में लेकर सो जाते थे.

12 साल की उम्र में 5 रुपए मिले, जिसकी कीमत सबसे ज्यादा रही जब जाकिर हुसैन 12 साल के थे तब अपने पिता के साथ एक कॉन्सर्ट में गए थे. उस कॉन्सर्ट में पंडित रविशंकर, उस्ताद अली अकबर खान, बिस्मिल्लाह खान, पंडित शांता प्रसाद और पंडित किशन महाराज जैसे संगीत की दुनिया के दिग्गज पहुंचे थे.

जाकिर हुसैन अपने पिता के साथ स्टेज पर गए. परफॉर्मेंस खत्म होने के बाद जाकिर को 5 रुपए मिले थे. एक इंटरव्यू में उन्होंने इस बात का जिक्र करते हुए कहा था- मैंने अपने जीवन में बहुत पैसे कमाए, लेकिन वो 5 रुपए सबसे ज्यादा कीमती थे.

जाकिर हुसैन का सम्मान अमेरिका भी करता था जाकिर हुसैन का सम्मान दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका भी करता था. 2016 में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने उन्हें ऑल स्टार ग्लोबल कॉन्सर्ट में भाग लेने के लिए व्हाइट हाउस में आमंत्रित किया था. जाकिर हुसैन पहले इंडियन म्यूजिशियन थे, जिन्हें यह इन्विटेशन मिला था.

# सरकारी जमीन कब्जा रहे भूमाफियाओं को खदेड़ा

संवाददाता। तेतुलमारी





आठ लेन सड़क के सर्वमंगला पब्लिक स्कूल नगरी कला के बगल की जमीन को लेकर ग्रामीणों ने रविवार को अनाबाद झारखंड सरकार की सरकारी भूमि बताते हुए भूमाफिया द्वारा अवैध जमीन का कागजात बनाकर कब्जा करने के विरोध में जमकर बवाल काटा. रविवार को भूमाफिया ने पूरी तैयारी के साथ सीमेंट का खंबा लगाकर चहारदीवारी निर्माण कराया जा रहा था. जिससे ग्रामीणों ने देखा तो विरोध कर तोड़फोड़ दिया. ग्रामीणों को उग्र रूप देख भू माफियाओं को भागना पड़ा. भागने के दरमियान घटनास्थल पर भू माफिया की मोटरसाइकिल छूट गई थी. जिसे ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त कर दिया. बाद में उक्त मोटरसाइकिल को तेतुलमारी पुलिस कब्जे में ले लिया है. घटना की सूचना पर तेतुलमरी पुलिस ईस्ट बसुरिया ओपी रामकनाली पुलिस घटनास्थल पर पहुंची. इसके बाद मामला शांत हो गया.

ग्रामीणों के अनुसार करीब दो माह पूर्व टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने पत्र लिखकर धनबाद उपायुक्त को जांच कर करवाई करने को कहा था. धनबाद उपायुक्त के निर्देश पर बाघमारा अंचल अधिकारी द्वारा कार्य बंद कराया गया था लेकिन शनिवार की रात्रि से पुनः भू माफी य द्वारा चहारदीवारी बनाई जा रही थी. जिससे ग्रामीण महिलाएं उग्र हो गई. महिलाएं जमीन माफियाओं के खिलाफ काफी बुरा भला कह रही थी. ग्रामीण का कहना है कि नगरी कला के खाता 127 प्लॉट संख्या 1973 रकवा 2.73 एकड़ जमीन है. उक्त भूमि पर हम सब ग्रामीण का श्मशान है, जिसमें रंगलीटांड ,नगरी कला ,नायकडीह ,पहाडीधार ,अहरी टोला, के मृतको का दाह संस्कार किया जाता है. इसी जमीन पर टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो के मद जमीन समतली करण कर एक मैदान बनाया गया है. जिसमें बच्चे खेलते कूदते है.

# धनबाद के डॉक्टर से मैंने नहीं मांगी है रंगदारी : प्रिंस

संवाददाता। धनबाद



**डॉक्टरों को धमकी दिए जाने के मामले में प्रिंस खान ने किया ऑडियो वायरल**

**मामले को बताया झूठा**

धनबाद के डॉक्टरों से रंगबाजी मांगे जाने के मामले में रविवार को वासेपुर का भगोड़ा गैंगस्टर प्रिंस खान ने सोशल मीडिया पर ऑडियो वायरल कर मामले को फर्जी बताया. प्रिंस ने ऑडियो में कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से पता चला कि उसके नाम पर जिले के 25 डॉक्टरों को रंगबाजी के लिए धमकी दी गई है. आगे कहा कि उसने एक दो डॉक्टर से रंगबाजी मांगी थी. वह भी जमीन के मैटर में. लेकिन अब सिर्फ मेरा नाम लेकर बदनाम किया जा रहा है. हम तो चिट्ठा में लिख ही चुके हैं कि हमें किस-किस चीज का पैसा चाहिए. डॉक्टर से हमें कोई मतलब नहीं है. आगे कहा कि सर्वमंगला नर्सिंग होम के डॉक्टर से रंगबाजी मांगे थे, वह भी इसलिए की उसने जमीन खरीदा था. आप लोग खुल के कारोबार करें और कोई भी नंबर जाता है तो उस पर ध्यान न दें. मेरा नंबर से मेरे वॉइस में फोन जाएगा. मेरा वॉइस और नंबर सब जनता हैं. हम डॉक्टर लोग को फोन नहीं करते हैं. आप लोग अपना काम आराम से करें.

### दो दिनों पहले विधायक राज सिन्हा के साथ सीएम से मिले थे डॉक्टर

...... बताते चलें कि धनबाद विधायक राज सिन्हा दो दिन पूर्व ही सीएम से मिले थे. उनके साथ आईएमए का प्रतिनधि मंडल भी था. बताया गया कि धनबाद के नौ डाक्टरों से प्रिंस खान के नाम पर रंगदारी मांगी जा रही है. इस रंगदारी से परेशान होकर आईएमए ने सीएम से गुहार लगाई है.

## मृत बच्चा देने पर परिजनों ने मातृ सदन में किया हंगामा

- बच्चा बदलने का आरोप, डीएनए जांच कराने की मांग

संवाददाता। झरिया

बच्चे की डिलीवरी कराने पहुंची महिला ने मातृ सदन हॉस्पिटल के संचालक व डॉक्टर के खिलाफ बच्चा बदलने का आरोप लगाया है. बताते चलें कि भौंरा थाना अंतर्गत पूर्णाडीह बस्ति निवासी गीता देवी को डिलीवरी के लिए 13 दिसंबर रात्रि 9:00 बजे मातृ सदन अस्पताल में उसके परिजनों ने भर्ती कराया था. वही 14 तारीख की 12 बजकर 12 मिनट में एक लड़का पैदा हुआ. आधे घंटे के बाद वहां हॉस्पिटल के नर्स द्वारा बच्चा को उसके परिजन को दिखाया गया. वहीं 36 घंटा के बाद अस्पताल के डॉक्टरों ने बच्चा को मृत घोषित करते हुए सूचना दिया कि आपका बच्चा डेथ कर गया है. यह बातें सुनकर गीता के सास पार्वती देवी ससुर महादेव ठाकुर अपने परिजनों के साथ हॉस्पिटल रविवार को शाम पहुंच हो हंगामा करने लगे. आरोप लगाया कि अस्पताल संचालक या डॉक्टर ने उनके बच्चों को बदलकर दूसरे का मृत बच्चा सौंप दिया.

जबकि उनका बच्चा जब डिलीवरी हुआ था तो पूरी तरह से स्वास्थ्य था. अगर बच्चे की तबीयत बिगड़ी तो सूचना क्यों नहीं दी गई. एकाएक 36 घंटे बाद मृत बच्चा अस्पताल द्वारा सुपुर्द किया जा रहा है. परिजनों ने बच्चे व उसकी मां गीता का डीएनए टेस्ट कराने की मांग की.

# बाइक चुराते कैमरे में कैद हुए चोर

संवाददाता। धनसार



गांधी नगर सीपीडीआई कालोनी निवासी मो. असरफ की जेएच10क्यू 4197 नंबर की बाइक उसके घर से शनिवार की देर रात चोरी हो गई. वहां आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में दो चोर बाइक चोरी करते कैद हो गए. इस संबंध में असरफ ने धनसार थाना पुलिस को सीसीटीवी फुटेज सौंपते हुए शिकायत की है. वहीं धनसार पुलिस मामले की छानबीन करने में जुट गई है. अशरफ का कहना है कि उसका भाई मो. शाकिर कुसुम बिहार आफिस से शनिवार की देर रात दो बजे मोटरसाइकिल से घर आया. वह मोटरसाइकिल लगाकर घर में सो गया. सुबह जब देखा कि उसका बाइक गायब है. सीसीटीवी में दो चोर उसका बाइक ले जाते सपष्ट दिख रहे हैं. असरफ इन दोनों चोर को नहीं पहचानने की बात कही.

## अमन हत्याकांड की छानबीन को एसआईटी गठित

- चेतन साव गोलीकांड में मोबाइल कॉल रिकार्ड खंगाल रही पुलिस

संवाददाता। धनबाद

बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में 11 दिसंबर की रात अमन साव की गोली मार कर हत्या और 13 दिसंबर की शाम 58 वर्ष के चेतन साव को गोली मार्केट गंभीर रूप से घायल कर देने के मामले में अपराधियों की धर पकड़ के लिए दोनों के मामलों अलग-अलग एसआईटी टीम का गठन किया गया है. जेसी मल्लिक रोड आदर्श नगर निवासी अमन कुमार उर्फ मोनू साव की बरवाअड्डा बड़ापिछरी गांव रोड में गोली मारकर हत्या करने के मामले अमन कुमार उर्फ मोनू साव के मामले में डीएसपी यातायात अरविंद कुमार सिंह के नेतृत्व में एसआईटी टीम गठन किया गया है. टीम में प्रदीप कुमार पुलिस अधीक्षक, पुअनि धनबाद अनिल कुमार शर्मा, प्रवीण कुमार प्रभारी तकनीकी शाखा, रविंद्र प्रसाद निरसा, सुनील कुमार रवि बरवाअड्डा थाना प्रभारी, वकार हुसैन थाना प्रभारी केन्दुआडीह, राजीव कुमार तकनीकी शाखा शामिल है. वहीं कुरमीडीह में 58 वर्षीय चेतन साव को गोली मारकर गंभीर रूप घायल करने के मामले में अपराधियों के गिरफ्तारी के लिए डीएसपी हेडक्वार्टर वन शंकर कामति के नेतृत्व में एसआईटी टीम गठित किया गया.

# शहर का बिरसा मुंडा पार्क पर्यटकों के लिए तैयार

रनजीत कुमार सिंह । धनबाद





क्रिसमस डे और न्यू ईयर के जश्न की तैयारी शुरू हो गई है. इस जश्न की आगवानी के लिए धनबाद शहर का बिरसा मुंडा पार्क भी तैयारियों में जुटा है. इस वर्ष पर्यटकों के लिए रांची की कंपनी के द्वारा फ्लॉवर पार्क लगाया गया है, जो आकर्षण का केंद्र बना है. फ्लॉवर पार्क में दिनभर की गतिविधियों के लिए 25 दिसंबर से तीन सौ रुपये का चार्ज लगना है. फ्लावर पार्क में आधा दर्जन से अधिक बेहद मनोरंजक साधन उपलब्ध होंगे. फ्लावर पार्क में फूलों की विभिन्न प्रजातियों को आकर्षक तरीके से प्रदर्शित किया गया है जो दर्शकों को आकर्षित कर रहा है. फ्लॉवर पार्क के अलावा बिरसा मुंडा पार्क में कई अन्य आकर्षण भी हैं, जिनमें सुंदर बगीचा, झूला, तारामाची , ब्रेक डांस आदि शामिल है. बिरसा मुंडा एकमात्र ऐसा पार्क है जो सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए एक आकर्षक स्थल है. यह पार्क धनबाद के लोगों के लिए प्रकृति के सानिध्य में समय बिताने का एक शानदार विकल्प है. फ्लॉवर पार्क जो बिरसा मुंडा पार्क में चार चांद लगा रहा है. यह पार्क लगभग 21 एकड़ भूमि पर फैला हुआ है.पार्क में लगे विभिन्न प्रजातियों के पौधे पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के साथ-साथ यहाँ आने वाले लोगों को प्रकृति से जुड़ने का भी मौका देते हैं. यहाँ कैंटीन में लोग स्वादिष्ट व्यंजन का आनंद भी ले सकते हैं.

**पार्क को दिया जाएगा मेला का रूप :** पार्क के मैनेजर निवास कुंभकार ने कहा 25 दिसम्बर से न्यू ईयर 15 जनवरी तक पार्क में मेला का रूप दिया जाएगा. जिसमें अतिरिक्त दुकान और बच्चों के लिए झूले भी लगाए जाएंगे. इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है. पार्क में प्रवेश के लिए 5 साल से ऊपर के प्रत्येक व्यक्ति को 25 रुपया का टिकट लेना होगा.

### 25 दिसंबर से बढ़ेगा रेट

फ्लावर पार्क रांची की कंपनी की है जो रांची शहर के अलावा धनबाद और देवघर में है. फ्लॉवर पार्क में फिलहाल प्रत्येक व्यक्ति प्रवेश शुल्क 150 रुपया है. लेकिन 25 दिसम्बर से इसे बढ़ाकर प्रत्येक व्यक्ति 300 रुपया कर दिया जाएगा.

### पार्क में होगी पुलिस की तैनाती

आम दिनों में पार्क में 700 से 800 पर्यटक पहुंचते हैं. वहीं शनिवार और रविवार को 1200 से 1500 पर्यटक पहुंचते हैं. 20 दिसम्बर से पूरी जनवरी प्रतिदिन 1200 से1500 पर्यटक और शनिवार रविवार को 2500 से 3000 तक पर्यटक पहुंचते हैं. वहीं 25 दिसम्बर को 5000 से 6000 और 1 जनवरी और पहला रविवार को 8 से 10 हजार पर्यटक पहुंचते हैं. उन्होंने कहा 15 दिसम्बर से 31 जनवरी तक अतिरिक्त 6 सफाईकर्मी भी प्रतिनियुक्त किये जायेंगे प्रतिदन के लिए. साथ ही 25 दिसम्बर से 15 जनवरी तक पुलिस प्रशासन की भी व्यवस्था रहेगी. इस दौरान उन्होंने यह भी कहा की पार्क में प्रतिदिन तीनों शिफ्ट निजी कंपनी के गार्ड के लिए धनबाद नगर आयुक्त से मांग की गई है. उन्होंने यह भी कहा इस बार बिरसा मुंडा पार्क में फ्लावर पार्क होने के कारण प्रत्येक वर्ष से दोगुना भीड़ होगी.

### फ्लॉवर पार्क बना आकर्षण का केंद्र



### मशीन से बॉलिंग पर करें बल्लेबाजी

सुबह 10 से रात 8 बजे तक फ्लावर पार्क खुला रहेगा. पार्क में सबसे खास है जीप लाइन, जो 26 फिट हाइट और 300 फिट लंबा है, इसके बाद नाइट लाइट पार्क, बर्ड पार्क, रोज कोर्स टावर वीआर गेम जॉन, फिश स्पा और क्रिकेट सिमुलेशन धनबाद के लिए बिलकुल नए हैं. क्रिकेट के शौकीन यहां मशीन के माध्यम से तेज गेंदों पर बल्लेबाजी का मजा ले सकते हैं. जबकि जीप लाइन पर पूरे पार्क के नजारे का लुत्फ 27 फीट उपर से ले सकते हैं. नाइट लाइट पार्क की रोशनी पर्यटकों को चौंका देगी. ऐसा दावा पार्क वाले कर रहे हैं.

### एटीएस ने तीन बदमाशों को हथियार के साथ पकड़ा

**रांची।** आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है. आरोपितों में बिहार के सिवान जिले के जिरादेई थाना क्षेत्र निवासी अभय कुमार मिश्रा उर्फ उर्फ मास्टर, रांची के पिठोरिया थाना क्षेत्र निवासी अब्दुल करीम और हजारीबाग के बड़का गांव निवासी प्रमोद कुमार साव शामिल हैं. इनके पास से दो पिस्टल, दो गोली और छह मोबाइल फोन बरामद किये गये हैं. एटीएस के एसपी ऋषभ झा ने रविवार को बताया कि पुलिस मुख्यालय ने राज्य में संगठित आपराधिक गिरोहों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई करने का निर्देश आतंकवाद निरोधी दस्ते को दिया है. इसी क्रम में रंगदारी के लिए जान मारने की धमकी के आरोप में दर्ज रातू थाना को डीजीपी के आदेश पर 12 दिसंबर को एटीएस थाना दर्ज किया गया. एसपी ने बताया कि इस मामले के अनुसंधान के क्रम में संदिग्ध अभय कुमार मिश्रा से पूछताछ की गई.

## बिराजपुर धान अधिप्राप्ति केन्द्र में लटका मिला ताला

### तय तिथि को शुरु नहीं हो पाई धान की खरीदारी

**संवाददाता। बरवाअड्डा**

झारखंड सरकार के दिशा निर्देश के बावजूद गोबिन्दपुर अंचल अंतर्गत बिराजपुर धान अधिप्राप्ति केन्द्र में निर्धारित तिथि में धान क्रय की शुरुआत नहीं की गई. रविवार को क्षेत्र के किसान धान अधिप्राप्ति केन्द्र पहुंचे तो देखा कि केंद्र में ताला लटका हुआ है. इस संबंध में किसानों ने पैक्स के मैनेजर सुव्रत सिंह चौधरी, अध्यक्ष उत्तम कुमार पांडेय, पंकज उर्फ पिंटू पांडेय से फोन से संपर्क करने पर बताया कि दो चार दिन बाद धान क्रय किया जाएगा. पैक्स में अभी गोदाम की साफ सफाई व रंग रोगन चल रहा है. इस संबंध में मैनेजर सुव्रत सिंह चौधरी ने कहा कि जिला प्रशासन से निर्देश प्राप्त हुआ था. क्रय केंद्र के लिए उद्घाटन के लिए सिंदरी विधायक चन्द्र देव उर्फ बबलू महतो से मिलने, उन्होंने 18 तारीख का समय दिया है. वहीं अध्यक्ष उत्तम कुमार से संपर्क करने पर बताया कि रविवार को धान क्रय करने का समय था. लेकिन किसी आवश्यक कार्य के लिए क्षेत्र से बाहर है. इस कारण धान क्रय की शुरुआत नहीं हो पाया है. बहुत जल्द धान क्रय की जायेगी. इस संबंध में केसियर पंकज कुमार उर्फ पिंटू पांडेय ने बताया कि शादी समारोह में भाग लेने आए. शादी समारोह से लौटने के बाद केन्द्र में धान क्रय की शुरुआत की जायेगी.

## श्री श्री राम महायज्ञ के सफल आयोजन को लेकर बनी रणनीति

**संवाददाता। बरोरा**



श्री श्री राम राज महायज्ञ के आयोजन को लेकर राम मंदिर चिटाही धाम मन्दिर परिसर में बाघमारा विधायक शत्रुध्न महतो के नेतृव में यज्ञ की विभिन्न कार्यक्रमो एवं तैयारियों को लेकर रामराज मंदिर प्रांगण में एक महत्वपूर्ण बैठक रखी गई. बैठक में नवनिर्वाचित विधायक शत्रुघन महतो ने यज्ञ की तिथियों समेत समस्त आयोजन से जुड़ी विभिन्न तैयारियों पर चर्चा की. बैठक में मंदिर समिति, क्षेत्र के गणमान्य लोग शामिल हुए. महायज्ञ का आयोजन 4 फरवरी से 12 फरवरी तक किया जाएगा. इस दौरान धार्मिक अनुष्ठानों, प्रवचन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन होगा. मौके पर विधायक शत्रुघन महतो ने कहा, श्री श्री राम महायज्ञ केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह समाज को एकजुट करने और संस्कृति को बढ़ावा देने का माध्यम है. इसे सफल बनाने के लिए सभी का योगदान जरूरी है. यज्ञ स्थल की सफाई, सुरक्षा, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए जाएंगे. बैठक में प्रशासनिक सहयोग, श्रद्धालुओं की भीड़ प्रबंधन और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई. स्थानीय जनता में महायज्ञ को लेकर उत्साह देखा जा रहा है. विधायक महतो ने आयोजन समिति को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि इस आयोजन से क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को मजबूती मिलेगी. बैठक का समापन सामूहिक सहयोग और महायज्ञ को भव्य और सफल बनाने की अपील के साथ किया गया. मौके पर बचु राय, राजू शर्मा, विजय शर्मा, सम्मी शर्मा ,अशोक मिश्रा,मदन साव, रणधीर झा ,सुरेश साव,युवा नेता संजय चौहान, पूर्व मुखिया संजय कुमार, बासुदेव गोप, संदीप गांधी ,सुभाष यादव,बिनोद चौहान, संतोष पेंटर,विवेक हजारी, धर्मेंद्र गुप्ता, सत्यनारायण पांडेय, अजय महतो, संतोष गोराई,उप मुखिया धनंजय चौहान, रंजीत महतो ,कंचन चौरसिया, उगा कुमारी, सुनीता देवी, गुड़िया देवी हजारों की संख्या में रामभक्त उपस्थित थे.

## ब्रीफ खबरें

### पिकअप वैन ने टोटो को मारी टक्कर, दो जख्मी

**मधुबन/बाघमारा।** बाघमारा थाना क्षेत्र के डुमरा सायरटोला के पास डुमरा- गोमो रोड़ पर सब्जी लदा बीआर01जीजे- 4904 नंबर पिकप वैन ने जेएच10सीआर 3967 नंबर की टोटो वैन को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी. जिससे टोटो चालक खरखरी निवासी अफजल खान एवं टोटो में सवार हरिना निवासी टीचर उमेश कुमार की पत्नी नेहा देवी गंभीर रूप से घायल हो गए. दोनों का प्राथमिक उपचार बीसीसीएल के डुमरा रीजनल अस्पताल में चिकित्सक ने किया. टोटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है. चालक को हाथ पैर एवं माथे पर गंभीर चोट लगी है.

### टुंडी में विकास की बहार आएगी : मथुरा महतो

**टुंडी।** टुंडी में विकास की बहार आएगी, पूरे टुंडी इलाके में जनता के अनुरूप विकास का काम होगा. उक्त बातें झारखंड सरकार के सचेतक सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने ग्रामीण कार्य विभाग डीएमएफटी योजना अंतर्गत 28 लाख रुपये टुंडी हटिया राजगढ़ रोड से दुर्गा मंदिर 0.550 किलोमीटर निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास करते हुए नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कही. उन्होंने कहा कि टुंडी इलाके में बहुत जल्द कई सरकारी स्कूलों भवन, चारदिवारी, शौचालय के अलावा पुल पुलिया निर्माण कार्य की आधारशिला रखी जाएगी. झारखंड सरकार जनता के मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है. वो दिन दूर नहीं जब टुंडी के गांव-गांव में विकास की लहर उठेगी.

### सास को गिरफ्तार करने की मांग

**टुंडी ।** सास को कुल्हाड़ी से वार कर घायल करने वाली मुख्य अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं होने से रोष है. पुलिस के वरीय अधिकारियों से लिखित शिकायत करते हुए न्याय की गुहार लगाई है. इस बात को लेकर टुंडी थाना क्षेत्र के आदि देवी ने टुंडी पुलिस के खिलाफ आवेदन देते हुए बोकारो प्रक्षेत्र पुलिस उपमहानिरीक्षक,व धनबाद पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है. आवेदन में कहा है कि 10-4-2024को किरण देवी ने उन पर जान मारने की नियत से कुल्हाड़ी से माथा पर वार किया, हमले से उनका हाथ का कट कर लटक गया, सहित कई गंभीर आरोप है, इस दौरान वह टुंडी थाना कांड संख्या 29/2024में अभियुक्त बनाया गया. लेकिन टुंडी पुलिस द्वारा मुख्य अभियुक्त किरण को टुंडी पुलिस गिरफ्तारी के बजाय संरक्षण दे रही है. उसकी तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है.

### युवक ने लगाई फांसी

**झरिया ।** जोरापोखर थाना क्षेत्र के नुनुडीह सात नंबर मोहल्ला निवासी महेंद्र पंडित के 25 वर्षीय मानसिक रूप से विक्षिप्त पुत्र सूरज पंडित ने रविवार को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली1 युवक अविवाहित था तथा तीन भाइयों में सबसे छोटा था. बताते हैं कि सूरज मानसिक रूप से विक्षिप्त था. उसकी इलाज कराई जा रही थी. इस दौरान वह मोहल्ला में लोगों के साथ तरह तरह के अव्यवहार करते रहता था, जिससे लोग परेशान थे. शुक्रवार को उसने मुहल्ले के एक लड़का के साथ अभद्रता से मारपीट करने लगा ,तभी उसके पिता और दोनो भाई विजय पंडित तथा चंदन पंडित ने सूरज की हरकतों से परेशान होकर उसको पकड़कर एक कमरा में बंद कर दिया. आज दोपहर में भाई चंदन जब खाना लेकर उसके कमरा में गया तो सूरज को दुपट्टे जैसी कपड़े से फांसी के फंदे में एक कुर्सी के सहारे छत से लटका पाया. इस दौरान निवर्तमान पार्षद जय कुमार ने पहुंचकर स्वजन को सहयोग करते हुए सांत्वना दिया.

**पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे को खंगाला**





## बाघमारा में ई-कार्ड डिलीवरी ऑफिस से दस लाख की चोरी

### झाड़ियों में मिला खाली लॉकर , जांच में जुटी पुलिस



**संवाददाता। बरोरा**

बाघमारा थाना क्षेत्र के हरिणा हीरक रोड श्री प्लाजा के समीप स्थित ई-कार्ड ऑनलाइन डिलीवरी कार्यालय का शटर का ताला तोड़कर लॉकर से लाखो रुपये पर हाथ साफ कर दिया. घटना शनिवार की देर रात की है. रविवार की सुबह जब कर्मी कार्यालय आए तब उनलोगों को घटना की जानकारी हुई. सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची. जांच के क्रम में पुलिस ने घटनास्थल से कुछ दूरी पर स्थित झाड़ी में खाली पड़े लॉकर को बरामद किया है. कार्यालय प्रभारी अर्जुन कुमार महतो के मुताबिक लॉकर में 9, 69,202 - नौ लाख उनहतर हजार दो सौ दो रुपये थे.



#### ऐसे दिया घटना को अंजाम

चोरों का दल ई-कार्ड डिलीवरी कार्यालय का शटर तोड़कर अंदर घुसा. रुपयों से भरे लॉकर को उखाड़ लिया .फिर उसमें से रखी राशि को निकालकर खाली लॉकर को झाड़ियों में फेंक दिया.

#### घटना सीसीटीवी कैमरे कैद

चोरों की यह करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. तहकीकात के क्रम में पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे को खंगाला, जिसमें चोरी की वारदात कैद है. पुलिस फूटेज के सहारे चोरी में शामिल अपराधियों तक पहुंचने की जुगत में जुट गई है. वहीं कार्यलय के मैनेजर अर्जुन महतो ने थाना में दी लिखित शिकायत देते हुए कहा कि शनिवार को शाम साढ़े पांच बजे ऑफिस बंद किया था. लॉकर में शुक्रवार और शनिवार का कलेक्शन रकम 9,69,202 रुपये थे. रविवार सुबह लगभग 7 :30 बजे ऑफिस आया तो शटर टूटा हुआ पाया. अंदर प्रवेश करने पर लॉकर गायब मिला. धनबाद से आये फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट धर्मनाथ सिंहव व सहदेव तुरी ने तिजोरी की व पानी के बोतल की बारीकी से जांच कर फिंगर प्रिंट के नमून एकत्र किए.

## रमेश दास इंटरप्राइजेज में छापेमारी 2 ट्रैक्टर समेत 150 टन कोयला जब्त

**संवाददाता। निरसा/निरसा बाजार**



निरसा थाना क्षेत्र के चापापुर बेनागड़िया रोड कांटावन जंगल स्थित रमेश दास इंटरप्राइजेज में शनिवार देर रात्रि एसओजी टीम एवं निरसा एसडीपीओ रजत मानिक बाखला के नेतृत्व में छापेमारी की गई. छापेमारी में दो ट्रैक्टर एवं डेढ़ सौ टन कोयला जब्त करने में टीम को सफलता हाथ लगी. फैक्टरी में उपस्थित लोग अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे. बताया जाता है कि जिस वक्त टीम फैक्टरी में छापेमारी करने पहुंची उस वक्त ट्रैक्टर से चोरी का कोयला अनलोड किया जा रहा था. पुलिस ने जब्त करीब डेढ़ सौ टन कोयला समेत दो ट्रेक्टरों को थाना ले आयी. एसडीपीओ रजत माणिक बाखला ने बताया कि फैक्टरी मालिक रमेश दास समेत संचालक विजय कुमार यादव व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज करने की प्रक्रिया की जा रही है. कोयला तस्करी में सम्मिलित किसी भी लोगों को बक्सा नहीं जाएगा. पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र के कोयला तस्करों के बीच हड़कंप मच गया है.

#### कौन है विजय यादव

कोयला तस्करी के खेल में विजय यादव उभरता नाम है. खाक पति से करोड़पति बन बैठा विजय यादव 10-15 वर्ष पूर्व एक कोयला कारोबारी का बॉडीगार्ड हुआ करता था. कुछ दिन उसके साथ रहने के कारण कोयला के वैध व अवैध कारोबार का सारा गुर सीख चुका था. पहले वह साइकिल और ट्रैक्टर से कोयला ढुलाई का काम करने लगा और देखते ही देखते कोयला तस्करों के सिंडिकेट का प्रमुख बन गया.

## बाघमारा विधायक ने 11 बच्चों को दी साइकिल

**संवाददाता। बरोरा**



रामराज मंदिर चीटाही धाम में रविवार को बाघमारा के नवनिर्वाचित विधायक शत्रुघ्न महतो के हाथों निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया. इससे पहले भी धनबाद सांसद ढुलू महतो द्वारा पाठशाला के 29 बच्चियों को साइकिल का वितरण किया गया था. अब तक पाठशाला के 40 बच्चियों को निःशुल्क साइकिल पाठशाला के संस्थापक देव कुमार वर्मा द्वारा दिया गया है. जिसकी कुल लागत लगभग 2 लाख रुपए है. सोमवार की सुबह रामराज चिटाही धाम के परिसर में पाठशाला के कार्य को सराहना करते हुए विधायक शत्रुघ्न महतो ने कहा की पाठशाला का कार्य पूरे क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ है. समाजिक कार्यो में एवं अन्य कार्यो में देव वर्मा की उपस्थिति सक्रिय रहती है.कोरोना काल जैसे महामारी में जहां पर सरकारी तंत्र फेल था वहां पर पाठशाला ने लाखों लोगों तक भोजन उपलब्ध कराया था एवं शारीरिक आर्थिक रूप से मदद कर नया कीर्तिमान स्थापित किया मौके पर वितरण में मुख्य रूप से बाघमारा की हजारों की संख्या में देवतुल्य जनता के अलावा पाठशाला के शिक्षक नीलकंठ महतो, सुनील सरकार, लक्ष्मण कुमार, खुशवंत देवा , किस्मत ऋषि, विनय सिंह आदि मौजूद रहे.

## ऑटो पार्ट्स दुकान का एस्बेस्टस सीट तोड़ कर चोरी



**संवाददाता। गोमो**

तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत गोमो तोपचांची रोड पर भुईया चितरो में एहसान ऑटो पार्ट्स दुकान में शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने दुकान का एस्बेस्टस सीट तोड़कर लगभग 50 हज़ार रुपये का ऑटो पार्टस का चोरी कर ली गई. दुकान संचालक एहसानुल ने बताया कि सुबह जब 9:00 दुकान खोलें दुकान का सामान बिखरा हुआ पड़ा था. दुकान का ऊपर एस्बेस्टस सीट टूटा हुआ था. चोरों ने एस्बेस्टस सेट तोड़कर दुकान में घुसा और कीमती पार्ट्स चोरी कर ले गई. तोपचांची थाना पुलिस को लिखित सूचना दी गई है, पुलिस पड़ताल में जुटी है.

## टाटा डीएवी जामाडोबा स्कूल में शिक्षक-अभिभावक सभा

**संवाददाता। झरिया**




टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा में 10 वीं और 12 वीं के अभिभावकों और शिक्षकों के बीच केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा में बच्चों के अच्छे परीक्षा परिणाम बेहतर कैसे हो , इस विषय पर एक सभा आयोजित की गई. कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा ने आगंतुक अभिभावकों का स्वागत किया. कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य ने आज तक विद्यालय द्वारा छात्रों के स्वर्णिम भविष्य के लिए किए गए प्रयासों की चर्चा की. बिना रुकावट अनवरत कक्षा, शून्य काल में आयोजित कक्षा, अतिरिक्त 1 बजे से 2 बजे तक चलने वाली कक्षा, सोमवार को होने वाली साप्ताहिक परीक्षा,शिक्षक द्वारा छात्रों के व्यक्तिगत शंका समाधान, सजाविहीन व्यवहार, प्यार और केयर तथा उच्च मूल्य आदि के विषय में विद्यालय द्वारा किए गए प्रयासों से अभिभावकों को अवगत कराया . उन्होंने आने वाले 16 दिसंबर से 20 जनवरी 2025 तक के लिए विद्यालय ने जो व्यवस्था बनाई है इसकी भी जानकारी अभिभावकों को दी .जिसमें आवश्यकता अनुरूप कक्षाओं का वर्गीकरण , अतिरिक्त कक्षा, बच्चों की उपस्थिति, तीन भागों में कक्षा की व्यवस्था आदि विषय की बात की गई. प्राचार्य ने यह भी कहा कि इसके लिए शिक्षक सह अभिभावकों का सहयोग अपेक्षित है.

## बाघमारा पोलो ग्राउंड में क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित

**संवाददाता। बरोरा**



बाघमारा पोलो ग्राउंड में ( टी _10 ) क्रिकेट टूर्नामेंट का का आयोजन रविवार को किया गया. जिसमे मुख्य अतिथि झारखंड लोंग टेनिस के पूर्व चैम्पियन कंचन सिंह के द्वारा पिच पर फीता काट कर किया गया. उद्घाटन के दिन खेले गए दो मैचों में प्रथम मैच में मुराईडीह 11 वर्सेस टाइगर क्लब बाघमारा के बीच हुआ. जिसमें मुराईडीह 11 के विजेता रही. जिसमें 40 वर्षीय मुराईडीह निवासी झंटू यादव को मैन ऑफ द मैच दिया गया. दूसरा मैच कमल क्लब वर्सेस बकासपुर क्लब के साथ हुआ, जिसमें कमल क्लब की ओर से 10 ओवर में 78 रन बना था रन का पीछा करते हुए बकासपुर क्लब की ओर से मिस्टर सोमेन शानदार बल्लेबाजी किया और बकसपुरा क्लब की टीम विजय हुई. मुख्य रूप से आयोजक समिति के सत्यनारायण पाण्डेय अध्यक्ष, विक्की लाल, संजय यादव, शिव शंकर, कंचन सिंह, गोपाल सिंह, नवीन चौहान, अशोक कुमार, सनी वर्मा, मनोज पांडे, आनंद शर्मा, अक्षय पांडे, विकी साहब, शिवम पांडे, अरुण बरनवाल, मुकेश डॉक्टर, अमजद, माखन सिंह, सुरेश झा उपस्थित थे.

## विहिप-बजरंग दल ने मनाई गीता जयंती

### बंग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ होगा विरोध प्रदर्शन




**संवाददाता। झरिया**

विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल के बैनर तले झरिया देशबंधु सिनेमा हॉल के समीप गीता जयंती का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय सदस्य जगन्नाथ शाही उपस्थित थे. कार्यक्रम में परिषद के सभी पदाधिकारियों को पुष्पगुक्ष्य और भगवा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया. इस दौरान विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने मुख्य अतिथि को तलवार भेंट किया. इस कार्यक्रम का मकसद हिंदुओं को एकजुट करना और गीता जयंती के प्रति हिंदू समाज जागरूक करना है . कार्यक्रम में कांग्रेस के कार्यकर्ता सुनील सिंह ने विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के झरिया नगर के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में सदस्यता ली है. विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने अंगवस्त्र और तलवार भेट कर उनका स्वागत किया गया.मीडिया से बात करते हुए मुख्य अतिथि जगन्नाथ शाही ने कहा कि आज के दिन हिंदुओं को एकजुटता का संकल्प लेने का दिन है. सभी हिंदू एकजुट होकर भारतवर्ष को महान बनाना है. विश्व हिंदू परिषद के जिला कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने कहा कि झरिया नगर में पहली बार विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा गीत जयंती मनाया गया है. झरिया के लिए आज का दिन गौरव का दिन है. सोमवार से बांग्लादेशियों में हिंदुओं के साथ हो रहे बर्बरता के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का विरोध प्रदर्शन शुरू होगा. बता दें कि गीता जयंती को श्रीमद भगवद गीता के जन्म के प्रतीक के रूप में भी देखा जाता है .क्योंकि इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने युद्ध भूमि में अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था. भगवत गीता हिंदू धर्म के प्रमुख ग्रंथों में में शामिल है.

## बीस सूत्री सदस्य कुलदीप बने बीबीएम स्मारक समिति के अध्यक्ष

**संवाददाता। महुदा**



रविवार को जमडीहा में स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो स्मारक समिति महुदा मोड़ की एक बैठक की गयी, जिसकी अध्यक्षता स्मारक समिति के संस्थापक संरक्षक सह पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो ने किया . बैठक में 18 दिसम्बर को बिनोद बाबु के पुण्यतिथि को आयोजित कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा किया गया और अन्त में निर्णय लिया गया की स्वर्गिय बिनोद बिहारी महतो के पुण्यतिथि पर 18 दिसम्बर को सुबह रवि महतो स्मारक उच्च विधालय महुदा के छात्र छात्राओं के द्वारा प्रभात फैरी निकाला जाएगा, जो दस बजे महुदा मोड़ स्थित स्मारक स्थल पर पहुँचेगें, तत्पश्चायत पुष्पाजंलि होगा. उसके बाद सभा की जाएगी. संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा . साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति का पुर्नगठन किया गया, जिसके लिए संस्थापक संरक्षक सह पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो मे बीस सूत्री सदस्य सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कुलदीप ठाकुर का नाम अध्यक्ष पद के लिए प्रस्ताव किया. जिसे उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया तथा श्री ठाकुर को समिति का विस्तार के लिए अधिकृत किया गया.

मौके पर डॉक्टर उमेश कुमार महतो, अधिवक्ता सुकदेव महतो, क्रान्तिकारी प्रदीप कुमार महतो, गंगाधर महतो, शिवाकर महतो, पूर्व मुखिया छोटेलाल महतो, व चक्रधारी महतो, दिनानाथ केवट उर्फ गाँधी, मनीन्द्र नाथ दुबे, भवेश कुमार दुबे, महाबीर महतो, महरू गोप, शरीफ अन्सारी, तरूण कुमार महतो, साहित अन्य मौजूद थे .

## ब्रीफ खबरें

### तालाब से मिला वृद्ध महिला का शव

**साहिबगंज।** रविवार को बरहेट थाना क्षेत्र अंतर्गत फुलभंगा पंचायत अंतर्गत भादुडीह गांव के एक तालाब से एक बुजुर्ग महिला का शव पुलिस ने बरामद किया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार अहले सुबह ग्रामीणों ने गांव की ही बुजुर्ग महिला मरांगमय किस्कू उम्र 55 का शव तालाब में फेंका हुआ देखा. इसकी सूचना ग्रामीणों ने बरहेट थाना पुलिस को दिया. सूचना मिलते ही बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे एवं शव को कब्जे में लिया. ग्रामीणों के अनुसार उक्त महिला का सिर्फ तीन बेटी है, जो अलग जगह शादी हुआ है. पति के कुछ दिन पहले ही देहांत हो गया था, फिलहाल घर में अकेले रह रही थी.

### नगर विकास मंत्री से शिक्षक संघ के सदस्यों ने की मुलाकात

**गिरिडीह।** झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड एम्पलाइज फेडरेशन गिरिडीह जिला इकाई का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष मुन्ना प्रसाद कुशवाहा की अगुवाई में सदर विधायक सह मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से मुलाकात किया. शिक्षकों ने उन्हें उनकी जीत के साथ-साथ झारखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर शॉल, बुके और माला पहना कर स्वागत किया. बाद में अध्यक्ष मुन्ना कुशवाहा ने कहा कि झारखंड की पिछली सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन चाइल्ड केयर लीव हेल्थ इंश्योरेंस जैसे कई सौगात देने का काम किया था.

### स्नेह स्मृति न्यास ने समाज सेविका को किया सम्मानित

**बोकारो।** स्नेह स्मृति न्यास के तत्वावधान के अंतर्गत रविवार को सुविख्यात समाज सेविका डाक्टर मीनाक्षी मुंडा को सम्मानित किया. उन्होंने समाज के प्रति समर्पित न्यास को अपनी हार्दिक बधाइयां दी. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम की सफलता हेतु बधाई देते हुए कहा कि बेटियों का सम्मान ईश्वर के सम्मान से पहले होता है और स्नेह स्मृति न्यास के सदस्यों ने डाक्टर मीनाक्षी मुंडा का चयन कर पूरी समाज के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत किया है. स्नेह स्मृति न्यास के सलाहकार महादेव टोप्पो ने मीनाक्षी मुंडा को बधाई देते हुए कहा कि वे झारखंड की आदिवासी औरतों के हक के लिए दिन-रात संघर्षरत हैं और उनके इन्हीं गुणों के कारण आज स्नेह स्मृति न्यास ने उनको सम्मानित करने का फैसला किया.

### हैप्पी स्ट्रीट कार्यक्रम में बॉक्सा ने मचाया धमाल

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम हैप्पी स्ट्रीट में बोकारो ओल्ड जेवेरियन एसोसिएशन (बॉक्सा) ने धमाल मचाया. इस अवसर पर बॉक्सा ने संगीत, नाट्य और डॉस का आयोजन कर समां बंधा. चंद्रीमा रे ने नए-पुराने गाने गाकर माहौल को संगीतमय बनाया. नए पुराने गानों के धून पर सभी बॉक्सन झुमते रहे और पूरे आयोजन का लुफ्त उठाया.

### वन पर्यावरण सुरक्षा समिति की बैठक

**कसमार (बोकारो)।** वन पर्यावरण सुरक्षा समिति की कसमार व जरीडीह प्रखंड स्तरीय संयुक्त बैठक रविवार को कसमार प्रखंड के खैराचातर स्थित वन परिसर कार्यालय के प्रांगण में आयोजित हुई. बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो एवं संचालन आनंद महतो ने किया. बैठक में वनों की सुरक्षा, जंगली हाथियों के उत्पात व समिति का सम्मेलन आयोजित करने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई.

## सिंहपुर व हिसिम में मंत्री योगेंद्र ने किया धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन, कहा-

# किसानों से धान खरीदते बिचौलिए पकड़े गए तो होगी कार्रवाई

**संवाददाता। कसमार (बोकारो)**



कसमार प्रखंड के सिंहपुर व हिसिम स्थित पैक्स में रविवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ किया गया. पेयजल एवं स्वच्छता एवं उत्पाद व मद् निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने इस केंद्र का शुभारंभ करते हुए किसानों से पैक्स के माध्यम से ही धान बेचने की अपील की. इस दौरान मंत्री ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि बिचौलियों के पास अपनी धान औने-पौने दामों में नहीं बेचे. उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को प्रति क्विंटल 2400 रुपये के सरकारी समर्थन मूल्य का लाभ दे रही है. मंत्री ने कहा कि किसान अपना धान बिचौलियों के माध्यम से और खुले बाजार में न्यूनतम मूल्य पर या औने-पौने दाम पर धान की बिक्री नहीं कर धान अधिप्राप्ति केंद्र में ही बेचें एवं योजना का लाभ लें. उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कहीं भी कोई बिचौलिया किसानों से धान खरीदते एवं अवैध स्टॉक जमा करते नजर आए तो उस पर कठोर कार्रवाई की जाएगी. मौके पर प्रखंड प्रमुख नियोति दे, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खलको, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेम्ब्रम, प्रखंड विकास पदाधिकारी नम्रता जोशी, सीओ प्रवीण कुमार, थाना प्रभारी भजनलाल महतो, पूर्व जिप सदस्य विमल जायसवाल, सिंहपुर पंसस विनोद महतो रसलीन, शेरे आलम, कुलदीप करमाली, सिंहपुर पैक्स प्रबंधक भरत किशोर साव, पैक्स अध्यक्ष देवेंद्र साव, मनबोध घांसी, बैजनाथ महतो, अशरफ अली, शुभम झा, राकेश साव, मिथिलेश जायसवाल, छत्रु महतो, संजय महतो व अन्य ग्रामीण मौजूद थे.

### डीएसओ गुलाम सामदानी ने धान अधिप्राप्ति केंद्र का किया शुभारंभ

**गांडेय (गिरिडीह)।** गांडेय प्रखंड के बुद्धूडीह में रविवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन विधिवत संयुक्त रूप से डीएसओ गुलाम समदानी जिला सहकारिता पदाधिकारी अश्वनी कुमार ओझा, प्रमुख राजकुमार पाठक, मुखिया नवीन वर्मा, जेएमएम जिला सचिव महालाल सोरेन, मुफ्ती सईद, प्रखंड सचिव भैरो वर्मा, पैक्स अध्यक्ष अनिल टुडू, राजेश वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर शुरुआत की गई. इस दौरान मुख्य अतिथि डीएसओ गुलाम सामदानी ने किसानों को प्रोत्साहित किया गया. कहा कि गिरिडीह जिले में कुल 45 धान अधिप्राप्ति केंद्र बनाए गए हैं. जिसके तहत गांडेय प्रखंड में चार केंद्र खोले गए हैं. जहां पर किसान अपने धान को सरकारी मूल्य पर बेच सकते हैं. धान के मूल्य प्रति क्विंटल दो हजार तीन सौ रुपया निर्धारित की गई है. किसानों को प्रति क्विंटल एक सौ रुपए सब्सिडी दी जाएगी.

### खरसान पैक्स में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड अंतर्गत खरसान में रविवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन उप मुखिया चीना देवी ने विधिवत फीता काटकर की. उन्होंने कहा कि केंद्र खुलने से क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत मिलेगी. उन्होंने किसानों को बिचौलिए से बचने और धान अधिप्राप्ति केंद्र में ही धान बेचने की अपील की है. बताते चलें कि खरीफ विपणन 2024-25 के तहत रविवार से केंद्रों पर धान अधिप्राप्ति का कार्य शुरू हुआ है. जहां किसानों को प्रति क्विंटल के हिसाब से 2400 रुपये का भुगतान किया जाएगा.

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पिता-पुत्र घायल

**कथारा।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र अंतर्गत जारंगडीह टाटा ब्लॉक के समीप फुसरो-गोमिया मुख्य मार्ग पर रविवार को अज्ञात चार चक्का वाहन की चपेट में आने से बाईक सवार घायल हो गया. बाईक पर सवार पिता पुत्र चोटिल हो गया. पिता रामचन्द्र रविदास के पैर में काफी गम्भीर चोट आई है. वहीं पुत्र को भी चेहरे पर चोट लगी है. दुर्घटना होते ही राहगीर सहित आसपास के लोग जुटे और घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सीसीएल कथारा क्षेत्रीय अस्पताल भेजा. जहां डॉ बीके झा ने प्राथमिक उपचार के बाद ढोरी रेफर कर दिया. दुर्घटनाग्रस्त घायल व्यक्ति बाईक संख्या जेएच 09एजे 8722 पर सवार था. वहीं सड़क से गुजर रहे बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह भी घटना की जानकारी मिलते ही घायल व्यक्ति की सुधि लेते दिखे और मदद पर जुटे लोगों को अस्वस्थ किया कि कहीं भी दिक्कत होगी तो जरूर बतायें.

# गिरिडीह से 4 साईबर अपराधी गिरफ्तार

## सात मोबाइल, नौ सिम कार्ड और बाइक बरामद




**संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रविवार को चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है. इस संबंध में एसपी डॉक्टर विमल कुमार ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि जिले के ताराटांड़ थाना इलाके के गिरिडीह धनबाद रोड स्थित उसरी नदी के समीप चार अपराधी एक बाइक के साथ खड़े है. इसी सूचना पर डीएसपी ने पुलिस जवानों के साथ छापेमारी कर चार अपराधियों को दबोचा. चारों अपराधी जिले के अहिल्यापुर थाना इलाके के पहरमा गांव निवासी विकास मंडल, परहेता गांव निवासी संदीप राय, पहरमा गांव निवासी सुधीर पंडित और अजय राय शामिल हैं. पुलिस ने चारों आरोपितों के पास से 7 मोबाइल, नौ सिम कार्ड और एक बाइक भी बरामद किया है. बरामद बाइक का मालिक खुद विकास मंडल है. एसपी ने बताया कि चारों अपराधी बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी बनकर अकाउंट होल्डर को काल करते थे और केवाइसी अपडेट करने के नाम पर लिंक भेज कर उनके अकाउंट की जानकारी लेने के बाद ठगी किया करते थे. एसपी ने बताया कि इसके अलावा अपराधी गर्भवती महिलाओं को भी कॉल करते थे और मातृत्व योजना का लाभ दिलाने के नाम पर उन्हें भी हजारों का चूना लगाते थे. बताया कि चारों में विकास मंडल बेहद शातिर हैं और इसी तरह से ठग कर अब तक लाखों रुपए की संपति का मालिक बन चुका है.

### रोटरी प्ले स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न

**बोकारो।** रोटरी प्ले स्कूल, सेक्टर 4 में आज सालाना वार्षिक उत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ संपन्न हुआ. कार्यक्रम की शुरुआत में रोटरी प्ले ग्रुप की चेयरपर्सन पूनम त्रेहान ने आगंतुकों को संबोधित करते हुए विशिष्टजनों और स्कूल के छोटे बच्चों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया. बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं. जिनमें नृत्य, गायन और नाट्य कला का समावेश था. उनकी मासूमियत और रचनात्मकता ने सभी का मन मोह लिया. प्रधानाध्यापिका मानसी सहाना और उप प्रधानाध्यापिका एनी सीमा गिरी ने क्रमशः अपने संबोधन में कहा कि रोटरी प्ले स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है. यह कार्यक्रम न केवल उनकी प्रतिभा को सामने लाने का मंच है, बल्कि उनके शिक्षकों और अभिभावकों के प्रयासों को सराहने का अवसर भी है. कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षकों और सहयोगी कर्मचारियों के योगदान को भी सराहा गया. रोटरी क्लब के सदस्यों ने रोटरी प्ले ग्रुप स्कूल की पूरी टीम के समर्पण और मेहनत की सराहना की. इस अवसर पर बड़ी संख्या में रोटरी क्लब के सदस्य, अभिभावक और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे. अंत में बच्चों को अल्पाहार के साथ साथ विभिन्न प्रकार के उपहार इत्यादि देकर और धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ. रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी बच्चों और समाज के विकास के लिए इस प्रकार की गतिविधियों को निरंतर प्रोत्साहित करता रहेगा.

# निमियाघाट पुलिस ने अवैध कोयला लदे छह वाहन पकड़े

- करीब 200 टन अवैध कोयला जब्त

**संवाददाता। डुमरी (गिरिडीह)**



निमियांघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत असुरबांध समीप बीती रात अवैध कोयला लदे 3 बारह चक्का ट्रक एवं 3 पिक-अप वैन को कुछ युवाओं ने पकड़ कर पुलिस को सुपुर्द कर दिया. हालांकि पुलिस उक्त वाहनों को जांच के क्रम में घुटवाली से पकड़ने की बात कह रही है. उक्त ट्रकों में लगभग 200 टन अवैध कोयला लदा है. खबर प्रेषण तक पुलिस प्राथमिकी की कागजी प्रक्रिया पूरी करने में जुटी थी.

बताया जाता है कि 14 दिसंबर की रात आसपास के ग्रामीणों को गुरूटांड़ के जंगल में अवैध कोयला डीपू संचालन की जानकारी मिली, जहां पहुंचने पर उन्होंने देखा कि तीन ट्रक और तीन पिक-अप वैन में कोयला लोड किया जा रहा है. जिसकी सूचना पुलिस को दी गई. सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर 6 वाहनों सहित कोयला को जब्त कर लिया, जिसे रविवार को थाना लाया जा रहा था. सूत्रों के अनुसार गुरूटांड़ जंगल में बीते नवंबर माह से ही अवैध कोयले का भंडारण कर उसे मंडी में भेजा जाता था. जिसमें अंसारी खान एवं एक चौधरी बंधु के शामिल होने की बात कही जा रही है. वहीं जंगल में करीब 400 टन अवैध कोयला था, जिसे आनन फानन में हटवा दिया गया था. जबकि सूत्रों का कहना है कि ट्रक पकड़े जाने के पहले 6-7 ट्रक अवैध कोयला लोड कर मंडी की ओर निकल गया था, अन्यथा और कोयला जब्त होता. वहीं जानकारों का कहना है कि इस अवैध धंधे में शामिल लोग सिर्फ कोयला इकट्ठा कराते हैं. जबकि स्थल से कोयला ले जाना मंडी वालों के जिम्मे रहता है. इधर भारी मात्रा में कोयला पकड़े जाने के बाद एक बार फिर क्षेत्र से अवैध कोयला का कारोबार प्रारम्भ हो जाने की बात सामने आ रही है. वहीं कोयला धंधे में शामिल लोग केस हल्का करने के लिए भागदौड़ शुरू कर दिया था. एसडीपीओ सुमित प्रसाद ने 3 ट्रक और 3 पिक अप वैन कोयला पकड़ने की पुष्टि की है.

## एसपी ने की अपराध नियंत्रण गोष्ठी

**संवाददाता। साहिबगंज**

जैप-09 परिसर स्थित सभागार में रविवार को पुलिस विभाग की अपराध नियंत्रण गोष्ठी हुई. अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने की. उन्होंने बढ़ती ठंड सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाने व अपराध नियंत्रण संबंधी टिप्स दिए. उन्होंने असमाजिक तत्वों को चिन्हित करने, शांति व सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाने, मोटरसाइकिल की चोरी व घरों में चोरी पर रोक लगाने, रात्रि गश्ती पर विशेष फ़ोकस करने, गश्ती के दौरान संदिग्ध लोगों की जांच करने, चौक, चैराहों व सन्नाटों में बेवजह खड़े लोगों व बाजारों में मटरगस्ती करने वालों से सख्ती से निपटने, हर गली- मोहल्लों में पेट्रोलिंग करने, चोरी की घटना में पूर्व में संलिप्त रहे लोगों का डाटा तैयार कर उस पर नजर बनाए रखने, थाना में लंबित कांडों का जल्द से जल्द अनुसंधान कर निष्पादन करने, लाल वारंटियों को गिरफ्तार करने, सुचारू रूप से वाहन जांच अभियान चलाने, अवैध लॉटरी, शराब, जुआ के अड्डे व गांजे जैसे अवैध कारोबार पर नकेल कसने का निर्देश दिया.

### पंचायती के दौरान धारदार हथियार से हमला, 5 जख्मी

**साहिबगंज।** उधवा प्रखंड राधानगर थाना क्षेत्र के जंगलपाड़ा गांव में रविवार को पंचायती के दौरान दो पक्ष आपस में भिड़ गए. बताया जाता है कि दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुआ. घटना में दोनों पक्षों से पांच लोग घायल हो गए. मारपीट की घटना में एक पक्ष के अली हुसैन उम्र 60 व एंताज शेख उम्र 70 जबकि दूसरे पक्ष के रैसुद्दीन शेख उम्र 40, ऐसुद्दीन शेख उम्र 35 गंभीर रूप से जख्मी हो गए. घटना में एक विचारक रसीद शेख अमानत पंचायत का आंशिक रूप से घायल होने की सूचना मिली है. घटना की सूचना मिलते ही राधानगर थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय के निर्देश पर राधानगर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मोर्चा संभाला. पुलिस के द्वारा भीड़ को नियंत्रित किया गया व सभी घायलों को इलाज के लिए राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया. साथ ही घटना स्थल से धारदार हथियार की भी बरामदगी की गई.

## गोड्डा में 15 धान प्राप्ति केन्द्रों का शुभारंभ

- यशोधावला पैक्स का मंत्री ने किया उद्घाटन

**संवाददाता। गोड्डा**



गोड्डा जिला अन्तर्गत चयनित कुल पंद्रह धान प्राप्ति केंद्रों का रविवार को शुभारंभ किया गया. जिले के मेहरमा प्रखंड अंतर्गत यशोधावला पैक्स में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने केंद्र का विधिवत फीता काटकर धान क्रय केंद्र का उद्घाटन किया. इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती सिंह ने कहा कि इस योजना के तहत राज्य सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 2300 रुपये प्रति क्विंटल और अतिरिक्त बोनस 100 रुपये प्रति क्विंटल कुल 2400 रुपये प्रति क्विंटल की दर तय किया है. यह कदम सुनिश्चित करेगा कि राज्य के किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य मिले, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो और वे आर्थिक रूप से सशक्त बनें. मंत्री ने सभी किसानों से अपील किया कि वे अपने धान की बिक्री केवल सरकार द्वारा संचालित लैम्पस केंद्रों के माध्यम से करें, ताकि वे इस योजना का पूर्ण लाभ उठा सकें. उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार किसानों की मेहनत का सम्मान करते हुए उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है. कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर धान प्राप्ति केन्द्रों में जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी. जिसमें उप विकास आयुक्त गोड्डा, अपर समाहर्ता प्रेमलता टुडू, अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा बैद्यनाथ उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी महगामा आलोक वरण केसरी, जिला नजारत उप समाहर्ता श्रवण राम, उप निर्वाचन पदाधिकारी पंकज कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी अभय कुमार झा, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी मेहरमा एवं बोआरीजोर, अंचल अधिकारी बोआरीजोर द्वारा संबंधित केंद्र में धान प्राप्ति कार्यों का जायजा लिया.

### टोटो पलटने से तीन साल की मासूम बच्ची की मौत

**गिरिडीह।** गिरिडीह-जमुआ रोड में पचंबा थाना के परसाटांड में रविवार की सुबह ई रिक्शा के पलटने से तीन साल की मासूम बच्ची की मौके पर हो दर्दनाक मौत हो गई. हादसे के बाद तीन साल की बच्ची खुशी को सदर अस्पताल लाया गया. जहां चिकित्सक ने मृत्य घोषित कर दिया. हादसे के वक्त बच्ची पिता प्रभात दास के गोद में थी. जानकारी के अनुसार पचंबा थाना इलाके के तिवारीडीह गांव निवासी प्रभात दास अपने परिवार के साथ ई रिक्शा से जमुआ जा रहे थे. जमुआ जाने के क्रम में ही परसाटांड में ई रिक्शा चालक का संतुलन बिगड़ा, ई रिक्शा चालक एक हाथ से टोटो चला रहा था और टोटो की गति काफी तेज थी.

### तनजीम अनवारुल इस्लाम कमिटी का पुर्नगठन

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड अंतर्गत माल्डा मदरसा में रविवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों की बैठक हाजी डॉ सरफराज अहमद की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में तनजीम अनवारुल इस्लाम कमेटी का पुनर्गठन किया गया. जिसमें सरप्रस्त मो इसरार अहमद उर्फ गुलाब बाबू सदर डॉ सरफराज अहमद, सेकेट्री इमरान अंसारी, नायब सदर मो जिब्राइल, नायब सेकेट्री मो इशरत साहब, कोषाध्यक्ष मो मेराज उद्दीन, ऑडिटर मो जमाल उद्दीन, नायब ऑडिटर मो शमशीर आलम तथा निगरा कमिटी के सदर मो मेराज साहब व सेक्रेटरी अब्दुल वहाब खान का चयन किया गया.

### पर्यावरण संरक्षण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता

**बोकारो।** पर्यावरण संरक्षण गतिविधि बोकारो महानगर की ओर से महर्षि अरविंद नगर रेलवे कॉलोनी में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें प्रतिभागी बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का प्रस्तुतीकरण देते हुए पर्यावरण को संरक्षित रखने का संकल्प लिया. यह प्रतियोगिता तीन वर्गों में आयोजित हुई. जिसमें कक्षा नर्सरी से नवमी तक के प्रतिभागी रहें. इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार, द्वितीय पुरस्कार एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में पुरस्कृत कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एआरएम विनीत कुमार शामिल हुए.

# प्रखंड मुख्यालय में मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर

## स्वास्थ्य, कृषि, बाल विकास परियोजना, मनरेगा, सहकारिता समेत अन्य के लगे स्टॉल

**संवाददाता। धनवार (गिरिडीह)**



झालसा रांची के निर्देशानुसार मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन रविवार को धनवार प्रखंड कार्यालय में आयोजित किया गया. कार्यक्रम की शुरूआत द्वीप प्रज्वलित कर किया गया. इस शिविर में स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास परियोजना, मनरेगा, सहकारिता, किशोरी, सामाजिक सुरक्षा विभाग, सावित्री बाई फुले, कल्याण विभाग आदि स्टॉल लगाए गए थे. वहीं कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत वाहन उपलब्ध कराना, सामाजिक सुरक्षा के तहत चालीस मंईयां सम्मान योजना के तहत लाभ, एक विधवा पेंशन, दस वृद्धा पेंशन का लाभ दिया गया. बाल विकास परियोजना के द्वारा व्हील चेयर, वाद्य यंत्र, गर्भवती महिला का गोद भराई किया गया. वहीं एक पीड़ित महिला रेखा देवी द्वारा अपने पति के खिलाफ झालसा गिरिडीह के एसडीजीएम मीनाक्षी वर्मा को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है. इस बाबत एसडीजीएम श्री वर्मा ने बताया कि धनवार प्रखंड कार्यालय में झालसा के निर्देशानुसार मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर में वैसे लोग जो दूरस्थ एरिया क्षेत्र से हैं और वो न्यायालय तक नहीं आ पाते हैं, वैसे लोगों को जल्दी से जल्दी, कम समय और कम खर्च में उसकी सहायता कर सके. लोगों को इसका लाभ मिले, इसलिए इस शिविर का आयोजन किया गया है. ऐसे लोग जो पैसे के अभाव में न्याय से वंचित रह जाते हैं वैसे लोगों को सरकारी वकील उपलब्ध कराकर न्याय मिले. मौके पर धनवार वीडियो देवेन्द्र कुंअर दास, सीओ गुलजार अंजुम, डॉ सुरेश बर्णवाल, उप प्रमुख असगर अंसारी, बीपीओ प्रदीप कुमार, बाल विकास के उमेश प्रसाद कुशवाहा, मनोज पांडेय, मनोज साव, कृषि पदाधिकारी सुनील कुमार, रामलखन मिस्त्री, सीआई धनंजय कुमार, विकास कुमार वर्मा, राकेश कुमार, प्रवीण कुमार, पीएलभी रविंफ कुमार, सुरेश कुमार यादव, नंदलाल महतो, लालजीत पासवान, महिला पर्यवेक्षिका, आंगनबाड़ी सेविका, जेएसपीएल आदि दर्जनों लोग मौजूद थे.

### मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर में दी कानून की जानकारी

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड सभागार में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में एलएडीसी रविकांत शर्मा उपस्थित थे. एलएडीसी रविकांत शर्मा ने शिविर में उपस्थित लोगों को कानूनी जानकारी दी. कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास परियोजना, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, अंचल विभाग, पशुपालन विभाग, मनरेगा की ओर से स्टॉल लगाए गए थे. एलएडीसी के साथ-साथ बीडीओ महेंद्र रविदास, एमओ प्रदीप राम, बीपीआरओ संजय कुमार जैसे अधिकारियों ने स्टॉल का जायजा लिया. इस दौरान एलएडीसी की ओर से कानूनी जानकारी दी गई. वहीं, अधिकारियों की ओर से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई.

### 6 सूत्री मांगों को लेकर युवा क्रांति मजदूर संघ ने की बैठक

**तलगड़िया।** बिजुलिया हटिया मैदान में रविवार को युवा क्रांति मजदूर संघ इलेक्ट्रो स्टील वेदांता की बैठक पंचायत समिति सदस्य मो० रफीक आलम अंसारी की अध्यक्षता में हुई व संचालन मजदूर संजय कुंभकार ने किया. बैठक में 6 सूत्री मांगों को लेकर विचार विमर्श किया गया तथा कंपनी को मांग पत्र सौपने के बाद आंदोलन की तैयारी में जुटेगें. कंपनी प्रबंधन ठेका मजदूर को समान काम तथा समान वेतन (सीएलसी) लागू करे, झारखंड सरकार द्वारा पारित अद्योगिक क्षेत्र में 28 नवबर 24 से मजदूरों की दर को लागू करें. लंबित पड़े जमीन दाता परिवार के आश्रित गृभांस के आधार पर की गई स्वीकृति को 15 दिनों के अंदर लागू करे. पूर्व में बहाल किये गये रैयत मजदूरों को मां विध्यांवासिणी कंपनी द्वारा वेतन लागू किया गया, उसे अविलंब पलांट में सभी रैयत मजदूरों को लागू किया जाय. सभी मजदूरों को नाईट एलाउंस लागू किया जाय. पलांट में पूर्व में कार्यरत मजदूरों को हटाये गये को पुनः बहाल किया जाय.

### मुखिया ने पंचायत के बच्चों के साथ मनाई पिकनिक

**कसमार (बोकारो)।** कसमार प्रखंड के मंजूरा पंचायत के मुखिया ममता कुमारी एवं पूर्व मुखिया नरेश महतो ने रविवार को पंचायत क्षेत्र के छोटे-छोटे बच्चों के साथ पिकनिक कर खुशियां बांटी. इस दौरान मंजुरा, सोखाडीह, गौरेयाडीह समेत अन्य कई टोले से पहुंचे बच्चों ने जमकर पिकनिक की मस्ती की. इस अवसर पर मुखिया ममता कुमारी ने बताया कि बच्चे भगवान के साक्षात रूप हैं. इसलिए पूस माह की शुरुआत से पूर्व बच्चों के साथ पुषालु मनाकर उन्हें नए वर्ष की अग्रिम बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

### प्रतापपुर पैक्स में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन

**जमुआ (गिरिडीह)।** जमुआ प्रखंड के प्रतापपुर प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति लिमिटेड के तहत रविवार को प्रतापपुर पंचायत के मुखिया नेमिया देवी एवं प्रखड़ सहकारिता पदाधिकारी मदन मोहन कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर विधिवत धान क्रय केंद्र का उद्घाटन किया. इस मौके पर पैक्स प्रबंधक रमेश कुमार, पैक्स अध्यक्ष देवकी यादव, पंसस अब्दुल गफुर अंसारी, पूर्व मुखिया सुखदेव प्रसाद यादव, कार्यकारिणी सदस्य मो० ताहीर हुसैन, राजकुमार यादव समेत दर्जनों लोग मौजूद थे.

### बिस्को के स्थापना दिवस पर पौधरोपण

**बोकारो।** प्रत्येक वर्ष बैंक इंश्योरेंस स्पोर्ट्स एंड कल्चर ऑर्गेनाइजेशन (बिस्को), चास-बोकारो अपने स्थापना दिवस 20 नवंबर से एक माह तक विभिन्न कार्यक्रमों को करते हुए बिस्को माह के रूप में मानती है. इसी कड़ी में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को सरस्वती विद्या मंदिर 3सी के परिसर में 'वृक्ष धरा का जीवन है' नारे के साथ पौधरोपण किया गया. इस बार पौधरोपण में अधिक ऑक्सीजन उत्सर्जन वाले पौधे को ही लगाया गया. इस अवसर पर विश्व को कार्यकारी अध्यक्ष एसएन दास ने पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्षों के लगातार काटे जाने से दुनियां के सामने आज भयावह स्थिति उत्पन्न हो गई है. इसलिए पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने के साथ ही अपने स्वयं के जीवन की रक्षा के लिए वृक्ष लगाना अत्यंत ही आवश्यक है.

## ब्रीफ खबरें

### इंटक नेता पर जानलेवा हमला मामले का आरोपी गिरफ्तार

**झरिया।** भौंरा ओपी पुलिस ने भौंरा के इंटक नेता कालीचरण यादव पर हुए जानलेवा हमला मामले में आरोपी मोहन यादव को रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. घटना के बाद से वह फरार चल रहा था. बताया जाता है कि भौंरा ओपी प्रभारी रंजीत राम को आज गुप्त सूचना मिली की आरोपी अपने घर आया है. इसके बाद भौंरा ओपी प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया. बताते चले कि इंटक नेता कालीचरण यादव 4 जून को भौंरा न्यू क्वार्टर स्थित हनुमान मंदिर में पूजा करने गये थे. तभी पहले से घात लगाये कुछ लोगों ने लाठी डंडे से जानलेवा हमला कर दिया था. जिसमें यादव गंभीर रूप से घायल हो गये थे.

### पानी को लेकर दो पक्षों में मारपीट से तनाव

**झरिया।** पानी के सवाल पर लोदना खटाल पट्टी और चार नंबर के बीच शनिवार को हुई मारपीट का मामला अभी भी गर्म है. हालांकि लोदना ओपी प्रभारी रजनीकांत का कहना है कि दोनों पक्षों की ओर से अभी तक लिखित शिकायत नहीं की गई है. शिकायत मिलने पर करवाई की जाएगी. मामला शांत है. हालांकि दोनों पक्षों में तनाव कायम हॅ. बताते हैं कि पीट वाटर के पाइप से कनेक्शन करने के लिए खटाल पट्टी और चार नंबर के लोग आपस में भिड़ गए थे. मारपीट हुई थी जिसमें दोनों ओर से आधा दर्जन लोगों को चोटें लगी थी. घटना के बाद दोनों पक्ष के लोग लोदना ओपी पहुंचे थे और अपनी-अपनी बातों को रखा था. घटना के संबंध में बताया जाता है कि लोदना एक नंबर चानक से पीट वाटर की सप्लाई पाइप के द्वारा खटाल पट्टी होते हुए चार नंबर मस्जिद पट्टी ,इस्लामपुर आदि स्थानों तक गया है. खटाल पट्टी के समीप पाइपलाइन को फोड़ कर कई जगहों पर कुछ लोग कनेक्शन कर लिए हैं. इस कारण चार नंबर, मस्जिद पट्टी और इस्लामपुर में पानी का प्रेशर कम हो गया है. जिसको लेकर चार नंबर के कुछ लोग खटाल पट्टी के समीप पहुंचे थे. इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच तू तू मैं मै होते-होते मारपीट हो गई थी.जिसमें खटाल पट्टी के सरस्वती देवी, कुंदन यादव, पुष्पा कुमारी घायल हो गए थे.

# गोलीबारी व आगजनी मामले की जांच पड़ताल करने पहुंचे डीएसपी

- आठ-दस लोगों के शामिल होने का आरोप

संवाददाता। मधुबन



धर्माबांध ओपी अंतर्गत बाबूडीह के सुरीयाडीह में सुभाष सिंह के घर पर बीती शुक्रवार की रात हुई फायरिंग और आगजनी की जांच पड़ताल करने बाघमारा एसडीपीओ सुरीयाडीह पहुंचे. उन्होंने शिकायतकर्ता संतोष सिंह तथा ग्रामीणों से पूछताछ की. बता दें कि शुक्रवार को बाबूडीह में आठ दस लोगों के द्वारा सुरियाडीह निवासी सुभाष सिंह के घर पर फायरिंग जान से मारने की धमकी और घर के बाहर खड़ी स्विफ्ट डिजायर गाड़ी को आग लगा दी गई. इसके बाद सुभाष सिंह के पुत्र संतोष सिंह ने धर्माबांध ओपी में शिकायत पत्र देकर गांव के ही धर्माबांध निवासी रतन महतो, महेश कर्मकार, दीपक रवानी, मधुसुदन सिंह, सुड़ियाडीह निवासी आनंद गोप, खरखरी निवासी विजय पासवान, रॉकी मोदक एवं अन्य बाहरी लोगों पर हमला करने का आरोप लगाया था. आरोपियों के परिवार की महिलाओं ने रविवार संध्या सुभाष सिंह के घर पहुंचकर हल्ला मचाया. महिलाएं सुभाष सिंह को बुलाकर उससे बहस करने लगी. उनलोगों ने कहा कि मेरे स्वजनों को झूठे आरोप लगाकर फंसा रहे है. जो सरासर गलत है. आपस में बैठकर जो भी गलत फहमी है उसे दूर किया जाए. इस पर सुभाष सिंह ने कहा कि आरोपियों को अपनी आखों से देखा हूं. हमलोगों पर पिस्तौल ताना गया था और गाली दे रहा था. अब जो भी होगा थाना में होगा. कुछ देर महिलाएँ हल्ला करने के बाद वापस अपने घर चली गई. महिलाओं के जाने के बाद बाघमारा एसडीपीओ पीओ विजिट के लिए सुरियाडीह पहुंचे और ग्रामीणों से पूछताछ की. उनके साथ मधुबन थाना प्रभारी पिक्कू प्रसाद धर्माबांध ओपी प्रभारी कमलेश कुमार भी थे.

# टैलेंट हंट क्विज कंपटीशन में 550 बच्चे हुए शामिल

## भूली मदर हलीमा में साथी फाउंडेशन ने किया आयोजन

संवाददाता। धनबाद



रविवार को आजाद नगर स्थित मदर हलीमा स्कूल में साथी फाउंडेशन के द्वारा हर साल की तरह इस साल भी टैलेंट हंट क्विज कंपटीशन का आयोजन किया गया. जिसमें धनबाद जिला के प्राइवेट और गवर्नमेंट स्कूल और कॉलेज के छात्र एवं छात्राएं इस प्रतियोगिता में भाग लिया. कक्षा 4 से 12 के 550 बच्चे इस प्रतियोगिता में शामिल हुए. वहीं मीडिया को बताते हुए साथी फाउंडेशन के संचालक सह सचिव इरफान आलम ने कहा कि हर साल इस तरह के प्रतियोगिता कराने से बच्चों के बीच एक अलग उत्साह रहता है क्योंकि इससे बच्चों के सामान्य ज्ञान का पता चलता है. संस्था का उद्देश्य है कि बच्चे बिना किसी भय के प्रतियोगिता प्रतीक्षा में सम्मिलित हों और स्वावलंबी बनें और उनके अंदर सेल्फ कॉन्फिडेंस का सृजन हो. प्रतियोगिता के आयोजन में स्पॉन्सर्ड में जॉब वाले एकैडमी, पाठक प्रतियोगिता पॉइंट, ग्लोबल स्कूल आफ इंडिया, माया डिजिटल स्टूडियो का विशेष योगदान रहा. वहीं इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में साथी फाउंडेशन संस्था की सदस्य तैय्यबा परवीन, नीमा परवीन, वॉलंटियर में अलकमा परवीन, सबा परवीन, कलीमुद्दीन खान, तरन्नुम परवीन, सोनम परवीन, कैफ रूमान, संयम जमन, शिक्षिका सानिया आशिक, तरन्नुम खातून, फिरदौस आलिया, आजमा खातून आदि की सराहनीय भूमिका रही.

# भक्तों ने किया श्रमदान मंदिर की छत ढलाई



संवाददाता। टुंडी

कोटालडीह के हनुमान मंदिर प्रांगण में स्थित माँ काली मंदिर की छत ढलाई में भक्तों ने श्रमदान किया है. यह कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया गया था, जिसमें सुबह 10 बजे से ही भक्तों का तांता लगा रहा. इस अवसर पर भाजयुमो ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनीष कुमार साव ने भी श्रमदान किया और कहा कि कमेटी के लोगों ने बहुत अच्छा काम किया है. उन्होंने यह भी कहा कि धार्मिक कार्यों में शामिल होने से मनुष्य के मन में शांति मिलती है और लोग समाज में सकारात्मक कार्य करते हैं. इस अवसर पर निर्माण कमेटी के अध्यक्ष शुकदेव महतो, सचिव सुभाष बाउरी, कोषाध्यक्ष गुलेन प्रमाणिक सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे.

# आयुष्मान कार्ड के लिए नामांकन कैंप में 150 का पंजीकरण

संवाददाता। धनबाद



देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 70+ बुजुर्ग अभिभावकों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुआ आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा देने की घोषणा की हैं. इसके तहत मटकुरिया सेवा समिति द्वारा दुर्गा मंडप मटकुरिया में कैंप लगाकर 70 वर्ष के ऊपर के बुजुर्गों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए आयुष्मान कार्ड के लिए नामांकन कैंप का उद्घघाटन धनबाद विधायक राज सिन्हा के द्वारा किया गया. आयोजित कैंप में लगभग 150 बुजुर्गों का आयुष्मान योजना के लाभुकों के रूप में रजिस्ट्रेशन किया गया. आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजे) का लाभ अब 70 या इससे अधिक की आयु पूर्ण कर लेने वाले सभी बुजुर्ग ले सकते हैं. इसके तहत पांच लाख रुपये तक का प्रतिवर्ष निःशुल्क उपचार मिल सकेगा और परिवार पर रुपये का अतिरिक्त बोझ नहीं आएगा. उम्र बढ़ने के साथ-साथ कई बीमारियां भी इंसान को घेरने लगती हैं. ऐसे में आयुष्मान भारत योजना उनके लिए सहूलियत की तरह होगी. मौक़े पर समिति के अध्यक्ष नितिन भट्ट, सचिव नरेंद्र शर्मा (राजू), कोषाध्यक्ष मंजीत सिंह, सह सचिव लक्ष्मीकांत चावड़ा, पूर्व अध्यक्ष चन्द्रिका सिंह, पूर्व सचिव राजेश प्रसाद, पूर्व सचिव पिन्नु सिंह, विकास जैन, बिनोद गुप्ता, हरीश जोशी, प्रभात रंजन, गोपू सिन्हा, प्रीतपाल सिंह आजमानी, शिवेंद्र सिंह सोनू, भावेश सिंह, अमिताभ गुप्ता, राहुल गुप्ता, रोहित शर्मा, मनोज राय, जीतू गुप्ता, शुभम सिंह, विशाल प्रसाद, परशुराम पासवान, नीरज सिन्हा गुड्डू सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे.

## मानव अधिकार प्रोटेक्शन में बांटी गई जिम्मेदारी

# रीता सिंह महिला विंग धनबाद की बनी अध्यक्ष



संवाददाता। भूली

भूली बी ब्लॉक स्थित मानव अधिकार प्रोटेक्शन कार्यालय में आयोजित एक सादे कार्यक्रम में कई लोगों को जिला से प्रदेश तक में जिम्मेदारी सौंपी गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय कुमार सिंह ने किया और संचालन धनबाद जिला प्रभारी डॉ बालेश्वर प्रसाद कुशवाहा ने किया. मानव अधिकार प्रोटेक्शन के विस्तारीकरण करते हुए पंकज कुमार को बोकारो जिलाध्यक्ष , जगदीश प्रसाद राय धनबाद जिला सचिव , अविनाश चौधरी मुनीडीह मंडल अध्यक्ष , साहिल कुमार वर्णवाल बरवाअड्डा मंडल अध्यक्ष , मनोज कुमार शर्मा गोविंदपुर मंडल अध्यक्ष, मुन्ना कुमार ठाकुर धनबाद जिला वरिष्ठ संगठन सचिव , विवेक कुमार शर्मा झारखंड प्रदेश संगठन सचिव, सुशील कुमार सिंह, जमीर आरिफ और संजय कुमार साव को धनबाद जिला सचिव बनाया गया. धनबाद जिला मीडिया प्रभारी का दायित्व दीपक कुमार को दिया गया. झारखंड प्रदेश महासचिव का दायित्व मुख्तार अहमद को मिला.

## आसनसोल

# बराकर शांति नगर में अवैध निर्माण पर निगम का नोटिस

### खास बातें

- निगम की नाली पर अवैध रूप से लोहे की सीढ़ी लगाई
- स्थानीय लोगों ने मेयर से की शिकायत

संवाददाता। बराकर



आसनसोल नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 68 स्थित बराकर शांति नगर में निर्माण कार्य में मनमानी का मामला सामने आया है. सुभाष मिश्रा पिता स्व लोचन मिश्रा द्वारा शांतिनगर में एक मंजिला मकान बिना निगम की अनुमति एवं नियमों की अनदेखी कर बनाया जा रहा है. साथ ही निगम की नाली पर भी अवैध रूप से लोहे की एक सीढ़ी लगाई गई है, जिसकी शिकायत मास पिटिशन के माध्यम से स्थानीय लोगों ने निगम मेयर को डेढ़ माह पहले की थी. उसकी शिकायत के आलोक में निगम के सहायक अभियंता ने कार्य स्थल का निरीक्षण कर निर्माणकर्ता को काम बंद एवं अवैध निर्माण हटाने हेतु निर्देशित किया था तथा तीन दिनों के भीतर कागज़ात लेकर निगम के कुल्टी दफ्तर आने को कहा था. लेकिन सुभाष मिश्रा ने निर्माण को जारी रखा जिसके बाद 29 नवंबर को निगम अभियंता ने सुभाष मिश्रा को स्टॉप वर्क तथा अवैध निर्माण हटाने का नोटिस जारी किया. इस संबंध में एक शिकायतकर्ता बिकास कुमार शर्मा ने बताया कि अवैध निर्माण कर लगाई गई सीढ़ी हटाने एवं रोड छोड़कर घर बनाने का दर्जनों बार मौखिक आग्रह सुभाष मिश्रा से हमने किया किंतु उक्त व्यक्ति ने ऐसा करने से स्पष्ट मना कर दिया जिसके वजह से शिकायत करनी पड़ी. स्थानीय पार्षद राधा सिंह ने बताया कि अवैध निर्माण किए जाने की जानकारी मिलने के बाद सुभाष मिश्रा को काम बंद करने का आग्रह किया गया लेकिन काम जारी रखने एवं सीढ़ी नहीं हटाने की वजह से निगम की तरफ से आगामी कार्रवाई की गई और स्टॉप वर्क का नोटिस दिया गया है. श्रीमती सिंह ने आगे जानकारी दी कि जारी नोटिस अनुसार एक सप्ताह के भीतर सुभाष मिश्रा को निगम को यह बताना था कि उनका निर्माण क्यों नहीं ढहाया जाए. उक्त नोटिस की प्रति निगम मेयर, कमिश्नर सहित स्थानीय पुलिस को भी दी गई है. पार्षद ने बताया कि उन्होंने स्वयं स्थल का दौरा किया एवं इस मामले में आगामी कार्रवाई म्युनिसिपल एक्ट के तहत की जाएगी.

### झालदा से उल्लू बरामद



संवाददाता। पुरुलिया

झालदा शहर के वार्ड नंबर 3 के ओझापाड़ा से शनिवार की सुबह लक्ष्मी उल्लू बरामद किया गया. झालदा नगरपालिका के पूर्व उप प्रधान कंचन पाठक ने दावा किया कि उल्लू का पंख पतंग के टूटे धागे से पेड़ में फंस गया था. जब इस पर नजर पड़ी तो इसे वहां से नीचे लाया गया और वन विभाग को सूचना दी गई. पुरुलिया के डीएफओ अंजन गुहा ने कहा, 'अब लोग जंगली जानवरों को देखते ही विभाग को सूचना दे रहे हैं इलाके में लगातार जागरूकता अभियान के कारण यह संभव हो पाया है.

# रेलवे यूनियन चुनाव में ईस्टर्न रेलवे मेंस कांग्रेस की जीत

संवाददाता। बराकर



पूर्वी रेलवे के चार डिविजन में यूनियन की मान्यता को लेकर विगत दिनों हुए चुनाव में ईस्टर्न रेलवे मेंस कांग्रेस ने लहराया परचम. इस जीत की खुशी में ईस्टर्न रेलवे मेंस कांग्रेस बराकर शाखा की ओर से विजय जुलुश का आयोजन किया गया. बराकर रेलवे कॉलोनी स्थित कार्यालय से गाजे बजे के साथ विजय जुलुश शुरू होकर पूरे रेलवे कॉलोनी होते हुए बराकर स्टेशन प्रांगण में में समाप्त हुआ. मालूम हो कि विगत 12 दिसंबर को चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद यूनियन के श्रमिकों में खुशी की लहर देखी गई. ईस्टर्न रेलवे मेंस कांग्रेस 47% मत पाकर आसनसोल डिविजन में प्रथम स्थान पर रहा, जबकि विपक्षी दल मेंस यूनियन को 31% मिला , ईस्टर्न रेलवे मेंस कांग्रेस मालदा और हावड़ा डिविजन शानदार जीत दर्ज कर प्रथम स्थान पर रहा, जबकि मेंस यूनियन को सियालदाह से संतोष करना पड़ा, इस विजय जुलुश में केंद्रीय नेता दशरथ ठाकुर, सुबीर चटर्जी , यूथ मंडल सचिव , पिंटू श्रीवास्तव शाखा सचिव बिपिन कुमार , अध्यक्ष भूषण दास , कार्यकारी अध्यक्ष मो0 मोजम्मिल , सुजीत पात्रा , तनवीर अंसारी , प्रीतम कुमार महतो , अविनाश भारती,महेंद्र गुप्ता और भीम यादव सहित बराकर ब्रांच के सभी रेल कर्मी शामिल होकर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर जीत का जश्न मनाया.

# कार और बाईक की टक्कर में 4 घायल



संवाददाता। पुरुलिया

नितुरिया थाना क्षेत्र के सरबड़ी-बांकुड़ा रोड पर मुर्गाबनी के पास रविवार की सुबह करीब 7 बजे एक टाटा सफारी कार ने एक एक कर दो मोटरसाइकिल सवारों को जोरदार टक्कर मार दी. घटना में चार लोग घायल हो गए. इस दौरान कर चालक फरार हो गया. चारों को दुर्गापुर अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है. जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह हुई घटना में बोरा गांव के प्रदीप पाल (54) और चंडीचरण माजी (58) और सांतुड़ी थाने के मुरुलिया गांव के शेख अहमद रिज्जा (18), शेख इमरान (16) समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. खबर मिलते ही स्थानीय लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया. बाद में पुलिस से बातचीत के बाद सड़क जाम हटा लिया गया. चारों को दुर्गापुर अस्पताल में भर्ती कराया गया. कार का ड्राइवर फरार है. कार एक डॉक्टर की बताई जा रही है. इस बीच कार के साथ दोनों मोटरसाइकिलों को पुलिस थाने ले आई.

### जरूरतमंदों के बीच वस्त्र वितरण



**रानीगंज।** रानीगंज की युवा उड़ान संस्था ने नूपुर ग्राम के बाउरी पाड़ा में 300 से अधिक जरूरतमंद लोगों के बीच कपड़ों का वितरण किया. इसमें बच्चों, महिलाओं और पुरुषों के लिए कपड़े शामिल थे. युवा उड़ान के संस्थापक दिनेश सोनी ने बताया कि उनकी संस्था का कपड़ा बैंक लंबे समय से जरूरतमंद लोगों को कपड़े उपलब्ध कराता आ रहा है. ठंड की शुरुआत के साथ इस प्रकार के कार्यक्रमों को और भी तेजी से आयोजित किया जाएगा. संस्था शिक्षा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण काम कर रही है, जिससे युवाओं का जुड़ाव तेजी से बढ़ रहा है. इस कार्यक्रम में *सोनू वर्णवाल, भूपेंद्र सोनी, महेश जोशी, अभिषेक भालोटिया, कपड़ा बैंक प्रमुख पायल अग्रवाल, और सुरभि भी उपस्थित रहे.

# मैथन में पिकनिक का आनंद ले रहे लोग



संवाददाता। बराकर

नए साल के आगमन के साथ ही पिकनिक का दौर शुरू हो जाता है, और मैथन जलाशय पश्चिम बर्दवान के पर्यटन केंद्रों में से एक होने के नाते, यहां हर साल की तरह दूर-दूर से लोग पिकनिक मनाने आते हैं. इसी क्रम में, बाराबनी विधायक और आसनसोल नगर निगम के मेयर बिधान उपाध्याय ने स्वागत द्वार का फीता काटकर उद्घाटन किया और मैथन डैम का दौरा किया. इसके अलावा, उन्होंने कल्याणेश्वरी चौराहे पर नगर निगम द्वारा निर्मित एसी बस स्टैंड का उद्घाटन किया और प्रतापपुर गांव में सड़क कार्यों की नींव रखी. उन्होंने मेजलाडी और रामचन्द्र पुर में सब मर्सिबल पंप का उद्घाटन भी किया. इस अवसर पर जिला परिषद के अध्यक्ष मोहम्मद अरमान, सालानपुर ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस के उपाध्यक्ष भोला सिंह, सालानपुर पंचायत समिति के अध्यक्ष कैलाशपति मंडल, उपाध्यक्ष विद्युत मिश्रा, वार्ड नंबर 16 के पार्षद मुनमुन मुखर्जी, सालानपुर ब्लॉक श्रमिक संघ के अध्यक्ष मनोज तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे.

### थाना प्रभारी को किया गया सम्मान

**रानीगंज।** जिला परिषद के कर्माध्यक्ष व सीएमसी एचएमएस इसीएल वेल्फेयर बोर्ड सदस्य विष्णु देव नोनिया ने अंडाल थाना प्रभारी को उनके किए बाहदुरी के काम के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया. विष्णु देव नोनिया ने थाना प्रभारी को अर्जुन द्वारा वाण चलाते हुए एक रथ दिया जिसमे चोर समान लेकर भाग रहा है पुलिस पीछा कर रही है. दर्शाया गया साथ हीं फूलों का गुलदस्ता भेंट किया. उनके साथ गये सभी साथियों ने गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया. इस अवसर पर विष्णु देव नोनिया ने कहा बर्तमान अंडाल थाना प्रभारी जब जामुड़िया थाना के श्रीपुर फांडी में पदस्थापित थे उसी समय रानीगंज में सेनको गोल्ड में डकैती हो रही थी. मेघनाथ मंडल को जैसे हीं भनक पडा बड़े बहादुरी से अकेले हीं डकैतों से अपनी सर्विस रिवाल्वर के साथ भीड गये एक डकैत को गोली भी मारी थी उनके इस जांबाजी के कारण डकैतों को पकड़ने में सफलता हासिल हुई थी.

# सीतारामपुर में सात दिवसीय भागवत कथा



संवाददाता। बराकर

श्री श्री महावीर मंदिर कमिटी सीतारामपुर की ओर सात दिवसीय श्री मद्भागवत कथा का भव्य आयोजन शनिवार को कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया गया. सीतारामपुर महावीर मंदिर से गाजे बजे के साथ निकली कलश यात्रा में महिलाओं और पुरुष शामिल थे. जो कथा स्थल आदर्श शिक्षा सदन तक जाकर पूजा स्थल पर कलश स्थापना की. 14 दिसंबर से 20 दिसंबर तक आयोजित श्रीमद भागवत कथा में सुप्रसिद्ध कथा वाचक परम श्रद्धेय राम मोहन जी महाराज के मुखर बृंद से कथा करेंगे. जहा प्रथम दिन कलश यात्रा के साथ गणेश पूजा ओर भागवत कथा का महात्म बताया गया. रविवार को राजा परीक्षित ओर शुक्देबजी की कथा संवाद,सोमवार को धुर्वा चरित्र, प्रहलाद चरित्र और बामन भगवान की झाकी मंगलवार को श्री कृष्ण जन्म उत्सव ओर नंद महोत्सव, बुधवार को छप्पन भोग, गोवर्धन पूजा, गुरुवार को रुक्मणि विवाह ओर फूलों की होली, शुक्रवार को सुदामा चरित्र ओर परीक्षित उद्धार के साथ कथा का समापन किया जाएगा.



# सरसों की खेती



**सरसों उत्तरी मध्य प्रदेश की प्रमुख रबी फसल है, जो लगभग 70 प्रतिशत क्षेत्र में बोई जाती है। मध्य प्रदेश में इसका क्षेत्रफल 7 लाख 30 हजार हेक्टेयर हो गया है। राजस्थान में देश के सरसों के कुल क्षेत्रफल का 46 प्रतिशत भाग में आता है।**

## भूमि और इसकी तैयारी

सरसों को रेतीली भूमि से लेकर मटियार मिट्टियों में उगाया जा सकता है। किन्तु बलुई–दोमट भूमि इसके लिए सर्वाधिक उपयुक्त होती है।

## सामान्यत

3–4 जुताई कल्टीवेटर एवं डिस्क प्लाऊ से एक के बाद एक विपरीत दिशा में चलाकर खेत की मिट्टी भुरभुरी कर लें। और अंत में पाटा चलाकर खेत समतल कर लें, जिससे खेत में नमी बनी रहे। बारानी क्षेत्र में देशी खाद (40–50 क्विंटल प्रति हेक्टेयर) वर्षा पूर्व खेत में डालें और वर्षा के मौसम में जुताई के साथ खेत में मिला दें। सिंचित क्षेत्रों के लिये अच्छी पकी हुई देशी खाद (100 क्विंटल प्रति हेक्टेयर) बुआई के करीब एक महीना पूर्व खेत में डालकर जुताई कर खेत में अच्छी तरह मिला दें। सरसों से भरपूर पैदावार प्राप्त करने के लिए रासायनिक उर्वरकों का संतुलित मात्रा में उपयोग करने से उपज पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। अतः सरसों में निम्नांकित संतुलित उर्वरकों का प्रयोग कर अधिकतम उपज प्राप्त की जा सकती है।

## बुआई

अक्टूबर माह का प्रथम पक्ष (जब औसत तापमान 28 से 30 डिग्री सेल्सियस हो) बुआई के लिए उपयुक्त है। इसकी बुआई आवश्यक रुप से अक्टूबर माह के दूसरे सप्ताह तक पूरी कर लें ताकि फसल कीट, रोग व्याधियों एवं पाला आदि प्रकोप से बची रहे। बीज जनित बीमारियों से बचाने के लिए बीजोपचार आवश्यक है। 5 किलोग्राम बीज प्रति हेक्टेयर की दर से बोये। बीज को फफूंद के कारण होने वाले रोगों से बचाने हेतु एक किलोग्राम बीज को 3 ग्राम थायरम से उपचारित करें। अधिक उत्पादन के लिए ट्रैक्टर चलित बुआई की मशीन द्वारा फसल की कतार से कतार की दूरी 30 सेमी रखकर बीज को 2.5 से 3 सेमी की गहराई पर ही बोयें। बीज को अधिक गहरा बोने पर अंकुरण कम हो सकता है। पौधों से पौधों की दूरी 10 सेमी रखें।

## खरपतवार नियंत्रण

बुआई के 20 से 25 दिन बाद हैन्ड हो अथवा निंदाई गुड़ाई करना आवश्यक है। साथ ही साथ घने पौधों को निकालकर अलग कर दें।

## जल प्रबंधन

सरसों की बोनी बिना पलेवा दिये की गई हो तो पहली सिंचाई बुआई के 30–35 दिन बाद करें। इसके बाद अगर मौसम शुष्क रहे। अर्थात पानी नहीं बरसे तो बोनी के 60–70 दिन की अवस्था पर जिस समय फली का विकास या फली में दाना भर रहा हो सिंचाई अवश्य करें। द्विफसलीय क्षेत्र में जहां पर सिंचित अवस्था में सरसों की फसल पलेवा देकर बोनी की जाती है वहां पहली सिंचाई बुआई के 40–45 दिन पर व दूसरी सिंचाई मावठा न होने पर 75–80 दिन पर करें।

## फसल की कटाई और गहाई

जब दानों में 40 प्रतिशत नमी हो तब कटाई करें। खलिहान में फसल को अच्छी तरह सुखाकर गहाई करें। बीज को अच्छी तरह सुखाकर भंडारण करें।

## उन्नत जातियां

| किस्म | पकने की अवधि | उपज (क्वि./हे.) | तेल प्रतिशत | विशेषताए |
|---|---|---|---|---|
| पूसा बोल्ड | 125–135 | 18–22 | 43 | फलियां कम चटकती है दाना मोटा कम चमकीला पौधा 170–180 सेमी ऊंचा |
| वरुणा | 115–125 | 18–25 | 42 | पौधा 145–175 सेमी ऊंचा दाना बड़ा, सिंचित एवं असिंचित दशाओं के लिए उपयुक्त |
| क्रांति | 130–135 | 25–28 | 40 | पौधा 155–200 सेमी ऊंचा, पौधे में शाखायें अधिक, दाना बड़ें आकार का काला भूरा |
| रोहिणी | 130–140 | 15–20 | 42 | फलियां टहनी से चिपकी हुई होती है। पौधे की ऊंचाई 150–155 सेमी, दाना बड़ा। |
| जे.एम–1 पूसा बोल्ड × एल 6 | 125–130 | 15–20 | 41–42 | बीज बड़ा, कालापन लिए पौधे की ऊंचाई 170–185 सेमी, झुकने व झड़ने के प्रति अधिक सहनशील डाउनी मिल्डयु व सफेद गेरुआ प्रतिरोधी |
| जेएम 2 | 135–138 | 25–30 | 42 | पौधे की ऊंचाई 165–170 सेमी श्वेत किट्ट रोग प्रतिरोधी, अल्टर नेरिया झुलसा फलियां चटकने और पौधे गिरने के प्रति सहिष्णु। |
| जेएम 3 | 130–132 | 15–25 | 40 | पौधों की ऊंचाई 180 से 185 सेमी, फलियों की संख्या अधिक होती है और वे चटकती नहीं है। अन्य किस्मों की अपेक्षा माहू का प्रकोप कम होता है। |
| पूसा जय | 125–130 | 30–35 | 42 | सिंचित क्षेत्र के लिए उपयुक्त किसान |
| पूसा अग्रणी | 125–130 | 25–30 | 40 | अगेती सितम्बर व पिछेती नवम्बर में बुआई के लिए उपयुक्त सिंचित दशाओं में उपयुक्त। इसके पौधे 125 से 160 सेमी लम्बे तथा 5–6 शाखाओं युक्त। गेरूआ शेरा के प्रति सहिष्णु। |



# चने की उन्नत कृषि पद्धति



**कृषि विज्ञान केन्द्र, सागर द्वारा विगत वर्षों में चना उत्पादक क्षेत्रों में अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के माध्यम से चना की उन्नत किस्म जेजी-16, जेजी-11 विशाल तथा आई.पी.एम. (बीजोपचार-कार्बेन्डाजिम, फेरोमेन प्रपंच का उपयोग कीटों की निगरानी व नियंत्रण हेतु तथा फली अवस्था पर कीटनाशी - क्विनालफॉस/प्रोफेनॉफास का छिड़काव) का प्रदर्शन किया गया जिसमें चना की उपज 15.60 क्विंटल प्रति हेक्टेयर प्राप्त हुयी जो कि प्रदेश की उत्पादकता से 478 कि.ग्रा. ज्यादा थी अत: किसान भाई उन्नत कृषि तकनीक के उपयोग से अपनी उत्पादकता में वृद्धि कर सकते हैं।**

## खेत की तैयारी

खरीफ मौसम के खाली पड़े खेतों सितंबर में या अक्टूबर के प्रारंभ में बार–बार जुताई करें ताकि बारिश की नमी का संरक्षण हो सके। खेत से कचड़ा आदि एकत्र कर नष्ट कर दें व पाटा लगाकर बुवाई का कार्य करें अथवा पलेवा लगाकर बुवाई करें।

## उर्वरकों का उपयोग

मिट्टी परीक्षण की संस्तुति के आधार पर उर्वरकों का उपयोग करें सामान्य तौर पर दलहनी फसल होने के कारण चने को 20 कि.ग्रा. पोटाश की आवश्यकता सिंचित अवस्था में जबकि असिंचित अवस्था में 10 कि.ग्रा. नत्रजन व 30 क्रि.ग्रा. फॉस्फोरस की आवश्यकता होती है जिसकी पूर्ति सिंचित अवस्था में 100 कि.ग्रा. + 30 कि.ग्रा. म्यूरेट ऑफ पोटाश असिंचित अवस्था में 50 कि.ग्रा. डीएपी से हो जाती है। इसके अलावा 40 कि.ग्रा. यूरिया व 350 कि.ग्रा. सिंगल सुपर फास्फेट व 30 कि.ग्रा. म्यूरेट ऑफ पोटाश से भी पोषक तत्वों की पूर्ति हो सकती है। अंतिम जुताई से पूर्व 2–3 कि.ग्रा. पीएसबी कल्चर को 50 कि.ग्रा. गोबर की खाद में मिलाकर खेत में भुरकाव करने से अच्छे परिणाम मिलते हैं।

## बीजदर

देशी चने की 85 कि.ग्रा. जबकि बड़े आकार के काबुली चने की 125 कि.ग्रा. मात्रा प्रति हे.के मान से उपयोग करें ताकि एक वर्ग मी. क्षेत्र में 25–30 पौधे हों। बुवाई के समय लाइन से लाइन 30 से.मी. तथा पौधे से पौधे की दूरी 10 सेमी. होगी।

## बीजोपचार

बीज की मृदा जनित फफूंदियों से सुरक्षा हेतु बोनी से पूर्व बीजोपचार आवश्यक है अत: थायरम या मेन्कोजेब की तीन ग्राम मात्रा अथवा कार्बेन्डाजिम या कार्बोक्सिन की 2 ग्राम मात्रा द्वारा प्रति किग्रा. की दर से उपचारित करें। फफूंदनाशक दवा से उपचार के पश्चात् 5 ग्राम राइजोबियम व 5 ग्राम पीएमवी से बीज को निवेशित करें। राइजोबियम जीवाणु पौधों में जड़ ग्रंथियों की संख्या बढ़ाने में सहायक होते हैं जिससे भूमि में लगभग 20 कि.ग्रा. नत्रजन प्रति हे. वायुमंडल से स्थिर की जाती है तथा पीएसबी कल्चर जमीन में स्थिर स्फुर को घुलनशील अवस्था में लाकर पौधों को उपलब्ध करवाता है।

## उन्नतशील प्रजातियां

बीज फसल उत्पादन का महत्वपूर्ण आदान है। अत: स्वस्थ, सुडौल, रोगरहित प्रजातियों का बीज बुवाई हेतु उपयोग लें।

## शीर्ष शाखाएं तोड़ना



निंदाई करने के बाद जब चना के पौधे लगभग 20–25 से.मी. है। अथवा फूल अवस्था से पूर्व शाखायें अधिक निकलती हैं। जिससे उपज में वृद्धि होती है। असिंचित अवस्था में शीर्ष शाखायें नहीं तोड़ें।

## सिंचाई

बुवाई से पूर्व खेत में भली–भांति यह तय कर लें कि पर्याप्त नमी है तभी बुवाई करें। चने की फसल में 45–60 दिन के भीतर सिंचाई करें। ध्यान रहे कि फूल आते समय सिंचाई न करें। हल्की भूमि में नमी होने पर फली लगते समय भी सिंचाई करें।



| किस्म | अवधि | उपज (क्वि./हे.) | विशेषतायें |
|---|---|---|---|
| जे.जी. 315 | 115–125 | 15–18 | उकठा प्रतिरोधी, देर से बोने हेतु उपयुक्त |
| जवाहर चना 218 | 115 | 13–15 | उकठा प्रतिरोधी |
| जे.जी. 130 | 110 | 18–20 | उकठा प्रतिरोधी, इल्ली हेतु सहनशील |
| जे.जी. 412 | 92 | 18 | देर से बोनी हेतु उपयुक्त |
| जे.जी. 16 | 112 | 18–20 | उकठा निरोधी |
| जे.जी. 11 | 100 | 15 | उकठा निरोधी, सिंचित व असिंचित क्षेत्रों हेतु उपयुक्त |
| जे.जी. 74 | 120–125 | 15–18 | उकठा व भण्डारण कीट रोधी, देर से बोनी हेतु उपयुक्त |
| आई.सी.सी.व्ही.10 (विजय) | 115–120 | 15–18 | उकठा निरोधी, बड़ा दाना |
| भारती | 110–120 | 13–15 | उकठा निरोधी |
| जे.के.जी. 1 | 120–125 | 15–18 | उकठा प्रतिरोधी, छोले वाली किस्म |

## कटाई, गहाई व उपज

कटाई परिपक्व अवस्था में आने पर फलियां सूखकर पीली पड़ती हैं एवं पत्तियां झड़ने लगती हैं। इस समय कटाई करें। फसल की कटाई कर 2–3 दिन तक खेत में पड़ा रहने दें तत्पश्चात गहाई उपज करें। इस प्रकार प्रति हेक्टेयर 15–20 क्विंटल किस्मों के अनुसार उत्पादन मिलता है। भण्डारण दानों को भली–भांति सुखाकर 8–10 प्रतिशत नमी पर भण्डारित करें।

**मंथन**

# संविधान पर चर्चा और राजनीतिक दल

भारत का संविधान हमारे देश का सर्वोच्च कानूनी दस्तावेज है, जो नागरिकों को अधिकार और स्वतंत्रता प्रदान करता है. अभी संसद में संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर राजनीतिक दलों में बहस चल रही है. इस कारण वर्तमान में संविधान पर चर्चा एक महत्वपूर्ण मुद्दा बनी हुई है. इस चर्चा का उद्देश्य संविधान की मूल भावना, उसके उद्देश्यों और उसे लागू करने में आने वाली चुनौतियों पर विचार करना है. यह भी देखा जा रहा है कि राजनीतिक दलों ने संविधान की व्याख्या में अपनी-अपनी राय व्यक्त कर रहे हैं, जिससे संविधान की उपयोगिता और प्रासंगिकता पर बहस तेज हो गई है. संविधान की प्रस्तावना, धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक न्याय और समानता जैसे सिद्धांत आज भी हमारे लोकतंत्र की नींव बने हुए हैं. हालांकि, राजनीतिक दलों के दृष्टिकोण में अंतर है, जो उनकी राजनीतिक विचारधारा और जनसमर्थन से जुड़ा होता है. कुछ दल संविधान की मूल धारा में बदलाव के पक्षधर हैं, जबकि अन्य इसे अक्षुण्ण बनाए रखने के पक्ष में हैं. यह भी देखा गया कि चुनावी राजनीति के कारण, संविधान के प्रावधानों को कभी-कभी दलगत राजनीति के तहत विवादित किया जाता है. संविधान पर संसद में चर्चा का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हमारे लोकतंत्र के मूल सिद्धांत सुरक्षित रहें और संविधान का पालन हर स्तर पर किया जाए. राजनीतिक दलों को अपनी विचारधारा से ऊपर उठकर संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखना चाहिए, ताकि देश की विविधता और लोकतंत्र की मजबूती बनी रहे.

**नजरिया**

# संभल में 40 साल बाद प्राचीन मंदिर खुलने के मायने

यूपी के संभल जिले में एक प्राचीन मंदिर के 40 साल बाद पुनः खुलने की घटना ने राजनीतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से गहरी चर्चा पैदा कर दी है. इस मंदिर का बंद होना और फिर खोला जाना सिर्फ धार्मिक मामला नहीं, बल्कि इसके साथ कई राजनीतिक और सामाजिक संदेश भी जुड़े हुए हैं. इस मंदिर का लंबे समय से बंद रहना किसी धार्मिक विवाद या प्रशासनिक कारणों से था, जिसके कारण स्थानीय समुदाय में तनाव और असंतोष था. अब, मंदिर के फिर से खुलने से एक ओर जहां धार्मिक भावनाओं को तुष्टि मिली है, वहीं इसके राजनीतिक आयाम भी स्पष्ट हो रहे हैं. राजनीतिक दृष्टिकोण से यह घटना समाज में धार्मिक ध्रुवीकरण को और तेज करने की क्षमता रखती है. एक ओर जहां यह मंदिर का उद्घाटन सरकार की 'धार्मिक पहचान' के प्रति प्रतिबद्धता को दिखाता है. यह घटना खासकर उन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण है, जहां धर्म और राजनीति का घनिष्ठ संबंध है. इसे सत्ता में बैठे दल के चुनावी लाभ के रूप में भी देखा जा सकता है. अगर इसका उपयोग सांप्रदायिक भावनाओं को भड़काने के लिए किया गया तो सामाजिक दृष्टिकोण से यह घटना समुदायों के बीच पुरानी खाई को और गहरा कर सकती है. इसके बजाय, यह एक अवसर हो सकता है सामाजिक सद्भाव और आपसी सम्मान को बढ़ावा देने का. इस घटना के बाद जरूरी है कि समाज में धर्म के नाम पर किसी भी प्रकार का भेदभाव न हो और सभी समुदाय मिलकर शांति और सद्भाव से रहें.

# दिव्यता के आभामंडल के दौर में आदमी

**डॉ. मयंक मुरारी**



**गुड वाइब्स के दौर में लाइफ...जो लॉ ऑफ अट्रैक्शन के सिद्धांत पर काम करता है**

सुख की पहचान उन गुड वाइब्स यानी 'दिव्यता के आभामंडल' में अंतर्निहित होता है, जिसकी अनुभूति में हम खुद से प्यार करना सीख जाते हैं. यह पूर्णतः लॉ ऑफ अट्रैक्शन के सिद्धांत पर काम करता है. इसका तात्पर्य यह है कि हम दुनिया में जिस तरह की एनर्जी को प्रस्तुत करते हैं, वह उसी प्रकार की एनर्जी को अपनी ओर खींचती है. सकारात्मक मानसिकता से जीवन में हम अच्छा मन, सही व्यक्ति और बेहतर माहौल को अट्रैक्ट करेंगे, जो हमारे लक्ष्यों को पाने में हमारी सहायता करेंगे. जीवन में हम बहुत सारी चीजों को इकट्ठा कर ले तो संतुष्ट नहीं होते हैं. जब हम उन चीजों के प्रति कृतज्ञता की भावना से भरते हैं तो हमारे अंदर आत्मसंतोष आता है. यह बात हमें बार-बार याद दिलाता है कि सुख किसी भी खुशहाल स्थिति या कम्फर्ट जोन में आने पर नहीं मिलता है. यह बहुत चीजों या बहुत बदलाव से भी नहीं प्राप्त होता है. यह गुड वाइब्स यानी दिव्यता के आभामंडल में निवास करने से प्राप्त होता है.

हम उसी चीज को अट्रैक्ट करते हैं, जिस पर फोकस करते हैं, फिर चाहे वह पॉजिटिव हो या निगेटिव. अगर हम अपनी सीमित करनेवाली मान्यताओं के बारे में सचेत होकर उन्हें बदलना चाहते हैं तो हमें सोचने और चीजों को करने के तरीकों में बदलाव करना होगा. विख्यात लेखक वेक्संकिंग ने भी अपनी किताब- गुड वाइब्स, गुड लाइफ हाउ सेल्फ-लव इज द की टू अनलॉकिंग योर ग्रेटनेस में इन पॉजिटिव वाइब्स पर लिखा है. वह कहते हैं कि आत्मिक आरोहण के अभ्यास के माध्यम से विषाक्त ऊर्जा पर काबू पाने और अपनी भलाई को प्राथमिकता देने पर काम किया जा सकता है. इसमें सकारात्मक आदतों के निर्माण के प्रयास करने की बारीकियों एवं अभ्यासों के बारे में बताया गया है. इस जगत में हमारे हर क्रिया की प्रतिक्रिया होती है. हम जो भी ऊर्जा बाहर निकालेंगे, वह उसे वापस लौटा देगा. हम बोलने, सोचने, महसूस करने और कार्य करने के तरीके को बदलें और हम अपनी दुनिया बदलना शुरू कर देंगे. जीवन में आपका सबसे लंबा रिश्ता खुद के साथ है. जब आप इस रिश्ते को अच्छी तरह से निभाते हैं, तभी आप दूसरों के साथ अपने रिश्ते को निभा सकते हैं. हम अपने जीवन को केवल कल्पना में ही मौजूद भविष्य के इर्द-गिर्द ही सीमित रखते हैं और जो हमारे सामने घटित हो रहा है, उसे पूरी तरह से नजरअंदाज कर देते हैं.

हम किसी भी चीज को तब तक साकार नहीं कर सकते, जब तक कि अहम उसमें विश्वास नहीं करते. इच्छाओं को पूरा करना ही काफी नहीं है, बल्कि उसे महसूस करना भी जरूरी होता है. इस दौरान केवल लॉ ऑफ अट्रैक्शन के साथ हमें जीवन में लॉ ऑफ वाइब्रेशन को समझने की जरूरत है. भावनाओं पर काबू कपाकर ही हम अवचेतन मन में अच्छे विचारों का बीजारोपण कर सकेंगे. बेस्ट सेलर किताब मैनिफेस्ट में रोक्सी नफूसी बताती है कि हरेक व्यक्ति के अंदर पॉजिटिव वाइब्स को अपनी ओर खींचने की शक्ति होती है. इसके लिए अपने पर भरोसा रखना होगा. मैनिफेस्टिंग का पहला सिद्धांत यह है कि हम अपने दिमाग में उस चीज की एक स्पष्ट और ब्योरेबार इमेज बनाएं. यह विजुअलाइजिंग का चरण होता है. हमारा दिमाग मानसिक छवियों के आधार पर ही प्रतिक्रिया करता है. इसके बाद ही पॉजिटिव बिलीफ वास्तव में यथार्थ के धरातल पर प्रकट होता है.

हम जो भी महसूस करते हैं उसे समझना सीखें. इसका उद्देश्य सकारात्मक विचार रखना नहीं है, बल्कि नकारात्मक विचारों को कुछ स्वस्थ विचारों में बदलना है, ताकि आप बेहतर महसूस कर सकें. हमेशा अपने व्यवहार की समीक्षा करें और अपने या दूसरों के प्रति विषाक्त किसी भी चीज को बदलने का प्रयास करें. यह न केवल आपके विकास का तरीका है, बल्कि यह आत्म-प्रेम का कार्य भी है. आप खुद को दिखा रहे हैं कि आप अपनी प्रगति को सीमित करने वाले व्यवहारों से बेहतर के हकदार हैं. इससे पहले कि हम किसी और की ऊर्जा को ठीक करने की कोशिश करें, सुनिश्चित करें कि आप इस प्रक्रिया में खुद को नष्ट न कर रहे हों. सबसे पहले अपनी ऊर्जा की रक्षा करें.

**अच्छे वाइब्स को अपनाएं और चीजों को बहने दें. परिणामों को मजबूर करने की कोई जरूरत नहीं है. एक बार जब आप ब्रह्मांड के साथ सामंजस्य स्थापित कर लेते हैं, तो जो आपका होना चाहिए वह आपके पास आ जाएगा.**

जो हुआ है उसे स्वीकार करें. सांस अंदर लें, सांस बाहर छोड़ें और जाने दें. आप केवल इंसान हैं और आपको गलती की गंभीरता की परवाह किए बिना जीवन जारी रखने की अनुमति है. खुद को कोसने से स्थिति नहीं बदलेगी. आप आगे क्या करने की कोशिश करते हैं, यही सबसे ज्यादा मायने रखता है. अगर आप परिस्थिति को बदल नहीं सकते तो उसके बारे में अपनी धारणा बदलिए. इसलिए आपकी व्यक्तिगत शक्ति या तो नियंत्रित होनी चाहिए - या नियंत्रण में होनी चाहिए. यह आपका अवचेतन मन है जो आपकी मान्यताओं के लिए जिम्मेदार है. आप जो कुछ भी समझते हैं वह आपके अवचेतन मन में जो कुछ भी सच मान लेते हैं उसका परिणाम है. आपका लक्ष्य नकारात्मक विचारों से छुटकारा पाना नहीं है, बल्कि उनके प्रति अपनी प्रतिक्रिया बदलना है. हमारी मान्यताएं एक लेंस की तरह हैं जिसका उपयोग हम जीवन को देखने के लिए करते हैं, हम वही देखते हैं जिसके बारे में हम स्वयं को आश्वस्त कर लेते हैं कि वह सत्य है.

अपनी मानसिक सीमाओं से बाहर निकलें. अपना जीवन ऐसी विश्वास प्रणाली की कैद में न बिताएं, जो आपकी क्षमता को सीमित करती है और आपके सपनों को साकार होने से रोकती है. हम जो भी कहते हैं वह अंततः साकार हो जाता है, आपके पास अपनी वास्तविकता के पहलुओं को अस्तित्व में लाने की शक्ति है. हम जो कुछ भी लिखते और कहते हैं, उसमें शक्ति होती है. आपका संदेश महत्वपूर्ण है. इसे समझदारी से इस्तेमाल करें. उपनिषद में कहा गया है कि जैसा आपकी दृष्टि होगी, वैसा ही आपकी सृष्टि होती है. जो आपके मन में वास्तविक है, वही हमारे जीवन में भी वास्तविक हो जाएगा.

**आज का इतिहास**

- 1795: ब्रिटेन ने दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन पर कब्जा किया था.
- 1821: मैक्सिको आज ही के दिन स्पेन से आजाद हुआ था.
- 1848: फ्रांसिसी उपनिवेश से दास प्रथा खत्म हुई
- 1893: झंडा गीत 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा' के रचयिता श्यामलाल गुप्त पार्षद का जन्म हुआ था.
- 1906: नार्वे के रोएल्ड एमंडसन ने चुंबकीय दक्षिणी ध्रुव की खोज की.
- 1947: टोक्यो के सईतामा में चक्रवाती तूफान कैथलीन से 1,930 लोगों की मौत हुई.
- 1986: दक्षिण अफ्रीका की एक सोने की खदान में फंस जाने से 177 लोग मारे गए.
- 2017: भारतीय वायुसेना के पांच सितारा रैंक पर पहुंचने वाले एकमात्र मार्शल अर्जन सिंह का निधन हुआ था.
- 2020: विदुषी, लेखिका और कलाविद डॉ. कपिला वात्स्यायन का निधन.

## हमेशा शालीनता से मानव व जीव की सेवा करना चाहिए

**चिंतन**

निर्जला एकादशी से अगले दिन एक भिखारी एक सज्जन की दुकान पर भीख मांगने पहुंचा. सज्जन व्यक्ति ने 1 रुपये का सिक्का निकाल कर उसे दे दिया. भिखारी को प्यास भी लगी थी, वो बोला बाबूजी एक गिलास पानी भी पिलवा दो, गला सूखा जा रहा है. सज्जन व्यक्ति ने गुस्से में कहाः तुम्हारे बाप के नौकर बैठे हैं क्या हम यहां, पहले पैसे, अब पानी, थोड़ी देर में रोटी मांगेगा, चल भाग यहां से. भिखारी बोलाः बाबूजी गुस्सा मत कीजिये मैं आगे कहीं पानी पी लूंगा. पर जहां तक मुझे याद है, कल आपने निर्जला एकादशी व्रत कथा का पाठ किया था, तथा कल इसी दुकान के बाहर मीठे पानी की छबील लगी थी और आप स्वयं लोगों को रोक रोक कर जबरदस्ती अपने हाथों से गिलास पकड़ा रहे थे, मुझे भी कल आपके हाथों से दो गिलास शर्बत पीने को मिला था. मैंने तो यही सोचा था, आप बड़े धर्मात्मा आदमी है, पर आज मेरा भरम टूट गया. कल की छबील तो शायद आपने लोगों को दिखाने के लिए लगाई होगी? मुझे आज आपने कड़वे वचन बोलकर अपना कल का सारा पुण्य खो दिया. मुझे क्षमा करना अगर मैं कुछ ज्यादा बोल गया हूं तो. सज्जन व्यक्ति को बात दिल पर लगी, उसकी नजरों के सामने बीते दिन का प्रत्येक दृश्य घूम गया. उसे अपनी गलती का अहसास हो रहा था. वह स्वयं अपनी गद्दी से उठा और अपने हाथों से गिलास में पानी भरकर उस बाबा को देते हुए उसे क्षमा प्रार्थना करने लगा. भिखारीः बाबूजी मुझे आपसे कोई शिकायत नही, परन्तु अगर मानवता को अपने मन की गहराइयों में नही बसा सकते तो एक-दो दिन किये हुए पुण्य कार्य व्यर्थ ही हैं. मानवता का मतलब तो हमेशा शालीनता से मानव व जीव की सेवा करना है. आपको अपनी गलती का अहसास हुआ, ये आपके व आपकी संतानों के लिए अच्छी बात है. आपका परिवार हमेशा स्वस्थ व दीर्घायु बना रहे ऐसी मैं कामना करता हूं, यह कहते हुए भिखारी आगे बढ़ गया. सेठ ने तुरंत अपने बेटे को आदेश देते हुए कहाः कल से दो घड़े पानी दुकान के आगे-आने जाने वालों के लिए जरूर रखना. उसे अपनी गलती सुधारने पर बड़ी खुशी हो रही थी.

**इंडिया पर ट्रेंडिंग**



1. #INDvsAUS
2. Bumrah
3. Travis Head
4. Rohit
5. #AmitShahInChhattisgarh
6. #SardarVallabhbhaiPatel
7. #BGT2025
8. सरदार वल्लभ
9. Steve Smith
10. Jassi bhai

# बहुरंग

# साको 363' का टीजर रिलीज

## फिल्म में दिखाया गया बिश्नोई समाज का पर्यावरण प्रेम

**एजेंसी । मुंबई**

राजस्थान के बिश्नोई समाज की बहादुर महिला अमृता बिश्नोई के संघर्ष और सर्वोच्च बलिदान की सच्ची घटना पर आधारित फिल्म 'साको 363' का टीज़र रिलीज कर दिया गया है. रामरतन बिश्नोई और विक्रम बिश्नोई के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अमृता बिश्नोई का मुख्य किरदार खूबसूरत एक्ट्रेस स्नेहा उलाल ने निभाया है. इस फिल्म से स्नेहा उल्लाल लंबे समय के बाद सिल्वर स्क्रीन पर वापसी भी कर रही हैं. फिल्म निर्माताओं ने राजस्थान के नागौर जिले में एक बड़े समारोह में बिश्नोई समाज के लोगों को यह टीज़र दिखाया गया. इस भावुक पल में बिश्नोई समाज के लोगों ने अपने पूर्वजों के संघर्ष और बलिदान की कहानी देखी और उनको याद किया. 1 मिनट 30 सेकंड के टीज़र की शुरुआत में ही बताया गया है कि यह



फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है. पर्यावरण, वृक्षों और जीव जंतुओं की रक्षा को अपना धर्म समझने वाले बिश्नोई समाज ने पेड़ों को काटने से बचाने के लिए अपने प्राणों का बलिदान कर दिया था, जिसका नेतृत्व बिश्नोई समाज की बहादुर स्त्री अमृता बिश्नोई ने किया था. टीज़र में स्नेहा उल्लाल, अमृता बिश्नोई के किरदार में सशक्त और ओजस्वी दिख रही हैं. टीज़र के अंत में महिलाओं और बच्चों की रोंगटे खड़े कर देने वाली चीख पुकार काफी मार्मिक और असहनीय है.

इस अवसर पर रामरतन बिश्नोई और विक्रम विश्नोई ने कहा कि पर्यावरण के प्रति बिश्नोई समाज के बलिदान की यह कहानी फ़िल्म के माध्यम से एक बड़े दर्शक वर्ग तक पहुंचेगी. यह अत्यंत महत्वपूर्ण घटना है, जो कम ही लोगों को पता है. इस फिल्म के माध्यम से पूरी दुनिया को पता चलेगा कि किस तरह क़रीब 300 वर्ष पहले हमारे समाज की एक वीरांगना ने वृक्षों की रक्षा के लिए अपना सर कटा दिया था. इस फिल्म के माध्यम से नई पीढ़ी को अपने पूर्वजों के पर्यावरण प्रेमी होने, उनके सर्वोच्च बलिदान के बारे में और अपने इतिहास के बारे में पता चलेगा. बिश्नोई समुदाय के 363 पर्यावरण प्रेमी इस फ़िल्म के प्रोड्यूसर हैं.




मुकाम पीठाधीश्वर आचार्य स्वामी रामानंदजी महाराज, रामरतन बिश्नोई, रामलाल भादू और विक्रम बिश्नोई प्रमुख निर्माता हैं. श्री जम्भेश्वर पर्यावरण एवं जीवरक्षा प्रदेश संस्था के बैनर तले निर्मित फ़िल्म साको 363 के निर्माता रामरतन बिश्नोई और विक्रम विश्नोई हैं और क्रिएटिव डायरेक्टर मनोज सती हैं. फ़िल्म में केंद्रीय भूमिका में स्नेहा उलाल के साथ गेवी चहल, मिलिंद गुणाजी, फ़िरोज़ ईरानी, ब्रिज गोपाल, राजेश सिंह, शाजी चौधरी, साहिल कोहली, नटवर पराशर, बृजगोपाल गरिमा अग्रवाल, विमल उनियाल संजय गड़ई, तनुज भट्ट, अनामिका शुक्ला, बी.के सागर व्यास, नटवर पाराशर ब्यावर, श्यामसुंदर, कमल अवस्थी, अजय गहलोत, सूर्यवीर सिंह, सूरज बिश्नोई प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे.



# 'करिश्मा का करिश्मा' फेम एक्ट्रेस झनक शुक्ला ने रचाई शादी

**स्वप्निल ने आइवरी शेरवानी पहनी हुई है झनक ने अपने लुक को सिंपल रखा है**

मुंबई । लोकप्रिय धारावाहिकों में से एक है 'करिश्मा का करिश्मा' से लोकप्रियता हासिल करने वाली झनक शुक्ला शादी के बंधन में बंध गई हैं. उनकी शादी स्वप्निल सूर्यवंशी से हुई है. झनक 90 के दशक में अपनी क्यूटनेस के लिए लड़कों के बीच काफी लोकप्रिय थीं. इसके अलावा उन्होंने 'कल हो ना हो' और हॉलीवुड फिल्म 'वन नाइट विद द किंग' में भी काम किया. झनक ने अपनी शादी की कुछ तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं. झनक ने लाल रंग की साड़ी पहनी हुई है. स्वप्निल ने आइवरी शेरवानी पहनी हुई है. झनक ने अपने लुक को सिंपल रखा है. जब झनक 15 साल की थीं, तब उन्होंने लाइमलाइट से दूर रहने का फैसला किया. एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि 'करिश्मा का करिश्मा' की सफलता के बाद उन्होंने 'कल हो ना हो' और 'वन नाइट विद द किंग' में काम किया. दरअसल, उन्होंने अपने करियर से ज्यादा अपनी पढ़ाई को प्राथमिकता देने का फैसला किया. अपनी आगे की पढ़ाई के दौरान उन्हें अपना प्यार भी मिल गया. हालांकि, उनका बचपन से अभिनेत्री बनने का सपना था, लेकिन बड़े होने के बाद उन्होंने इंडस्ट्री में न आने का फैसला किया. अब झनक ने साबुन बनाने का बिजनेस शुरू किया है.

**'मस्ती 4' के मुहूर्त में फिल्म की पूरी स्टार कास्ट मौजूद रही. इस दौरान अभिनेता रितेश देशमुख, आफताब शिवदासानी, मिलाप जावेरी और इंद्र कुमार इस लॉन्च इवेंट का हिस्सा रहें**




# पूजन और मंत्रोच्चारण के साथ पूरा हुआ 'मस्ती 4' का मुहूर्त

मुंबई । साल 2004 में रिलीज हुई फिल्म 'मस्ती' की चौथी किस्त आने को तैयार है. शनिवार को 'मस्ती 4' का मुहूर्त रखा गया. इस दौरान फिल्म की पूरी स्टार कास्ट मौजूद रही. विधि-विधान से पूजन और मंत्रोच्चारण के साथ इसका शुभारंभ किया गया. दिग्गज अभिनेता जितेंद्र ने अपने हाथों से फिल्म का शुभारंभ किया. 'मस्ती 4' के मुहूर्त में फिल्म की पूरी स्टार कास्ट मौजूद रही. इस दौरान अभिनेता रितेश देशमुख, आफताब शिवदासानी, मिलाप जावेरी और इंद्र कुमार इस लॉन्च इवेंट का हिस्सा रहें. 'मस्ती 4' के मुहूर्त के दौरान निर्देशक मिलाप जावेरी ने अपनी खुशी जाहिर की. उन्होंने कहा, मैं बहुत उत्साहित हूं, रविवार को 'मस्ती '4 का मुहूर्त था. मैं इसे डायरेक्ट कर रहा हूं. रितेश, विवेक, आफताब, के साथ मैं यह बना रहा हूं. मेरे लिए यह बहुत खुशी का दिन है. मैं आपसे वादा करता हूं कि चार गुना मस्ती मिलेगी. निर्देशक मिलाप जावेरी ने यह पूछे जाने पर कि क्या फिल्म में कोई कैमियो देखने को मिल सकता है. उन्होंने कहा कि शायद कैमियो देखने को मिल जाए. यह तो तब ही पता चलेगा जब फिल्म आएगी. उन्होंने फिल्म में ढेर सारी मस्ती, गाने, कॉमेडी का वादा करते हुए निर्माताओं का धन्यवाद किया कि उन्होंने इस फिल्म के लिए जावेरी पर विश्वास दिखाया.



# राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंग। शुभांक-2-4-6

**वृष :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मातृपक्ष के लोगो का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**मिथुन :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। उतावलेपन से बचें। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-3-6-8

**कर्क :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी. कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी. रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है. व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरुआत हो सकती है. शुभांक-1-5-9

**सिंह :** खान-पान में विशेष सावधानी बरतें. मेहमानों का आगमन होगा. राजकीय कार्यों से लाभ. पैतृक सम्पत्ति से लाभ. नैतिक दायरे में रहें. पुरानी गलती का पश्चाताप होगा. विद्यार्थियों को लाभ. दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा. वाहन चालन में सावधानी बरतें. बातचीत में संयम बरतें. शुभांक-4-7-8

**कन्या :** मन प्रसन्न बना रहेगा. अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी. परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी. आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी. भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा. अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें. चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी. शुभांक-5-8-9

**तुला :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे. कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें. अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा. बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी. ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं. समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे. पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे. शुभांक-1-4-7

**धनु :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे. धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा. शुभांक-2-4-5

**मकर :** परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है. अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें. वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा. किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव. सुख आरोग्य प्रभावित होगा. शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. शुभांक-3-5-6

**कुंभ :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा. कामकाज की अधिकता रहेगी. लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी. व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी. रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है. शुभांक-4-6-7

**मीन :** आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी. स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी. ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा. व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. शुभांक-2-5-7

**न्यूज अपडेट**

## पुराने गंडक पुल से महिला ने लगाई छलांग, हुई मौत

**वैशाली।** हाजीपुर नगर थाना क्षेत्र के पुराने गंडक पुल से एक 35 वर्षीय महिला ने नदी में छलांग लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है. घटना बीते देर रात की है. जब महिला ने नदी में छलांग लगाई तो कुछ राहगीरों ने घटना की जानकारी एसडीआरएफ टीम को दी, जिसके बाद गंडक नदी में एसडीआरएफ टीम ने सर्च अभियान चलाकर शव को बाहर निकाला और शव को हरिहर नाथ ओपी के तरफ नदी के उस पार रख दिया था. जिसकी सूचना हरिहर नाथ ओपी पुलिस ने नगर थाने की पुलिस को दी. जिसके बाद नगर थाने की पुलिस अधिकारी ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया है. मृतक महिला की शव की पहचान नहीं हुई है.

## तेज रफ्तार बोलेरो ने दो भाइयों को कुचला, एक की मौत

**पटना।** हाजीपुर-महुआ मुख्य मार्ग के सदर थाना क्षेत्र के रंगीला चौक के निकट तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो ने पैदल जा रहे दो सगे भाइयों को कुचल दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना की सूचना पर पहुंची सदर थाने की पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां पर जांच के बाद डॉक्टरों ने छोटे भाई को मृत्यु घोषित कर दिया. वहीं बड़े भाई का इलाज चल रहा है. मृतक और घायल की पहचान सदर थाना क्षेत्र के हरिहरपुर निवासी राजेश माझी के 12 वर्षीय पुत्र विक्की कुमार व घायल की पहचान आकाश कुमार के रुप में हुई है.

## ठंड ने तोड़ा चार दशक का रिकॉर्ड न्यूनतम पारा पहुंचा 5.5 डिग्री

**पटना।** मुजफ्फरपुर सहित उत्तर बिहार के अलग-अलग जिले में ठंड में तेजी आ गई है. दिन के तापमान के साथ रात के तापमान में आई गिरावट से ये और ज्यादा बढ़ गई है. सुबह और शाम में ठंड से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई है. बता दें कि बीते 5 से 6 दिनों से मौसम में बदलाव का दौर जारी है और रात के तापमान में बेहद कमी आई है. खासकर आधी रात के बाद से ज्यादा ही इसका असर महसूस किया जा रहा है. पिछले तीन से चार दिनों से यही स्थिति बनी हुई है. बताया जा रहा है कि पहाड़ों में हुई बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में भी महसूस किया जा रहा है. इससे यहां भी ठंड बढ़ी है. वहीं सुबह में धूप खिलने के बाद भी ठंड महसूस की जा रहा है.

## रंगदारी मांगने आए दो लोगों को पीट-पीटकर मार डाला

**सीवान।** सीवान में शनिवार बीती रात घर में घुसे रंगदारों की मुहल्ले वासियों ने पीट पीटकर हत्या कर दी. बताया जाता है कि मखदूम सराय लहरा टोली में स्थित अनवर अली के घर में अचानक बीती देर रात दो व्यक्ति हथियार से लैस होकर घुस गए. जिसके बाद घर वालों को हथियार दिखाते हुए रंगदारी की मांग करने लगे. इसके बाद अनवर अली के घर वालों ने शोर मचाना शुरू किया. शोर गुल की आवाज सुनकर आसपास के लोग घर में गए और दोनों अपराधियों की लाठी, रॉड, एवं डंडे से पिटाई करने लगे. इतनी पिटाई कर दी कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई. घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सीवान सदर अस्पताल लायी और पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है.

## राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री ने सरदार पटेल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की



**पटना।** राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की. साथ में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और अन्य विधायकगण मौजूद थे.

**पुलिस अलर्ट : धमकी भरे पत्र की सत्यता जानने में जुटी सुरक्षा एजेंसी**

# महाबोधि मंदिर बुलेट प्रूफ की सुरक्षा में, मिली थी बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी। गया

गया जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध महाबोधि मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी. मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी के बाद बिहार पुलिस अलर्ट पर है. वहीं देश के विभिन्न सुरक्षा एजेंसी धमकी भरा पत्र की सत्यता जानने में जुटी है. साथ ही गया पुलिस किसी भी अप्रिय घटनाओं से निपटने के लिए पूरी तैयारी कर ली है. महाबोधि मंदिर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बलों की तैनाती की गई है. महाबोधि मंदिर की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मियों को विशेष सुरक्षा उपकरणों के साथ-साथ बुलेट प्रूफ वाहन भी मुहैया कराया गया है.

**पर्यटकों को सुरक्षा मिलेगी :** वहीं इस संबंध में सीनियर एसपी आशीष भारती ने बताया कि बोधगया के महाबोधि मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है. महाबोधि मंदिर की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मियों और पुलिस पदाधिकारियों को नए अत्याधुनिक उपकरणों के साथ-साथ पेट्रोलिंग के लिए बुलेट प्रूफ वाहन मुहैया कराया गया है. वहीं उन्होंने कहा कि गया पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों ने महाबोधि मंदिर के आसपास नए उपकरणों के साथ पेट्रोलिंग शुरू कर दी है. इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महाबोधि मंदिर देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु व पर्यटकों की सुरक्षा व्यवस्था में कोई कमी न रह जाए. ताकि आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को सुरक्षा और शांतिपूर्ण वातावरण मिल सकें.

**पत्र में आईएएस का भी नाम है :** बीते सप्ताह महाबोधि मंदिर समिति के सदस्यों को पत्र के माध्यम से मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी. बताया गया था कि झारखंड राज्य के वासेपुर का कुख्यात गैंगस्टर प्रिंस खान ने दी है. धमकी भरा पत्र में आईएसएस का भी जिक्र किया गया है. महाबोधि मंदिर उड़ाने की धमकी भरा पत्र मिलने के बाद गया पुलिस के साथ-साथ देश के विभिन्न सुरक्षा एजेंसी भी एक्टिव हो गई है. उसके बाद गैंगस्टर प्रिंस की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी है. लेकिन वह हाथ नहीं लगा.



**जांच होगी तो सच सामने आ जाएगा**

वहीं वासेपुर का कुख्यात गैंगस्टर प्रिंस खान ने सोशल मीडिया पर ऑडियो वायरल कर अपने आप को बेगुनाह बताया है. गैंगस्टर खान ने कहा कि हमारे विरोधियों द्वारा परिवार को परेशान करने के लिए ऐसा किया गया है. हम हिन्दुस्तानी है, मेरे लिए मस्जिद और मंदिर एक समान है. जांच होगी तो सच सामने आ जाएगा. मालूम हो कि पूर्व में आतंकियों ने महाबोधि मंदिर में कई बम धमाके कर चुके हैं. यही कारण है कि गया पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है.

## करंट लगने से किसान की मौत परिजनों में मचा कोहराम



**गोपालगंज।** गोपालगंज जिले के हथुआ थाना क्षेत्र के जादो पिपरा नहर के पास बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही से एक व्यक्ति की उस वक्त जिंदा जलकर मौत हो गई जब वो हमेशा की तरह सुबह अपने घर से दूध देने साइकिल से जा रहा था. बताया जाता है कि गोपालगंज जिले हथुआ थाना क्षेत्र के बढ़ेया टोला बरौली के रहने वाले संतोष यादव दूध बेचकर अपने बच्चों का पालन पोषण करते थे. रविवार की सुबह करीब सात बजे जब अपने घर से पिपरा दूध बेचने जा रहे थे. इसी बीच बिजली विभाग की लापरवाही से रास्ते पर गिरे ग्यारह हजार हाइ वोल्टेज के नंगे तार की चपेट में आ गए, जिससे वो मौके पर ही जिंदा जल गए. अपने पीछे वो दो पुत्री एवं एक पुत्र तथा पत्नी को छोड़ गए, जिनका रो रोकर बुरा हाल है. मृतक के भाई का कहना है कि किसी तरह दूध बेचकर वो अपने बच्चों का पेट पालते थे. अब बच्चे किसके सहारे रहेंगे. उन्होंने बताया कि कई बार बिजली विभाग को बताया गया था, लेकिन लापरवाही से आज मेरा भाई जिंदा जल गया. मौके पर पहुंचे हथुआ एसडीएम ने हर संभव सहायता दिलाने की बात कह परिवार को ढांढस बंधाया.

## शिक्षा विभाग ने काउंसलिंग के लिए नया डेट जारी किया

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से प्रधान शिक्षक और प्रधानाध्यापक की परीक्षा पास कर चुके अभ्यर्थियों के लिए अच्छी खबर है. शिक्षा विभाग ने काउंसलिंग की तिथि में फिर से बदलाव किया है. शिक्षा विभाग की ओर से जारी पत्र के अनुसार, प्रधानाध्यापकों व प्रधान शिक्षकों की काउंसलिंग अब 20 दिसंबर से शुरू होगी. यह सात जनवरी तक चलेगी. काउंसलिंग की प्रक्रिया शिक्षकों के पदस्थापना वाले जिलों में ही होगी. शिक्षा विभाग ने बीपीएससी टीआरई 3 पास शिक्षकों के लिए काउंसलिंग की तिथि जारी की है. यह 23 दिसंबर से शुरू होगी और 28 दिसंबर तक चलेगी. काउंसलिंग बीपीएससी द्वारा संबंधित अभ्यर्थियों को आवंटित जिले में होगी. वहीं दूसरे चरण की सक्षमता परीक्षा पास हुए नियोजित शिक्षकों की काउंसलिंग 30 दिसंबर से शुरू होगी. यह सात जनवरी तक चलेगी. इन शिक्षकों की काउंसलिंग उनके पदस्थापना वाले जिले में ही होगी. शिक्षा विभाग के अनुसार, सरकारी विद्यालयों में नियुक्त होने वाले प्रधान शिक्षकों की काउंसिलिंग शनिवार को समाप्त हो गई है. अंतिम दिन 185 शिक्षकों के प्रमाण पत्रों की जांच कर उनकी काउंसिलिंग कराई गई.

## तेजस्वी लोगों को झांसा देकर सत्ता हथियाना चाहते हैं : उपेंद्र



**भागलपुर ।** बिहार में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कई राजनीतिक दलों के नेता बिहार यात्रा पर है. राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा भी इन दिनों सूबे के सभी जिलों का दौरा कर रहे है. इस कड़ी में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा भागलपुर पहुंचे. जहां पर उन्होंने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव और वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर बड़ा बयान दे दिया . उन्होंने कहा कि अब देश का मूड वन नेशन वन इलेक्शन की तरफ जा रहा है. बिहार का मूड एक बार फिर 2025 में एनडीए की तरफ जा रहा है और मेरा भी मूड एनडीए की सरकार की तरफ ही है. इसके साथ ही उन्होंने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर जमकर सियासी हमला किया हैं. उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव को पता है कि सत्ता में नहीं आएंगे.इसलिए अर्नगल बयान दे रहे हैं बीपीएससी के अभ्यर्थी के ऊपर बड़ी सहानुभूति जाता रहे हैं. उन्हें पता होना चाहिए कि उनके पिता लालू प्रसाद यादव के शासनकाल में बीपीएससी बंद हो गया था. बिहार के लोगों को झांसा देकर सत्ता में आने का कोशिश कर रहे हैं लेकिन तेजस्वी सत्ता में आने वाले नहीं है.

## तेजस्वी की बातों में नहीं फंसेगी बिहार की जनता : सम्राट चौधरी

**पटना ।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में हमारी सरकार बनी तो हम राज्य की माताओं और बहनों के लिए माई-बहन मान योजना की शुरुआत करेंगे. इस योजना की घोषणा के बाद उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को कहा कि लालू परिवार पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त रहा है. उन्होंने कहा कि 950 करोड़ रुपए का इन्होंने चारा घोटाला किया. गरीबों की जमीन लेकर उन्हें नौकरी दिया. उन्होंने कहा कि बिहार की जनता के इन लोगों को समझ लिया है. बिहार की जनता जान चुकी है कि लालू-राबड़ी और राजद के राज में क्या क्या हुआ था. बिहार की जनता फिर कभी भी इनको सत्ता सौंपने वाली नहीं है. सम्राट ने भरोसा जताया कि तेजस्वी कि माई-बहन मान योजना का कोई असर बिहार के लोगों पर नहीं पड़ेगा. तेजस्वी और राजद बिहार की सत्ता में कभी नहीं लौटेंगे. दरअसल, तेजस्वी ने कहा था कि हमारी सरकार बनने के एक महीने के भीतर माई-बहन मान योजना की शुरुआत कर दी जाएगी.

**कारोबार**

## 16 जनवरी को करेगी दिसंबर तिमाही के नतीजों की घोषणा

**नयी दिल्ली।** फिलहाल हम वित्त वर्ष 2025 के दिसंबर तिमाही में मौजूद है. यह तिमाही आगामी 31 दिसंबर 2024 को समाप्त हो जाएगी. दिसंबर तिमाही समाप्ति के बाद बाजार की कंपनियां अपने रिजल्ट पेश करना शुरू करेंगी. इसी क्रम में कंपनियों के द्वारा दिसंबर तिमाही के रिजल्ट कब पेश किए जाएंगे? उनकी तारीख की भी जानकारी आना शुरू हो चुकी हैं. आईटी दिग्गज इंफोसिस ने घोषणा किया है कि वह अपनी वित्त वर्ष 2025 के दिसंबर तिमाही का रिजल्ट आगामी 16 जनवरी 2025, दिन गुरुवार को पेश करेगी. कंपनी यह रिजल्ट शेयर बाजार बंद होने के बाद जारी करेगी. देश की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी इन्फोसिस ने रेगुलेटरी फाइलिंग के दौरान जानकारी दी है कि कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की मीटिंग आगामी 15 जनवरी दिन बुधवार और 16 जनवरी दिन गुरुवार को आयोजित होगी.

## आधार फ्री में अपडेट करने की डेडलाइन 6 महीने बढ़ी

**मुंबई।** यूआईडीएआई ने आधार डीटेल फ्री अपडेट की डेडलाइन को फिर से बढ़ा दिया है. अभी तक इसकी आखिरी तारीख 14 दिसंबर थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 14 जून 2025 कर दिया गया है. यानी आपको अब सीधे-सीधे करीब 6 महीने का वक्त मिल गया है, जिस दौरान आप अपनी आधार डीटेल्स फ्री में अपडेट करवा सकेंगे. इस आखिरी तारीख के बाद आपको आधार डीटेल अपडेट करवाने के लिए कुछ अतिरिक्त फीस चुकानी होगी. यानी अगर आप चूक जाते हैं तो आपको कुछ नुकसान उठाना पड़ सकता है. ध्यान रहे कि यह फ्री सर्विस सिर्फ माई आधार पोर्टल पर ही उपलब्ध है. यूआईडीएआई की तरफ से एक्स पर इसे लेकर एक पोस्ट शेयर की गई थी. इस पोस्ट में लिखा था-यूआईडीएआई ने फ्री ऑनलाइन डॉक्युमेंट अपलोड की सुविधा को 14 जून 2025 तक के लिए बढ़ा दिया है.

## स्विगी ने 'सीन्स' सर्विस लॉन्च की

**मुंबई।** फूड डिलिवरी प्लैटफॉर्म स्विगी ने अपने आउट-ऑफ-होम वर्टिकल, डाइनआउट के तहत 'सीन्स सर्विस लॉन्च की है. इससे आप अपकमिंग इवेंट्स के टिकट बुक कर सकेंगे. स्टॉक मार्केट में हाल ही में लिस्ट होने के बाद स्विगी ने इवेंट और टिकटिंग कारोबार को बढ़ावा देने के लिए यह सर्विस शुरू की है. स्विगी ने अपने मूल ऐप में ही डाइन-आउट सेक्शन में इस सर्विस को जोड़ा है. स्विगी ऐप के डाइनआउट सेक्शन में सीन्स के जरिए वर्तमान में क्रिसमस, न्यू ईयर पार्टी, लाइव म्यूजिक और डीजे नाइट्स जैसे कार्यक्रमों को लिस्ट किया गया है और इनके टिकट बेचे जा रहे हैं. सीन्स फिलहाल मुंबई और बैंगलोर में लाइव है. जल्द ही इसे अन्य शहरों में भी लाइव किया जाएगा. कंपनी इस सर्विस से जोमैटो के 'डिस्ट्रिक्ट' ऐप को टक्कर देगी, जिसे आईओएस और एंड्रॉयड यूजर्स के लिए हाल ही में लॉन्च किया गया था. डिस्ट्रिक्ट ऐप में मूवी, स्पोर्ट्स, इवेंट्स और रेस्टोरेंट में अपना टेबल बुक करने जैसी सुविधा दी जा रही हैं. हालांकि, जोमैटो के डिस्ट्रिक्ट ऐप की तरह स्विगी के सीन्स में मूवी टिकट बुकिंग की सर्विस अवेलेबल नहीं है.

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा, एफपीआई के आंकड़े भी आए सामने

एजेंसी । नयी दिल्ली

सेंसेक्स की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 1,13,117.17 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई. सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल रही. समीक्षाधीन सप्ताह में जहां टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और इन्फोसिस के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई, वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मूल्यांकन में गिरावट आई. इस बीच अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय बाजार में वापसी की. दिसंबर के पहले दो सप्ताह में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजारों में शुद्ध रूप से 22,766 करोड़ रुपये का निवेश किया है. इससे पहले नवंबर में एफपीआई ने भारतीय बाजार से 21,612 करोड़ रुपये और अक्तूबर में 94,017 करोड़ रुपये की भारी निकासी की थी. दिलचस्प यह है कि सितंबर में एफपीआई का प्रवाह के लिए नौ माह के उच्चस्तर 57,724 करोड़ रुपये पर पहुंच गया था.

**इनका बाजार मूल्यांकन बढ़ा**

- **समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 47,836.6 करोड़ रुपये बढ़कर 9,57,842.40 करोड़ रुपये पर पहुंच गया.**
- इन्फोसिस की बाजार हैसियत 31,826.97 करोड़ रुपये बढ़कर 8,30,387.10 करोड़ रुपये रही.
- **एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 11,887.78 करोड़ रुपये बढ़कर 14,31,158.06 करोड़ रुपये पर और आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 11,760.8 करोड़ रुपये बढ़कर 9,49,306.37 करोड़ रुपये पर पहुंच गया.**
- टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 9,805.02 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 16,18,587.63 करोड़ रुपये रहा.

**इनका बाजार मूल्यांकन घटा**

- **इस रुख के उलट रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 52,031.98 करोड़ रुपये घटकर 17,23,144.70 करोड़ रुपये रह गया.**
- एलआईसी की बाजार हैसियत 32,067.73 करोड़ रुपये घटकर 5,89,869.29 करोड़ रुपये पर आ गई.
- हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) का मूल्यांकन 22,250.63 करोड़ रुपये घटकर 5,61,423.08 करोड़ रुपये रह गया.
- **भारतीय स्टेट बैंक का बाजार मूल्यांकन 2,052.66 करोड़ रुपये घटकर 7,69,034.51 करोड़ रुपये पर आ गया.**
- आईटीसी की बाजार हैसियत 1,376.19 करोड़ रुपये घटकर 5,88,195.82 करोड़ रुपये रह गई.



**अब बात करते हैं एफपीआई की**

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, ताजा प्रवाह के साथ 2024 में अब तक शेयरों में एफपीआई का निवेश 7,747 करोड़ रुपये रहा है. एफपीआई ने इस महीने अबतक (13 दिसंबर तक) शेयरों में शुद्ध रूप से 22,766 करोड़ रुपये का निवेश किया है. इसकी वजह यह है कि माना जा रहा है कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक ब्याज दर में कटौती करेगा. समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने बॉन्ड में सामान्य सीमा के तहत 4,814 करोड़ रुपये का निवेश किया है. वहीं उन्होंने स्वैच्छिक प्रतिधारण मार्ग (वीआरआर) से 666 करोड़ रुपये की निकासी की है. इस साल अबतक एफपीआई ऋण या बॉन्ड बाजार में 1.1 लाख करोड़ रुपये का निवेश कर चुके हैं.

**पहले बात करते हैं शेयर बाजार की :** पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 623.07 अंक या 0.76 प्रतिशत चढ़ गया. वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 90.5 अंक या 0.36 प्रतिशत के लाभ में रहा.

**गुजरात में शुरू हुआ सेमीकंडक्टर प्लांट**

## सुची सेमीकॉन 3 साल में 840 करोड़ करेगी निवेश

**मुंबई।** सुची सेमीकॉन ने गुजरात में पहला सेमीकंडक्टर प्लांट शुरू किया. कंपनी ने टेस्टिंग और असेंबलिंग के ट्रायल की शुरुआत की है. कंपनी की योजना 3 साल में 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की है. सुची ग्रुप के चेयरमैन और सुची सेमीकॉन के फाउंडर अशोक मेहता ने कहा कि कंपनी ने ईपीईसीएस (इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जों और सेमीकंडक्टर के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना) और भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत केंद्र के प्रोत्साहन के लिए आवेदन किया है, लेकिन वह प्रोत्साहन के लिए उत्पादन को रोकना नहीं चाहती है. मेहता ने कहा, हमारे पास एक पूरी तरह तैयार कारोबारी योजना है. हमारी कारोबारी योजना मुख्य रूप से प्रोत्साहन के लिए नहीं है. हमने कारोबार करने के लिए एक प्लांट स्थापित किया है. केंद्र की मंजूरी तब मिलेगी जब हम उनकी जरूरतों को पूरा करेंगे. हमने तीन साल में 10 करोड़ डॉलर (लगभग 840 करोड़ रुपये) के निवेश की योजना बनाई है. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्लांट के लिए 20% प्रोत्साहन को मंजूरी दी है. मेहता ने कहा, कोविड के समय जब सेमीकंडक्टर की कमी थी, तब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संकट को अवसर में बदलने को कहा था. हमने उस समय सेमीकंडक्टर कारोबार में उतरने का मन बनाया था. हमने उद्योग विशेषज्ञों के साथ काफी शोध के बाद कारखाना शुरू करने का फैसला किया. मेहता कपड़ा कंपनी सुची इंडस्ट्रीज के संस्थापक भी हैं. सुची सेमीकॉन के को-फाउंडर शीतल मेहता ने कहा कि सेमीकंडक्टर की कमर्शियल सप्लाई अगले साल की पहली तिमाही में शुरू होगी. टेस्टिंग पूरा होने के बाद कमर्शियल खेप की आपूर्ति शुरू हो जाएगी. कुछ अनुप्रयोगों में जहां हमारे कलपुर्जों का उपयोग किया जाएगा, परीक्षण और अनुमोदन के लिए दो सप्ताह का समय लगता है. वहीं कुछेक के मामले में 3-4 महीने लग सकते हैं.



**हुई डील** 1,628 करोड़ रुपए में हुई डील, ये सहायक कंपनी की तरह काम करेगी

# रिलायंस ने एनएमआईआईए में 74% हिस्सेदारी खरीदी

एजेंसी । मुंबई

मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने नवी मुंबई आईआईए प्राइवेट लिमिटेड में 74% हिस्सेदारी खरीदी है. इसके लिए रिलायंस ने 1,628 करोड़ रुपए खर्च किए हैं. यह कंपनी एनएमआईआईए महाराष्ट्र में इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एरिया (आईआईए) डेवलप करने का काम करती है. इस डील के बाद एनएमआईआईए रिलायंस इंडस्ट्रीज की सहायक कंपनी बन गई है. रिलायंस ने एनएमआईआईए के 57,12,39,588 शेयर 28.50 रुपए प्रति शेयर के हिसाब से खरीदे हैं. एनएमआईआईए की बाकि 26% की हिस्सेदारी सिटी एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ऑफ महाराष्ट्र लिमिटेड के पास है. बता दें एनएमआईआईए को महाराष्ट्र सरकार ने आईआईए के विकास के लिए 'स्पेशल प्लानिंग अथॉरिटी' नियुक्त किया है. यह अथॉरिटी शहर की योजना और विकास का काम देखेगी.

2004 में हुई थी एनएमआईआईए की शुरुआत एनएमआईआईए की शुरुआत 15 जून, 2004 को हुई थी. महाराष्ट्र क्षेत्रीय और नगर नियोजन अधिनियम, 1966 के तहत विशेष योजना प्राधिकरण के रूप में मान्यता प्राप्त, एनएमआईआईए ने 34.89 करोड़ रुपए (एफवाई24), 32.89 करोड़ रुपए (एफवाई23) और 34.74 करोड़ रुपए (एफवाई22) का कारोबार हासिल किया है. इरा बिंद्रा को रिलायंस का एचआर डिपार्टमेंट का ग्रुप प्रेसिडेंट बनाया इरा बिंद्रा को रिलायंस इंडस्ट्रीज के एचआर डिपार्टमेंट का ग्रुप प्रेसिडेंट नियुक्त किया है. 47 साल की बिंद्रा ग्रुप की एग्जीक्यूटिव कमेटी में शामिल होने वाली ऐसी पहली महिला सदस्य हैं जो अंबानी परिवार से नहीं हैं. इसके अलावा वो एग्जीक्यूटिव कमेटी में सबसे कम उम्र की महिला होंगी. इससे पहले इरा बिंद्रा यूएसए की मेडट्रॉनिक कंपनी में एचआर हेड और ग्लोबल रीजन्स की वाइस प्रेसिडेंट थीं.





## कंस्ट्रक्शन कंपनी को एक हफ्ते में मिला दूसरा बड़ा ऑर्डर

एजेंसी। नयी दिल्ली

हाल ही में लिस्ट हुई शापूरजी पलोनजी ग्रुप की कंस्ट्रक्शन कंपनी एफकॉर्न इनफ्रास्टक्चर को एक बड़ा ऑर्डर मिला है. शेयर बाजार को दी जानकारी में कंस्ट्रक्शन कंपनी ने कहा कि उसे मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कंपनी से कंस्ट्रक्शन के लिए लेटर ऑफ एक्सेप्टेंस मिला है. यह ऑर्डर 1006.74 करोड़ रुपये का है. एक हफ्ते में कंपनी को यह दूसरा बड़ा ऑर्डर हासिल हुआ है. 13 दिसंबर को कंस्ट्रक्शन स्टॉक 0.65% की गिरावट के साथ 522.65 रुपये पर बंद हुआ. एक्सचेंज फाइलिंग के मुताबिक, कंस्ट्रक्शन कंपनी एफकॉर्न इन्फ्रास्टक्चर को मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कंपनी से एक प्रोजेक्ट के लिए एलओए मिला है. मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कंपनी की तरफ से भोपाल मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के एक कंस्ट्रक्शन पैकेज बीएच 5 के लिए लैटर ऑफ एक्सेप्टेंस मिल गया है. इस प्रोजेक्ट की लंबाई 12 किलोमीटर से ज्यादा है. इस प्रोजेक्ट के तहत कंपनी को दिए गए रूट पर 13 मेट्रो स्टेशन और एलीवेटेड वायाडक्ट तैयार करने हैं. इससे पहले इसी हफ्ते 11 दिसंबर को कंपनी के ज्वाइंट वेंचर को 500 करोड़ रुपये से ज्यादा का वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट मिला है. शापूरजी पलोनजी ग्रुप की कंपनी का शेयर पिछले महीने 4 नवंबर को लिस्ट हुआ है.

गाबा टेस्ट के बीच बीसीसीआई का बड़ा फैसला

# ऑस्ट्रेलिया दौरा बीच में छोड़ भारत लौट रहे 3 खिलाड़ी

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी तीसरे टेस्ट मैच के बीच अपने 3 खिलाड़ियों को भारत भेजने का फैसला किया है. तीनों तेज गेंदबाज हैं और उन्हें ऑस्ट्रेलिया में जारी टेस्ट सीरीज में खेले गए तीन मैचों में मौका नहीं मिला. स्वदेश लौटकर ये खिलाड़ी विजय हजारे ट्रॉफी में खेलते हुए नजर आएंगे.विजय हजारे ट्रॉफी का आगाज 21 दिसंबर से हो रहा है जो 18 जनवरी तक चलेगा. इन खिलाड़ियों में मुकेश कुमार, यश दयाल और नवदीप सैनी शामिल हैं जिन्हें टीम इंडिया के साथ रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर रखा गया था.तीनों गेंदबाजों को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बाकी बचे दो टेस्ट मैचों में भी मौका मिलना मुश्किल था. ऐसे में भारतीय बोर्ड ने इस गेंदबाजों को रिलीज करने का फैसला किया.बोर्ड ने इन तीनों को इसलिए पहले रिलीज किया ताकि वो भारत लौटकर विजय हजारे ट्रॉफी से पहले पर्याप्त प्रैक्टिस कर सकें.मुकेश कुमार को बंगाल की टीम ने अपने स्क्वॉड में जगह दी है. विजय हजारे ट्रॉफी के लिए बंगाल ने अपने स्क्वॉड में मोहम्मद शमी को भी जगह दी है जो फिटनेस साबित करते हुए नजर आएंगे. शमी के ऑस्ट्रेलिया जाने की उम्मीदें धूमिल होती जा रही हैं.

टेस्ट सीरीज में इनकी जरूरत नहीं



### मुकेश बंगाल और यश उत्तर प्रदेश टीम से खेलेंगे

नवदीप सैनी को सिर्फ एक प्रैक्टिस गेम मे खेलने का मौका मिला .वहीं यश दयाल को खलील अहमद की जगह टीम से जोड़ा गया था .खलील अहमद बिना खेले चोटिल होकर ऑस्ट्रेलिया से लौट आए थे .यश विजय हजारे ट्रॉफी के लिए उत्तर प्रदेश टीम में शामिल होंगे वहीं मुकेश बंगाल जबकि सैनी दिल्ली की ओर से विजय हजारे ट्रॉफी में गेंदबाजी करते हुए दिखेंगे .ओपनर अभिमन्यु ईश्वरन और देवदत्त पडिक्कल को भी टीम से रिलीज किया जा सकता है .

### भारत के पास 5 तेज गेंदबाज मौजूद

मुकेश कुमार,नवदीप सैनी और यश दयाल के टीम इंडिया से रिलीज होने के बाद भी भारतीय टीम के पास 5 बतौर तेज गेंदबाज मौजूद हैं .इनमें जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाशदीप, हर्षित राणा और प्रसिद्ध कृष्णा शामिल हैं .मुकेश और सैनी शुरू से टीम इंडिया के साथ थे .दोनों इंडिया ए के साथ ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गए थे जहां उनका सामना ऑस्ट्रेलिया की ए टीम से हुआ था . मुकेश ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दोनों अनऑफिशियल टेस्ट खेले थे जिसमें उन्होंने 11 विकेट चटकाए .

## जसप्रीत बुमराह पर नस्लीय टिप्पणी ऑस्ट्रेलिया में दोहराया गया 'मंकीगेट' कांड

एजेंसी। ब्रिसबेन

गाबा टेस्ट मैच का दूसरा दिन ऑस्ट्रेलिया के नाम रहा.ऑस्ट्रेलिया ने ट्रेविस हेड और स्टीव स्मिथ की शतकीय पारियों के दम पर दिन का खेल खत्म होने तक 7 विकेट के नुकसान पर 405 रन बनाए.वहीं,भारत की ओर से तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ही अपनी छाप छोड़ने में कामयाब रहे.वह सबसे सफल गेंदबाज रहे,लेकिन इस मुकाबले के दौरान इंग्लैंड की पूर्व क्रिकेटर ईसा गुहा ने कमेंट्री के दौरान जसप्रीत बुमराह के बारे में नस्लीय टिप्पणी की,जिसके बाद एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है.बता दें, दूसरे दिन के पहले सेशन में जसप्रीत बुमराह ने भारतीय टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई थी. उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के दोनों ओपनर्स को सस्ते में पवेलियन भेज दिया था. बुमराह के इस दमदार स्पेल से ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली प्रभावित हुए और उन्होंने फॉक्स क्रिकेट के लिए कमेंट्री करते हुए कहा, 'बुमराह, आजः पांच ओवर, 2-4. तो, यही लहजा है और यही आप पूर्व कप्तान से चाहते हैं.' इस दौरान ब्रेट ली के साथ इंग्लैंड की पूर्व क्रिकेटर ईसा गुहा भी कमेंट्री कर रही थीं. उन्होंने ब्रेट ली की बात का जवाब देते हुए कहा, 'वह एमवीपी हैं,है न? सबसे वैल्युएबल प्राइमेट, जसप्रीत बुमराह.बता दें, आमतौर पर एमवीपी का मतलब सबसे वैल्युएबल खिलाड़ी होता है. लेकिन ईसा गुहा ने कमेंट्री के दौरान प्राइमेट शब्द का इस्तेमाल किया.

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी : ब्रिसबेन टेस्ट के दूसरे दिन का खेल खत्म

# स्मिथ-हेड के शतक, ऑस्ट्रेलिया 400 पार

एजेंसी. ब्रिसबेन

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत यहां खेले जा रहे तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन का खेल खत्म हो गया. ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में सात विकेट खोकर 405 रन बना लिए हैं. मिचेल स्टार्क 7 रन और एलेक्स कैरी 45 रन बनाकर नाबाद हैं. ऑस्ट्रेलिया के लिए ट्रेविस हेड ने 152 रन और स्टीव स्मिथ ने 101 रन की शतकीय पारी खेली. वहीं, भारतीय टीम की ओर से जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट लिए हैं.रविवार को मैच के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने 13.2 ओवर में बिना किसी विकेट के 28 रन से आगे खेलना शुरू किया. मेजबान टीम को 31 के स्कोर पर पहला झटका लगा. सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा 54 गेंद में तीन चौके की मदद से 21 रन बनाकर आउट हो गए. फिर 38 के स्कोर पर टीम का दूसरा विकेट गिरा और दूसरे सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी भी पवेलियन चलते बने. मैकस्वीनी 9 रन बना सके. 75 के स्कोर पर मार्नस लाबुशेन भी आउट होकर पवेलियन लौट गए. लबुशने केवल 12 रन बना सके. इसके बाद स्टीव स्मिथ और ट्रेविस हेड ने पारी को आगे बढ़ाया. दोनों बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतक जड़ दिए. हेड ने जहां ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 115 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया, वहीं स्मिथ ने धैर्यपूर्वक बल्लेबाजी करते हुए 185 गेंदों में अपना शतक पूरा किया. यह उनके टेस्ट करियर का 33वां शतक है. दोनों बल्लेबाजों ने 200 रन से ज्यादा की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 300 के आंकड़े के पार पहुंचाया. इस साझेदारी का अंत जसप्रीत बुमराह ने स्मिथ को आउट करके किया. स्मिथ 190 गेंदों में 12 चौकों की मदद से 101 रन बनाकर आउट हुए. स्मिथ के बाद मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड को भी बुमराह ने पवेलियन भेज दिया. मार्श पांच रन बना सके, जबकि हेड ने 160 गेंद में 18 चौके की मदद से 152 रन बनाए. 385 के स्कोर पर ऑस्ट्रेलिया को सातवां झटका लगा. कप्तान पैट कमिंस 20 रन बनाकर आउट हुए. मिचेल स्टार्क सात रन और एलेक्स कैरी 45 रन बनाकर नाबाद हैं. भारत की ओर से अब तक जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट लिए जबकि मोहम्मद सिराज और नीतीश कुमार रेड्डी ने एक-एक विकेट हासिल किया है.

जसप्रीत बुमराह ने झटके 5 विकेट



### पहले दिन का खेल बारिश की भेंट चढ़ा

पहले दिन का खेल बारिश की भेंट चढ़ गया था . पहले दिन केवल 13 .2 ओवर का खेल हो सका, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने बिना किसी नुकसान के 28 रन बनाए . इस मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था . मैच में केवल 5 .3 ओवर फेंके गए थे, तभी बारिश शुरू हो गई, जिसके कारण 25 मिनट तक खेल रुका रहा . बारिश रुकने के बाद फिर से खेल शुरु हुआ और ख्वाजा और मैकस्वीनीने संभलकर खेलना जारी रखा . 13 .2 ओवर के बाद फिर से बारिश शुरू हो गई और फिर रुकी ही नहीं, जिसके बाद मैच अधिकारियों ने दिन का खेल समाप्त घोषित कर दिया .

भारत के खिलाफ स्टीव स्मिथ ने शतक जड़ रचा इतिहास

## जो रूट का रिकॉर्ड ध्वस्त किया

एजेंसी। ब्रिस्बेन

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच गाबा में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट के पहले दिन बारिश के चलते 13.2 ओवर ही फेंके जा सके थे. ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे दिन 28 रन के स्कोर से खेलना शुरू किया और दूसरे दिन तीसरे सेशन में तीन विकेट के नुकसान पर स्कोर को 300 के पार पहुंचा दिया. टी ब्रेक से पहले जहां गाबा में ट्रैविस हेड ने तूफानी शतक जड़ा तो वहीं,दूसरे दिन के तीसरे सेशन में स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने भी अपना शतक पूरा किया. इस शतक के साथ ही स्टीव स्मिथ ने भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में इतिहास रच दिया है. उन्होंने इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट का एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया है.

### भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट शतक

| | |
|---|---|
| 41 पारियों में 10 | स्टीव स्मिथ |
| 55 पारियों में 10 | जो रूट |
| 30 पारियों में 8 | गैरी सोबर्स |
| 41 पारियों में 8 | विव रिचर्ड्स |
| 51 पारियों में 8 | रिकी पोंटिंग |

### स्टीव स्मिथ ने भारत के खिलाफ 41 पारियों में ठोके 10 शतक

बता दें कि इससे पहले टेस्ट क्रिकेट में भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक जड़ने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के भरोसेमंद बल्लेबाज जो रूट के नाम दर्ज था। रूट ने 55 पारियों में भारत के खिलाफ 10 शतक पूरे किए थे। वहीं, अब स्टीव स्मिथ ने भारत के खिलाफ 41 पारियों में 10 टेस्ट शतक पूरे करते हुए जो रूट के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है।



विवाद का वीडियो हो रहा है वायरल

## स्टंप बेल्स बदलने को लेकर आमने-सामने आए लाबुशेन और सिराज

एजेंसी। ब्रिस्बेन

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ब्रिस्बेन के गाबा में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला खेला जा रहा है. इन दो टीमों के बीच टेस्ट मैच हो और कोई विवाद न हो, ऐसा हो ही नहीं सकता. पहले और दूसरे टेस्ट में अलग-अलग खिलाड़ियों से मोहम्मद सिराज के भिड़ने के वीडियो सामने आए थे. सिराज का लाबुशेन और ट्रेविस हेड के साथ तू-तू-मैं-मैं जगजाहिर है. अब गाबा में भी सिराज ने लाबुशेन के साथ अपनी प्रतिद्वंद्विता को जारी रखा है. दोनों स्टंप बेल्स को ठीक करने को लिए भिड़ गए. हालांकि,दोनों के बीच शब्दों का आदान प्रदान नहीं हुआ,लेकिन दोनों की हरकतों से ऐसा लग रहा था कि दोनों बेल्स बदलने को लेकर बेताब हैं और एक दूसरे से कह रहे हैं- पहले मैं बदलूंगा...नहीं पहले मैं बदलूंगा.

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ब्रिस्बेन के गाबा में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला खेला जा रहा है. इन दो टीमों के बीच टेस्ट मैच हो और कोई विवाद न हो, ऐसा हो ही नहीं सकता. पहले और दूसरे टेस्ट में अलग-अलग खिलाड़ियों से मोहम्मद सिराज के भिड़ने के वीडियो सामने आए थे. सिराज का लाबुशेन और ट्रेविस हेड के साथ तू-तू-मैं-मैं जगजाहिर है. अब गाबा में भी सिराज ने लाबुशेन के साथ अपनी प्रतिद्वंद्विता को जारी रखा है. दोनों स्टंप बेल्स को ठीक करने को लिए भिड़ गए. हालांकि, दोनों के बीच शब्दों का आदान प्रदान नहीं हुआ, लेकिन दोनों की हरकतों से ऐसा लग रहा था कि दोनों बेल्स बदलने को लेकर बेताब हैं और एक दूसरे से कह रहे हैं- पहले मैं बदलूंगा...नहीं पहले मैं बदलूंगा.



### 33वें ओवर की घटना

सिराज को इस दौरे पर ऑस्ट्रेलियाई दर्शकों से ज्यादा प्यार नहीं मिला है . हेड और लाबुशेन से भिड़ने के बाद ऑस्ट्रेलियाई दर्शकों ने उनकी हूटिंग की थी . हालांकि, सिराज को इससे जरा भी फर्क नहीं पड़ा और ब्रिस्बेन में भी उन्होंने अब तक शानदार गेंदबाजी की है . अपनी आक्रामक गेंदबाजी शैली के लिए जाने जाने वाले सिराज ने एक बार फिर लाबुशेन पर निशाना साधा . ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के 33वें ओवर में गेंद फेंकने के बाद सिराज स्ट्राइक पर मौजूद लाबुशेन के करीब गए और उन्होंने स्टंप्स पर रखे बेल्स की अदला बदली कर दी . दाएं को बाएं और बाएं को दाएं साइड कर दिया . इसके बाद वह वहां से जाने लगे . तभी लाबुशेन ने हड़बड़ा कर बेल्स को फिर से बदल दिया और पहले वाली स्थिति में ले आए . इस मजेदार प्रतिद्वंद्विता को देखकर फैंस ने पसंद किया . सोशल मीडिया पर इसका वीडियो जमकर वायरल हो रहा है .

### वू यान ने विश्व भारोत्तोलन में तीन स्वर्ण पदक जीते

**बीजिंग।** अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, बहरीन में जारी 2024 विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में 14 दिसंबर को 23 वर्षीय चीनी खिलाड़ी वू यान ने महिलाओं के 87 किग्रा वर्ग में तीन स्वर्ण पदक जीते.महिलाओं के 87 किग्रा वर्ग में चीनी टीम ने दो खिलाड़ियों वू यान और श्यू लिन्यूए को प्रतिस्पर्धा के लिए भेजा था. पिछले तीन राष्ट्रीय चैंपियनशिप में इस स्तर की चैंपियन वू यान के पास प्रतियोगिता में कोई प्रतिद्वंद्वी नहीं था.सभी छह प्रयास सफल रहे.

अंडर-19 विमेंस एशिया कप

## इंडिया ने पाक को बुरी तरह धोया

एजेंसी। नई दिल्ली

अंडर-19 विमेंस एशिया कप में भारतीय टीम ने पाकिस्तान को बुरी तरह हरा दिया है. पाकिस्तान की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर केवल 67 रन बना सकी थी. टीम इंडिया ने इस छोटे से लक्ष्य को महज 7.5 ओवर में चेज कर दिया. सोनम यादव भारत की इस दमदार जीत की सबसे बड़ी स्टार रहीं. उन्होंने कंजूसी भरी गेंदबाजी की और 4 ओवर में महज 1.5 की औसत से 6 रन दिए. इस दौरान उन्होंने 4 बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया. उनकी घातक बॉलिंग के आगे पाकिस्तानी बल्लेबाजों ने घुटने टेक दिए.

सिर्फ 47 गेंदों में जीता मैच



### झुग्गी से निकल क्रिकेट में बना नाम कमा रही

**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग 2025 ऑक्शन में युवा बैटर सिमरन शेख पर बड़ी बोली लगी. मुंबई की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलने वाली सिमरन को गुजरात टाइटंस ने 1.9 करोड़ की बोली लगाकर अपने साथ जोड़ा. मुंबई के धारावी की झुग्गी बस्ती से निकलकर क्रिकेट में नाम कमा रही सिमरन को पिछले साल यूपी वॉरियर्स ने अपने साथ जोड़ा था. सिमरन ने हाल में महिला चैलेंजर ट्रॉफी में 200 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से रन बनाए.10वीं में फेल होने के बाद सिमरन ने पढ़ाई छोड़ दी थी. इसके बाद उन्होंने क्रिकेट पर फोकस किया.22 वर्षीय सिमरन शेख को आईपीएल 2023 में यूपी वॉरियर्स ने अपने साथ 10 लाख में अपने साथ जोड़ा था.

महिला जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट

## भारत ने जापान को 3-1 से हराया

**फाइनल में चीन से होगा सामना**

एजेंसी। मस्कट

गत चैंपियन भारत ने शनिवार को यहां जापान पर 3-1 की जीत के साथ अपना दबदबा कायम रखते हुए महिला जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया। मुमताज खान (चौथे), साक्षी राणा (पांचवें), दीपिका (13वें) ने पहले क्वार्टर में गोल किए जबकि जापान के लिए निको मारुयामा ने 23वें मिनट में सांत्वना गोल किया।ज्योति सिंह की अगुवाई वाली भारतीय टीम के लिए शुरुआती क्वार्टर में यह एकतरफा रहा जब सुनलिता टोप्पो ने खेल के दूसरे मिनट में खतरनाक गेंद को रोकने के लिए तेजी से दौड़कर जापान के ड्रैग-फ्लिक के मौके को विफल कर दिया। भारत ने दो मिनट बाद गलती का फायदा उठाकर बढ़त बना ली। एक मिनट बाद साक्षी राणा ने एक और मैदानी गोल करके गत विजेता को 2-0 से आगे कर दिया।



13 से 19 जनवरी तक चलेगा टूर्नामेंट

## खो-खो विश्व कप में 41 अंतरराष्ट्रीय टीमें भाग लेंगी

- अमेरिका, इंग्लैंड, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड पर लोगों की रहेगी नजर

एजेंसी। नई दिल्ली

जनवरी 2025 में भारत में आयोजित होने वाले पहले खो-खो विश्व कप में अमेरिका,इंग्लैंड, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड, नीदरलैंड और पोलैंड सहित 41 अंतर्राष्ट्रीय टीमें भाग लेंगी. खो-खो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया और खो-खो वर्ल्ड कप आयोजन समिति के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने रविवार को बताया कि 13 से 19 जनवरी 2025 तक इन्दिरा गांधी इंडोर स्टेडियम और नोएडा इंडोर स्टेडियम में आयोजित किये जाने वाले इस अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में विश्व भर के छह महाद्वीपों यूरोप, अफ्रीका, ओसनिया ,एशिया ,दक्षिण अमेरिका, उत्तरी अमेरिका के 24 देशों ने अपनी हिस्सेदारी की पुष्टि की है.इस वर्ल्ड कप में संयुक्त राज्य अमेरिका पुरुष टीम भेजेगा जबकि जर्मनी, नीदरलैंड, पोलैंड और इंग्लैंड, पुरुष तथा महिला दोनों वर्गों में हिस्सा लेंगे. न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया ओसनिया की टीमें होंगी.



ऑस्ट्रेलिया महिला और पुरुष दोनों वर्गों में हिस्सेदारी करेगी जबकि न्यूजीलैंड महिला वर्ग में ही प्रतिभागी होगी.दक्षिण अमेरिका महाद्वीप से अर्जेन्टीना, पेरू और ब्राजील की टीमें होंगी. अर्जेन्टीना और ब्राजील का प्रतिनिधित्व पुरुष टीम करेगी जबकि पेरू पुरुष और महिला दोनों टीमें भेजेगा.

इस चैंपियनशिप में अफ्रीकी महाद्वीप से घाना, केन्या, दक्षिण अफ्रीका और युगांडा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे.केन्या, दक्षिण अफ्रीका महिला और पुरुष दोनों वर्गों में भाग लेंगे जबकि घाना पुरुष टीम और युगांडा का प्रतिनिधित्व मात्र महिला टीम करेगी.

रियल कबड्डी लीग

चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड में कलह

# पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अधिकारी आपस में ही भिड़े

एजेंसी। कराची

भारत के सीमा पार यात्रा करने से इनकार करने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने 2025 चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी हाइब्रिड प्रारूप में करने का फैसला किया है. इससे पीसीबी के अंदर ही असंतोष पैदा हो गया है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक,पीसीबी के अंदर ही कलह शुरू हो चुकी है. पाकिस्तान ने जिस तरह से फैसले को स्वीकार किया है, उससे पीसीबी कई सदस्य और अधिकारी नाखुश हैं. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के हाइब्रिड मॉडल में कराने की पुष्टि की ही. अब भारत दुबई में अपने मैच खेलेगा,जबकि पाकिस्तान बाकी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा.भारत के सीमा पार यात्रा करने से इनकार करने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने 2025 चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी हाइब्रिड प्रारूप में करने का फैसला किया है. इससे पीसीबी के अंदर ही असंतोष पैदा हो गया है.

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीसीबी के अंदर ही कलह शुरू हो चुकी है. पाकिस्तान ने जिस तरह से फैसले को स्वीकार किया है,उससे पीसीबी कई सदस्य और अधिकारी नाखुश हैं. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के हाइब्रिड मॉडल में कराने की पुष्टि की ही. अब भारत दुबई में अपने मैच खेलेगा, जबकि पाकिस्तान बाकी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा.



### पीसीबी के कई अधिकारी नाखुश

मुआवजे के तौर पर पाकिस्तान को 2026 टी20 विश्व कप के दौरान भारत की जगह कोलंबो में अपने मैच खेलने की अनुमति दी गई है . पाकिस्तान को 2027 के बाद आईसीसी महिला प्रतियोगिता की मेजबानी के अधिकार भी आवंटित कर दिए गए हैं . पीसीबी द्वारा इस फॉर्मूले को स्वीकार करने के साथ,हाइब्रिड मॉडल को लेकर पीसीबी के भीतर लड़ाई शुरू हो गई है . रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुछ सदस्यों ने नाखुशी जताते हुए कहा कि पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी को नहीं बहकना चाहिए और यह आईसीसी की कोई रणनीति भी हो सकती है .

### राशिद लतीफ ने भी की थी आलोचना

इससे पहले पाकिस्तान के कई पूर्व क्रिकेटर्स की तरफ से भी प्रतिक्रियाएं आई हैं . पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ उन लोगों में से एक हैं जो पीसीबी के हाइब्रिड मॉडल पर सहमत होने के तरीके से खुश नहीं हैं . उन्होंने कहा कि 2027 के बाद महिला क्रिकेट टूर्नामेंट की पेशकश की जा रही है, हाइब्रिड मॉडल में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी के लिए कोई मुआवजा नहीं था .

### विकास ने की धुआंधार बल्लेबाजी, नगर आयुक्त ने जीता मैच

**लखनऊ।** नगर निगम क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में नगर आयुक्त ने प्रेस को नौ विकेट से हरा दिया. इस मैच में विकास सिंह ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए छह चौकों की मदद से 19 बाल पर 38 रन बनाये.प्रेस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में सात विकेट गवांकर 92 रन बनाये. सलामी बल्लेबाज अजय शर्मा ने 11 रन का योगदान दिया. वहीं वरूण यादव ने चार चौकों की मदद से 35 रन बनाये. वहीं अन्य कोई भी बल्लेबाज दहाई अंक तक नहीं पहुंच पाया. प्रवीण राय ने आठ रन का योगदान दिया. वहीं नगर आयुक्त की टीम ने मात्र एक विकेट गवांकर 93 रन बना लिया और मैच को नौ विकेट से जीत लिया. सलामी बल्लेबाज सोनू भारती ने तीन चौकों की मदद से 24 रन बनाये.

## भारत ने ट्रैविस हेड को अच्छी गेंदबाजी नहीं की : कैटिच

एजेंसी। ब्रिस्बेन

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज साइमन कैटिच ने गाबा में चल रहे तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन ट्रैविस हेड के खिलाफ भारत की गेंदबाजी योजनाओं की कड़ी आलोचना की और इसे 'बेवकूफी भरी क्रिकेट' बताया.

कैटिच की टिप्पणी 60वें ओवर की पहली गेंद के बाद आई,जब मोहम्मद सिराज ने हेड को शॉर्ट बॉल डाली,जिन्होंने अपनी पीठ को मोड़ा और गेंद को बाउंड्री तक पहुंचा दिया. सिराज की इस रणनीति को देखकर कैटिच नाखुश हो गए.

चैनल 7 के लिए कमेंट्री करते हुए उन्होंने कहा,₹मोहम्मद सिराज की यह अविश्वसनीय बात है,क्योंकि पिछले ओवर में उन्होंने एक खिलाड़ी को सही जगह पर रखा था और उन्होंने दौड़कर गेंदबाजी की, जो वे बिना किसी फील्डर के करने की योजना बना रहे थे. यह बेवकूफी है. बेवकूफी भरी क्रिकेट.₹₹उनके पास लेगसाइड,डीप पॉइंट पर दो खिलाड़ी हैं और ट्रैविस हेड के लिए इस योजना के लिए एक खिलाड़ी ठीक उसी जगह पर है और फिर उसके पास फील्डर नहीं है. अब वह फील्डर को वहीं रखने जा रहा है.'विजिटर्स ने हेड के लिए डीप पॉइंट पर एक फील्डर रखा, जिसका मतलब था कि वह पहले से ही अपनी शर्तें तय कर रहा था और ऑफ-साइड से विकेट के स्क्वायर पर अपने अधिकांश रन बना रहा था. इसके अलावा, भारत ने हेड के खिलाफ बाउंसर की रणनीति का इस्तेमाल नहीं किया.

## सेलारी पैक्स किसान का क्रय केंद्र हुआ संचालित

**तरहसी (पलामू)।** जिला का तरहसी प्रखंड के सेलारी पंचायत में दिन रविवार को संतोष पांडे के अध्यक्षता में सेलारी पैक्स का उद्घाटन मुखिया श्रीमती जहान आरा ने फीता काटकर किया . मौके पर समाजसेवी बालेश्वर पांडे भी फीता काटने में सहयोग किया. मुखिया जहान आरा ने बताया कि किसानों के लिए बहुत अच्छा संकेत है . जो पैक्स से किसान लोग का लाभ मिलेगा.सूत्रों के जानकारी के अनुसार आपको बता दे की पैक्स का किसान बनने के लिए अपने-अपने प्रखंड में 16 17 18 का विशेष कैंप लगाया जाएगा जो नए किसान अपना किसान आईडी के लिए आवेदन करवा सकते हैं .मौके पर उपस्थित रहे मुखिया पति न्यूम अनवर, संजय मेहता, मिंटू पांडे, हीरवर पांडे, बीरबल कुमार, अन्य दर्जनों लोग मौजूद रहे.

- सेलारी धान अधिप्राप्ति केंद्र को फीता काट कर किया गया उद्घाटन

### विधानसभा चुनाव में जीत के बाद चतरा लोस में सियासी हैसियत बढ़ाने में लगी है लोजपा

# नव संकल्प सभा में भीड़ देख गदगद हुए चिराग

**संवाददाता ।चतरा**



केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (रामविलास) चतरा विधान सभा चुनाव जीतने के बाद अब चतरा में अपनी सियासी हैसियत का विस्तार करने में जुट गई है. इसकी शुरुआत पार्टी ने शनिवार को चतरा में नव संकल्प महासभा अभिनंदन सह मिलन समारोह आयोजित कर की है. इस समारोह में पार्टी सुप्रीमो सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान शामिल हुए. चुनाव के बाद चिराग पासवान की यह पहली सभा थी. कार्यक्रम में पार्टी सुप्रीमो के अलावा जमुई सांसद सह झारखंड प्रदेश प्रभारी अरुण भारती, प्रदेश अध्यक्ष बिरेंद्र प्रधान, सह प्रभारी कुमार सौरभ सिंह शामिल थे. कार्यक्रम में भीड़ देख कर चिराग पासवान गद गद नजर आए और उन्होंने मंच पर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले समाज सेवी प्रेम सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा कि झारखंड में पार्टी को मजबूत और विस्तार के लिए ऐसे ही मजबूत समजा सेवी को जोड़ने की बात कही. पार्टी आगामी लोक सभा चुनाव में चतरा सीट का दावा करेगी. हालांकि लोजपा के लिए एनडीए गठबंधन से चतरा सीट लेना मुश्किल होगा. क्योंकि हाल ही में लोक सभा चुनाव में भाजपा ने चतरा लोकसभा जीत कर जीत की हैट्रीक लगाई है. भाजपा चतरा सीट छोड़ना नहीं चाहेगी. लेकिन एनडीए गठबंधन में लोजपा को यह सीट मिल जाती है तो आश्चर्य की बात भी नहीं होगी. जब लोजपा का झारखंड ही नहीं बल्कि चतरा में जनाधार न के बराबर था. पार्टी की मजबूत संगठनात्मक ढांचा भी नहीं था. फिर भी लोजपा को एनडीए गठबंधन से विधान सभा चुनाव में चतरा सीट मिली. चतरा में लोजपा का अपना विधायक होने से यहां पार्टी मजबूत होगी. इस पर पार्टी अपना संगठन विस्तार में काम कर रही है. ऐसे में चिराग पासवान और उनकी पार्टी एनडीए नेतृत्व पर चतरा सीट के लिए कितनी मजबूती के साथ दावा करेगी, यह आने वाला समय बताएगा. लोजपा के नव संकल्प सभा के बाद लोजपा के सहयोगी भाजपा को टेंशन लोजपा के नव संकल्प सभा और संगठन विस्तार आम लोगों के लिए भले ही सामान्य सी बात है. लेकिन यह राजनीतिक गतिविधि लोजपा के सहयोगी भाजपा के लिए किसी टेंशन से कम नहीं है.

### चतरा विधानसभा और लोस उपजाऊ भूमि की तरह

बीते विधानसभा चुनाव से भाजपा के साथ जो राजनीतिक घटना क्रम शुरू हुई है. वह चतरा भाजपा के भविष्य के लिए अच्छा संकेत नही है. भाजपा के लिए चतरा विधानसभा और लोकसभा उपजाऊ भूमि की तरह है. यहां गांव गांव में बसे भाजपा के नेता और कार्यकर्ता सालों भर मेहनत कर अपनी राजनीतिक भूमि को उर्वरा बनाया है. अब गठबंधन के बहाने इस उर्वरा खेत में खेती करने के लिए लोजपा की इंट्री हुई है. बीते विधानसभा चुनाव में लोजपा ने यहां अपना बगैर कोई खेत खलिहान के फसल भी काट लिया. लोजपा अपने 100 पर्सेंट स्ट्राइक रेट का दावा कर भविष्य में भी चतरा में भाजपा के द्वारा तैयार खेत में अपना खाद बीज डालकर फसल काटने के लिए अभी से ही तैयारी शुरू कर दिया है.

## न्यूज अपडेट



### चौपारण के युवाओं का एसएससी जीडी में चयन

**चौपारण (हजारीबाग)।** एसएससी द्वारा आधिकारिक तौर पर जनरल ड्यूटी कांस्टेबल परीक्षा 2024 का रिजल्ट जारी की गई जिसमें चौपारण प्रखण्ड के कई युवाओं ने सफलता हासिल की. सभी सफल युवक सेना में भर्ती होकर देश सेवा में योगदान देंगे. बीते एक दशक से राष्ट्र प्रेम की भावनाएं चरम पर है. चौपारण के सैकड़ो युवकों देश सेवा में लगे है. सफलता हासिल करने वाले युवकों में रमेश कुमार पिता कमल साव ग्राम पिपरा, पिता किसान है. रमेश की प्रारंभिक पढ़ाई सुंदर लाल जैन उच्च विद्यालय सिंघरावां से की है. प्रिंस कुमार सिंह पिता करुणा सिंह ग्राम गोविन्दपुर. इनके पिता पीटीसी पदमा में प्रशिक्षक है. पाण्डेयबारा पैक्स अध्यक्ष अशोक सिंह के भतीजा सोनू कुमार सिंह. बंटी सिंह पिता सुरेन्द्र सिंह ग्राम गुरीकला. पिता पेशे से शिक्षक है. शिव शक्ति कुमार पिता रामरक्षा सिंह ग्राम बारा वृंदावन. पिता पेशे से ट्रक चालक है. सभी युवकों का चयन बीएसएफ में हुआ है.

### सरदार बल्लभ भाई पटेल को दी श्रद्धांजलि

**हजारीबाग ।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में लौहपुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 74 वीं पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनहे श्रद्धांजलि अर्पित की गई . कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव नें कहा कि भारत का लौहपुरुष स्वाधीना संग्राम का गांधी जी का प्रमुख सेनानी विलक्षण प्रतिभा का धनी व्यक्तित्त्व भारतीय इतिहास में एक असंभव कार्य को संभव कराकर अजर-अमर हो गया . पांच सौ से अधिक रियासतों को विलीन कर सारे देश की जनता में एकात्मता का भाव निर्माण किया . उनकी इसी कार्यशैली सै वे लौहपुरूष कहलाए .मौके पर प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, लाल बिहारी सिंह, दिलीप कुमार रवि, दिलदार अंसारी, सदरूल होदा, अर्जुन सिंह, गुड्डू सिंह आदि उपस्थित थे .

### जेल में बंद आरोपी से फोन पर बातचीत कर फंसा

**हजारीबाग ।** मंजीत यादव हत्याकांड मामले में पुलिस ने जेल में बंद नामजद आरोपी गंगा साव से बातचीत करने के मामले में एक को पूछताछ के लिए पकड़ा गया है. बताया जा रहा है कि 4 से 5 दिन पूर्व जेल के अंदर से आरोपी द्वारा अपने भगना को फोन किया गया था. इस भांजे से बातचीत हुई उसे पुलिस पकड़र हजारीबाग लेकर आई है. सवाल यह उठ रहा है की जेल के अंदर बंद आरोपी अपने भांजे को फोन कैसे किया. हालांकि जेपी केन्द्रीय कारा में हर महीने औचक निरीक्षण किया जाता है, जिसमें कोई भी आपत्तिजनक सामान या मोबाइल बरामद नहीं होती है. लेकिन आरोपी जेल के अंदर से अपने रिश्तेदार को फोन कर रहा है.

### गोला में धान अधिप्राप्ति केंद्र का हुआ उद्घाटन

**रामगढ़।** गोला प्रखंड कार्यालय परिसर में गोला पैक्स का धान अधिप्राप्ति केंद्र खोला गया. जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ विधानसभा के लोकप्रिय ममता देवी शामिल हुई और फीता काटकर केन्द्र का उद्धघाटन किया. साथ में डीएसओ रामगढ़ रंजिता टोप्पो गोला प्रखंड विकास पदाधिकारी सुधा वर्मा व गोला पैक्स के अध्यक्ष नौशाद सहजादा मौजूद थे . सभी ने विधायक को बुके देकर स्वागत किया . मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमाल शहजादा, प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी ,युवा नेता अमित महतो, कमलेश कुमार महतो, दिलीप प्रसाद ,उपेंद्र गोस्वामी ,मोहम्मद शाहिद ,मोहम्मद तौकीर ,अल्ताफ शहजादा सहित दर्जनों किसान शामिल थे.

### उपकारा रामगढ़ में 249 बंदियो का हुआ स्वास्थ्य जांच

**रामगढ़।** कार्यकारी अध्यक्ष, झालसा, जस्टिस एस एन प्रसाद के निर्देशानुसार एवं आलोक कुमार दुबे, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह- अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ के तत्वावधान में उपकारा, रामगढ़ में जेल अदालत के मौके पर विधिक जागरूकता-सह- स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया. उपरोक्त स्वास्थ्य जांच शिविर में कुल 249 बंदियों का जाँच किया गया, जिसमें 14 महिला एवं 235 पुरूष बंदी शामिल थे. इस आयोजन पर उपकारा, रामगढ़ में संसीमित सैकड़ों बंदियों को विधिक जानकारी, एलएडीसी( लीगल एड डिफेंस काउंसिल) योजना से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी दी गयी.

### बिरहोर बच्चों के बीच कपड़ों का किया वितरण

**रामगढ़।** कर्णधार सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था रामगढ़ के तत्वधान में कड़ाके की ठंड देखते हुए रविवार को दोहाकातु स्थित बिरहोर बच्चों के बीच नए कपड़ो के साथ गरम कपड़ो का वितरण किया गया. मौके पर संस्था के संस्थापक विक्रांत गुप्ता ने कहा कि रामगढ़ की जनता के आशीर्वाद और हमारी टीम की एकता हमारे लिए ताकत का काम करता है. उन्होंने कहा कि संस्था करीब पांच सालों से यहां आकर सहयोग कर रहा है. आगे भी मदद के लिए आता रहेगा. संस्था के अध्यक्ष जयदीप सोनी ने लोगों से अपील की है कि उपयोग में ना आने वाली पोशाक कर्णधार रामगढ़ के ऑफिस में जमा करे, ताकि लोगों को ठंड से राहत मिल सके. इस अवसर पर आशीष साहू, अनिल महतो, कर्मवीर राम शमिल थे.

### ब्रह्मपुत्रा मैटेलिक प्लांट में झुलसा मजदूर, मौत

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के गोला थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्रह्मपुत्र मेटेलिक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में झुलसने से एक मजदूर की मौत हो गई. मजदूर की मौत से गुस्साए स्थानीय ग्रामीणों ने रविवार को प्लांट के गेट पर हंगामा शुरू कर दिया. जानकारी के अनुसार चार दिन पहले गोला निवासी पोदो महतो प्लांट में काम कर रहा था. इसी दौरान लोहा गलाने वाले सीसीएस की आग से वह बुरी तरह झुलस गया. आनन फानन में उसे बेहतर इलाज के लिए रांची के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया. इलाज के दौरान ही रविवार को उस मजदूर की मौत हो गई.मुआवजे की मांग को लेकर परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों ने प्लांट के गेट को जाम कर दिया. घटना की सूचना मिलते हैं विधायक ममता देवी प्लांट पहुंची और प्रबंधन के साथ उन्होंने वार्ता की. इस दौरान मृतक के आश्रितों को 15 लाख रुपए की मुआवजा राशि दी गई. साथ ही परिवार के भरण पोषण के लिए मृतक की पत्नी को नौकरी देने, दोनों छोटे बच्चों की पढ़ाई में मदद करने का आश्वासन प्रबंधन की ओर से दिया गया. सहमति बनने के बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया.

## शौर्य सभा का उद्देश्य हिंदुओं में शौर्य का पुनर्जागरण करना है



- धर्मांतरण का कार्य करने वाले अब हिंदू बस्तियों को छोड़कर भाग रहे हैं.

**संवाददाता ।हजारीबाग**

बजरंग दल शौर्य सभा के निमित्त गांव में बैठक कर श्री राम जन्मभूमि आंदोलन एवं संगठन के कार्य तथा इसके विस्तार पर चर्चा किया गया. संगठन के द्वारा चलाए जा रहे वार्षिक कार्यक्रम धर्म रक्षानिधि के निमित अपने आय के आंशिक सहयोग संगठन को देने का भी आग्रह किया. बैठक में उपस्थित रहे बजरंग दल जिला संयोजक प्रशांत सिंह ने श्री राम जन्मभूमि आंदोलन पर विस्तार से बताते हुए कहा कर सेवकों के द्वारा किए गए बलिदान को आज हिंदू समाज को आत्मसात कर अपने राष्ट्र एवं धर्म की रक्षा करने के लिए आगे बढ़ाने की जरूरत है. जब तक हिंदू समाज में समरसता का भाव अपने मठ मंदिरों के प्रति श्रद्धा एवं मंदिरों में एकत्रित होकर जब तक हिंदू समाज मंगल आरती एवं सत्संग के माध्यम से अपनी चिंतन नहीं करेगी तब तक समाज संगठित नहीं हो पाएगा.परंतु धीरे-धीरे ही सही आज हिंदू समाज अपने मठ मंदिर बहन बेटी एवं धर्म की रक्षा हेतु संगठित होकर अपने हक और अधिकार के लिए लड़ना सीख रहा है. इसी का परिणाम है श्री राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर, धर्म छोड़कर जा चुके लोग आज पुनः घर वापसी कर रहे हैं. जिहादी मानसिकता अब कमर तोड़ रही है. धर्मांतरण का कार्य करने वाले अब हिंदू बस्तियों को छोड़कर भाग रहे हैं. बैठक की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता ने किया संगठन के कार्यों पर बोल देते हुए धर्मांतरण को रोकने पर विशेष योजना पर लोगों से चर्चा किया. बैठक का संचालन प्रखंड मंत्री ऋषिकेश मेहता ने किया एवं उन्होंने संगठन के कार्य प्रणाली से लोगों को अवगत कराया.

बैठक में कुछ घोषणा इस प्रकार से की गई ग्राम अध्यक्ष के रूप में नागेश्वर मेहता, ग्राम मंत्री संतोष यादव, ग्राम संयोजक कालेश्वर मेहता, ग्राम साप्ताहिक मिलन प्रमुख जितेंद्र शर्मा, गौ रक्षा प्रमुख विनोद मेहता, सामाजिक समरसता प्रमुख शत्रुघ्न भुइयां, उपाध्यक्ष गणेश मेहता, सहसंयोजक सुनील मेहता सत्संग प्रमुख लक्ष्मण यादव इत्यादि को बनाया गया. बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे बजरंग दल जिला संयोजक प्रशांत सिंह, प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता आदि उपस्थित रहे.

### रामगढ़ जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में बोले प्रदेश प्रभारी

# संघर्षों के साथ भाजपा एक बार फिर चलाएगी सदस्यता अभियान

**संवाददाता ।रामगढ़**




रामगढ़ जिले में भाजपा कार्यकर्ता एक बार फिर संघर्षों के साथ सदस्यता महापर्व को गति देंगे .इस अभियान को सफल बनाने के लिए रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में बैठक आयोजित की गई. इस बैठक में प्रदेश प्रभारी नंद प्रसाद ने एक बार फिर कार्यकर्ताओं में नया जोश भरा. इस दौरान उन्होंने कहा कि झारखंड चुनाव के परिणामों ने कार्यकर्ताओं को निराश किया है. लेकिन अभी का वक्त निराश होने का नहीं है. विधानसभा चुनाव में भाजपा का वोट प्रतिशत काफी बढ़ा है. यह एक सकारात्मक पहलू है. भविष्य में और सकारात्मक ऊर्जा के साथ बेहतर परिणाम भी मिलेंगे.

बैठक की शुरुआत में अतिथियों ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की.प्रदेश प्रभारी नंद प्रसाद ने कहा कि रामगढ़ जिले में सदस्यता महापर्व को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता नए जोश के साथ काम करेंगे. ऐसी उम्मीद है कि रामगढ़ जिला पूरे प्रदेश में अव्वल रहेगा. बूथ अध्यक्ष, शक्ति केन्द्र के संयोजक, सहसंयोजक, मंडल के अध्यक्ष और उनकी टोली के जरिये पूरे मन से सदस्यता अभियान को गति देंगे.बैठक के दौरान पार्टी जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने सदस्यों को बूथ अध्यक्ष की महत्ता को बताया. उन्होंने कहा की सदस्यता अभियान को गति देने में बूथ अध्यक्ष की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है. उन्होंने प्रदेश से लेकर बूथ अध्यक्ष तक की सदस्यता महापर्व में दिए लक्ष्य को रेखांकित किया. उन्होंने बताया कि रामगढ़ जिला से इस बार सात लाख सदस्य बनाने का संकल्प लिया गया है.

बैठक की अध्यक्षता पार्टी जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने की और संचालन जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी के द्वारा किया गया. धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री विजय जायसवाल द्वारा किया गया. इस मौके पर जिला संयोजक राजेन्द्र कुशवाहा, डॉ संजय कुमार सिंह, रंजीत कुमार सिन्हा, चन्द्रशेखर चौधरी, इला रानी पाठक, किरण देवी, संजीव कुमार बबला, रंजन फ़ौजी सहित कई लोग उपस्थित थे.

### भाजपा युवा मोर्चा ने सीएम का पुतला फूंका

मेदिनीनगर। मेदिनीनगर में जेएसएससी, सीजीएल परीक्षा में हुए कथित धांधली के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विपुल गुप्ता के नेतृत्व में आज शहर में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया. जिला अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा युवाओं के साथ हो रहे अत्याचार और छल के साथ-साथ परीक्षाओं में घोटाले एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ हमेशा आवाज उठाने का काम करता रहा है. उन्होंने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन ने झूठे प्रलोभनों के सहारे सरकार बनाने का काम किया है. युवा मोर्चा सरकार की मनमानी को कतई बदार्शत नहीं करेगा. भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री ज्योति पांडे ने कहा कि शुरू से ही हेमंत सोरेन युवा विरोधी रहे हैं और आज भी युवाओं के साथ छल किया जा रहा है. मौके पर युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, पूर्व महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा, अविनाश वर्मा, छोटू सिन्हा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष विजय कुशवाहा, सत्यवान तिवारी, राजा बाबू, रंजीत पासवान, विजय प्रजापति, अरविंद सिंह, निरंजन मेहता, इत्यादि उपस्थित थे.

## दादपुर पैक्स धान क्रय केंद्र एवं कॉपरेटिव बैंक के 25 वां वर्षगाठ का विधायक ने की उद्घाटन

**संवाददाता । चौपारण (हजारीबाग)**



प्रखण्ड में रविवार से धान की खरीदारी सरकारी दर पर शुरू हो गई. प्रखण्ड के दादपुर पैक्स धान क्रय केंद्र व दादपुर कॉपरेटिव बैंक के 25 वां साल गिरह का विधिवत उद्घाटन बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने फीता काट कर की. कार्यक्रम का संचालन पैक्स प्रबंधक अरबिंद सिन्हा ने की. इससे पहले कार्यक्रम में दादपुर पैक्स व बैंक प्रबंधक अरबिंद सिन्हा,पैक्स अध्यक्ष रंजीत सिंह, बैंक स्टाफ बिरेन्द्र शर्मा व सेवक सिंह ने संयुक्त रूप से बरही विधायक मनोज कुमार यादव का बुके व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया. उसके बाद विधायक ने बैंक के 25 वां सालगिरह पर केक भी काटा.

मौके पर विधायक मनोज कुमार यादव ने किसानों से अपने परिश्रम से उगाए गए धान को धान क्रय केंद्र में ही बेचने को कहा. साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि किसान औने पौने दाम में अपने धान दलालों के पास न बेचें.

धान के लिए 50 प्रतिशत राशि का भुगतान भी बहुत जल्द होगा. उन्होंने कहा कि किसानों से जुड़ी हर समस्याओं का समाधान करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी. किसान को पैक्स के माध्यम से बहुत सुविधा मिलती है. वर्तमान मे नरेंद्र मोदी व अमित शाह के नेतृत्व में किसान भाइयों के तरक्की के लिए खाद,बीज,कोल्ड स्टोरेज सहित कई योजना भारत सरकार द्वारा उपलब्ध की जा रही है. वहीं बैंक के 25 वां साल गिरह के सफल संचालन को लेकर सभी बैंक के स्टाफ का गुणगान व शुभकामनाएं दी.

### पारा शिक्षक की हत्या की संघ ने निंदा की

**लातेहार।** सरायकेला-खरसावा के पारा शिक्षक संघ के अध्यक्ष सोनू सरदार की हत्या कर दी गयी. वे एक शादी समारोह से लौटने रहे थे. इसी क्रम में उनके विद्यालय के करीब अज्ञात लोगों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी. लातेहार पारा शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अतुल कुमार एवं महासचिव अनूप कुमार ने इस घटना घोर निंदा की है. उन्होने कहा कि एक पारा शिक्षक जो बीस वर्षों से अल्प मानदेय में सेवा देते आ रहे थे, उनकी इस प्रकार हत्या हो जाना ये सरकार की नाकामी है. उन्होने कहा कि अभी तक पारा शिक्षकों के लिए कोई सेवा शर्त नियमावली नहीं और ऊपर से पारा शिक्षकों के साथ ऐसी घटना घटती है तो पारा शिक्षकों को कुछ नहीं मिल पाता है. सरकार भी पारा शिक्षकों की मौत पर न तो एक शब्द बोलती है और ना ही कोई मदद करती है.

## भाजयुमो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का किया पुतला दहन

**संवाददाता ।चतरा**

जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर न्यायालय में लंबित मामले पर सुनवाई से पूर्व आयोग द्वारा जारी परीक्षा परिणाम जारी करने के खिलाफ आज चतरा जिला के केशरी चौक पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुमन औरत की नेतृत्व में झारखंड के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया.भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने कहा कि झारखंड की युवा विरोधी सरकार गरीब व मेघावी परीक्षार्थियों के सपनों को चकनाचूर कर रही है. जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी हुई है. गड़बड़ी के खिलाफ मुखर परीक्षार्थियों के आंदोलन को कुचलने के लिए पुलिस की कार्रवायी चल रही है. कहा कि इस बार भी जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा परिणाम में झारखंड के बाहरी युवाओं तथा अपने विधायक व मंत्रियों के रिश्तेदारों को नौकरी देने का काम कर रहा है. जिससे हजारों छात्रों का भविष्य फिर से अंधेरे में लटक गया, जो युवा दिनरात कड़ी परिश्रम कर परीक्षा में सम्मलित हुए, उन्हें नौकरी नसीब नहीं हो पा रही है. सोशल पर मुझे रुप से भाजपा जिला महामंत्री श्री मिथिलेश गुप्ता जी, जिला उपाध्यक्ष सागर साहू, जिला मंत्री वासुदेव दागी जी, प्रदेश मंत्री अमित साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय प्रजापति , जितेंद्र सिंह, डीकेश्वर भोगता जी, संकर साहू जी सतीश दांगी जी, विनोद यादव जी आदि उपस्थित हुए.

**संबोधन**

### कुसुम्भा कटकमदाग में धान अधिप्राप्ति केन्द्र का उद्घाटन,विधायक ने कहा

# धान अधिप्राप्ति केन्द्र से किसानों का होगा आर्थिक लाभ

**संवाददाता । हजारीबाग**



रविवार को कुसुम्भा कटकमदाग में स्थानीय धान अधिप्राप्ति केन्द्र का उद्घाटन विधायक प्रदीप प्रसाद द्वारा किया गया. इस उद्घाटन समारोह में विधायक ने क्षेत्र के किसानों को उनके लिए इस महत्वपूर्ण कदम का लाभ देने की बात कही. उन्होंने इसे कृषि क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि करार दिया, जो न केवल किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त करेगा,बल्कि ग्रामीण क्षेत्र की समृद्धि में भी योगदान देगा. विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा आज का यह उद्घाटन कार्यक्रम हमारे क्षेत्र के किसानों के लिए एक ऐतिहासिक दिन है. धान अधिप्राप्ति केन्द्र के माध्यम से किसानों को फसल का उचित मूल्य मिलेगा,साथ ही उन्हें कृषि उत्पादों की खरीद-फरोख्त में भी आसानी होगी. यह केन्द्र किसानों के लिए एक सहायक स्तंभ के रूप में काम करेगा, जिससे वे आर्थिक दृष्टि से मजबूत होंगे और उनकी जीवनशैली में सुधार आएगा. उद्घाटन के बाद विधायक प्रदीप प्रसाद ने बताया कि यह धान अधिप्राप्ति केन्द्र कृषि से जुड़े विभिन्न कार्यों को सुचारू रूप से चलाने में मदद करेगा. इसमें किसानों को उधारी की सुविधा, सस्ते कृषि उपकरणों की उपलब्धता, और कृषि उत्पादों के लिए बाजार तक पहुंच प्रदान की जाएगी. इसके साथ ही केन्द्र किसानों को कृषि संबंधी प्रशिक्षण भी प्रदान करेगा, ताकि वे नई तकनीकों का प्रयोग कर अपनी उपज को बेहतर बना सकें. समारोह में उपस्थित पंचायत प्रतिनिधि, किसान, और स्थानीय लोग इस पहल से बहुत खुश नजर आए. क्षेत्र के विकास को लेकर सभी ने विधायक प्रदीप प्रसाद की सराहना की और आशा व्यक्त की कि इससे इलाके में न केवल कृषि बल्कि अन्य बुनियादी ढांचे में भी सुधार होगा. ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि धान अधिप्राप्ति केन्द्र के शुरू होने से अब उन्हें अपने उत्पादों को बेचने में कोई समस्या नहीं होगी और वे बाजार मूल्य के मुकाबले उचित मूल्य पा सकेंगे. समारोह के अंत में विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा हमारी सरकार किसानों के लिए कई योजनाएं चला रही है.

धान अधिप्राप्ति केन्द्र का उद्घाटन इसका एक और उदाहरण है, जिससे हम किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में ठोस कदम उठा रहे हैं. आगामी दिनों में और भी विकास कार्यों का लाभ कुसुम्भा कटकमदाग क्षेत्र के लोगों को मिलेगा. इस अवसर पर पैक्स अध्यक्ष मिथलेश यादव, पंचयात स्तरीय जनप्रतिनिधि, भाजपा नेता, कार्यकर्त्ता व स्थानीय लोग उपस्थित थे.

### .. और मंत्री ने नहीं किया धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन

# अनुशासनहीनता मुझे बर्दाश्त नहीं : किशोर

**संवाददाता ।पाटन (पलामू)**



पाटन प्रखंड अंतर्गत किशनपुर में आज एक ऐसा वाकया हुआ कि राज्य के वित्त सह संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन करने से इनकार दिया. मंत्री श्री किशोर ने कहा कि उन्होंने कहा कि अनुशासनहीनता मुझे बर्दाश्त नहीं है और यह प्रोटोकॉल के खिलाफ है. उन्होंने कहा कि सुबे के मंत्री के साथ-साथ मैं यहां का विधायक हूं और कार्यक्रम में सहकारिता पदाधिकारी नहीं हैं. मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने मौके पर से ही राज्य के कृषि मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की को दूरभाष पर मामले की जानकारी दी तथा वैसे अधिकारियों पर स्पष्टीकरण करने एवं अनुशासनहीनता का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की बात कही. दरअसल, मंत्री राधा कृष्ण किशोर को आज किशुनपुर स्थित किशुनपुर पैक्स में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन करना था लेकिन मौके पर जिला के सहकारिता पदाधिकारी मौजूद नहीं थे जिसे श्री किशोर ने प्रोटोकॉल के विरुद्ध बताते हुए धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन नहीं किया.

मंत्री श्री किशोर ने कहा कि यहां की जनता ने मुझे जीता कर भेजा है और जनता ही यहां की मालिक है. जिला सहकारिता पदाधिकारी को अनुशासन के साथ सरकार और प्रशासन के लिए प्रोटोकॉल के अधीन रहना अनिवार्य था. मौके पर सेवानिवृत्त प्रोफेसर अदयानंद झा, दया सिंह, अशोक सोनी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह, मुखिया सुमन गुप्ता ,प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, अनिल सोनी, राम लखन कश्यप, मुन्ना पासवान, जसवंत पासवान, अजीत मिश्रा, अंचल अधिकारी राकेश श्रीवास्तव, पाटन थाना प्रभारी लालजी, किशनपुर ओपी प्रभारी निलेश कुमार, जिप सदस्य संग्राम सिंह, संतोष पासवान, अखिलेश पासवान, शक्ति शंकर गुप्ता, ऋषिकांत उपाध्याय, इकबाल अंसारी, धनवंत चौधरी, राम प्रवेश प्रसाद उर्फ टूनू राज, अरुण सिंह, बलराम दुबे, महेंद्र पांडेय आदि मौजूद थे.

# देश-विदेश

## न्यूज अपडेट

### बांकुड़ा में पलटी बस, सात घायल

**बांकुड़ा ।** बांकुड़ा के उंदा थाना अंतर्गत भेदुआशोल के पास नेशनल हाईवे 60 पर रविवार सुबह एक बस पलटने से सात लोग घायल हो गए. घायलों को उंदा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ले जाया गया. घायलों में एक की स्थिति गंभीर बनी हुई है. प्राप्त जानकारी के अनुसार, 26 पर्यटक बारानगर से एक छोटे बस से पुरुलिया के अयोध्या पहाड़ की ओर जा रहे थे. तभी उंदा थानांतर्गत भेदुआशोल मोड के पास बस एक ट्रक से टकरा गई. घटना की सूचना मिलते ही उंदा थाने की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची. पुलिस ने घायल पर्यटकों को बचाया और उन्हें उंदा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ले गई.

### केंद्रीय गृहमंत्री ने सौंपा अवार्ड

**रायपुर ।** राष्ट्रपति पुलिस निशान अलंकरण समारोह-2024 में शामिल होने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रविवार सुबह राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड पहुंचे. कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप-मुख्यमंत्री अरुण साव एवं उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित है. 24 वर्षों के शानदार ट्रैक रिकॉर्ड के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस को गृह मंत्री शाह ने राष्ट्रपति पुलिस कलर अवार्ड सौंपा. सशस्त्र बलों और पुलिस संगठनों को उनकी विशिष्ट सेवाओं और अनुकरणीय कर्तव्यनिष्ठा के लिए मिलने वाला 'राष्ट्रपति का निशान (प्रेसिडेंट्स कलर)' देश का सर्वोच्च सम्मान है.

### 10.572 किग्रा गांजा जब्त, दो धराया

**असम ।** शोणितपुर पुलिस ने विश्वसनीय जानकारी के आधार पर छापामारी कर 10.572 किलोग्राम गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने रविवार को बताया कि ढेकियाजुली थाना क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई के तहत ढेकियाजुली थाना के एसआई जाकिर हुसैन और थाना स्टाफ की टीम ने आकस्मिक छापेमारी की. यह छापेमारी अक्काश अली के घर पर की गई. इस कार्रवाई में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान अक्काश अली और दिनेश साहनी के रूप में हुई है. दोनों आरोपित ढेकियाजुली थाना क्षेत्र के निवासी हैं. पुलिस ने इन आरोपितों के पास से 10.572 किलोग्राम संदिग्ध गांजा बरामद किया.

### ईवीएम का रोना बंद करें : उमर

**श्रीनगर ।** इंडिया ब्लॉक के एक महत्वपूर्ण सहयोगी ने कांग्रेस की लाइन से खुद को अलग कर लिया है. जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर कांग्रेस पार्टी की आपत्ति को सिरे से खारिज कर दिया. उन्होंने कहा, जब उसी ईवीएम से आपके 100 से अधिक सांसद चुनकर आते हैं तो आप इसे अपनी पार्टी की जीत के रूप में सेलिब्रेट करते हैं, तो आप कुछ महीनों बाद पलट कर यह नहीं कह सकते कि हमें ईवीएम से वोटिंग पसंद नहीं है, क्योंकि अब चुनाव परिणाम वैसे नहीं आ रहे जैसा हम चाहते हैं.

### क्या मूर्ति रातोंरात आ गई : योगी

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के संभल में मुस्लिम बहुल इलाके में 46 साल पुराने मंदिर का पता चलने के बाद राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बयान आया है. सीएम ने रविवार को कहा कि संभल में इतना प्राचीन मंदिर क्या रातोरात प्रशासन ने बना दिया? क्या वहां बजरंगबली की इतनी प्राचीन मूर्ति रातों-रात आ गई? मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उन दरिंदों को आज तक सजा क्यों नहीं मिली, जिन्होंने 46 वर्ष पहले संभल में नरसंहार किया था? इस पर चर्चा क्यों नहीं होती है? मालूम हो कि शनिवार को मंदिर का पता चलने के बाद रविवार को पूजा-पाठ किया गया. हिंदू संगठन के लोग मंदिर में पूजा अर्चना के लिए पहुंचे.

### जाकिर हुसैन आईसीयू में भर्ती

**सैन फ्रांसिस्को ।** मशहूर तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन को हृदय संबंधी समस्याओं के बाद सैन फ्रांसिस्को के एक अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है. उनके मित्र और बांसुरी वादक राकेश चौरसिया ने यह जानकारी साझा की है. राकेश चौरसिया ने बताया कि, वह अस्वस्थ हैं और अभी आईसीयू में भर्ती हैं। हम सभी उनकी स्थिति को लेकर चिंतित हैं. जाकिर हुसैन के एक करीबी सूत्र ने बताया, 73 वर्षीय अमेरिकी संगीतकार को ब्लड प्रेशर की समस्या थी. उन्होंने कहा, उन्हें पिछले एक सप्ताह से हृदय संबंधी समस्या के कारण सैन फ्रांसिस्को के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया ह.

### पहला डायबिटीज बायोबैंक स्थापित

**नयी दिल्ली ।** डायबिटीज एक गंभीर और क्रोनिक बीमारी है जिसका खतरा किसी भी उम्र में हो सकता है. बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी को डायबिटीज का शिकार पाया जा रहा है. एक अनुमान के मुताबिक दुनियाभर में 830 मिलियन (83 करोड़) से अधिक लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं, हालांकि जिस तरह से लोगों की दिनचर्या और आहार से संबंधित दिक्कतें बढ़ती जा रही हैं, ऐसे में थोड़ी सी लापरवाही आपको भी इस रोग का शिकार बना सकती है. डायबिटीज की स्थिति शरीर में कई प्रकार की जटिलताओं को भी बढ़ाने वाली होती है. इसकी रोकथाम और इलाज के लिए विशेषज्ञ लगातार अध्ययन कर रहे हैं.



## ईरान में बिना हिजाब के ऑनलाइन कॉन्सर्ट करने पर सिंगर गिरफ्तार

- चार मेल सिंगर्स के साथ एक काले रंग की स्ट्रैपी बॉडीकॉन ड्रेस में गाना गाया था. इस कॉन्सर्ट को 1.4 मिलियन से ज्यादा बार देखा गया

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

ईरान में यूट्यूब सिंगर को बिना हिजाब पहने कॉन्सर्ट करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है. ईरानी अधिकारियों ने 27 वर्षीय गायिका पारस्तू अहमदी को गिरफ्तार किया है, क्योंकि उन्होंने यू-ट्यूब पर एक वर्चुअल कॉन्सर्ट पोस्ट किया था, जिसमें पारस्तू अहमदी ने हिजाब पहने बिना परफॉर्म कर दिया. उनके वकील मिलाद पनाहिपुर के अनुसार, शनिवार को उनकी गिरफ्तारी हुई. अहमदी के ऑनलाइन कॉन्सर्ट की काफी चर्चा है. जिसमें उन्होंने चार मेल सिंगर्स के साथ एक काले रंग की स्ट्रैपी बॉडीकॉन ड्रेस में गाना गाया था. इस कॉन्सर्ट को 1.4 मिलियन से ज्यादा बार देखा गया. वीडियो में उन्होंने खुद को 'एक लड़की के रूप में पेश किया जो अपने अधिकार के लिए आगे आ सकती है. जो उन लोगों के लिए गाना चाहती है जिन्हें वे प्यार करती है.' वीडियो के डिटेल में उन्होंने लिखा, 'यह एक ऐसा अधिकार है जिसे मैं अनदेखा नहीं कर सकती, उस देश के लिए गाना जिसे मैं बेहद प्यार करती हूं.' ईरानी न्यायपालिका ने कथित तौर पर अहमदी के गिरफ्तारी से एक दिन पहले उनके खिलाफ मामला दर्ज किया था. अधिकारियों ने आरोप या उनकी हिरासत की जगह का खुलासा नहीं किया है.

### ट्रम्प की लाइब्रेरी को 15 मिलियन डॉलर देगा एबीसी न्यूज

**एजेंसी । वाशिंगटन**

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर एक गलत टिप्पणी करना एबीसी न्यूज को भारी पड़ गया. ट्रंप द्वारा दायर मानहानि मामले में अब चैनल को 15 मिलियन अमेरिकी डॉलर यानी 127.5 करोड़ रुपये देने होंगे. चैनल ने केस को निपटाने पर सहमति जताई है. सीएनएन की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस राशि से एक लाइब्रेरी बनाई जाएगी, जो कोई चार्ज नहीं लेगी. दरअसल, एबीसी न्यूज नेटवर्क के एंकर जॉर्ज स्टीफनपोलस के मार्च 2024 के एक साक्षात्कार में दिए गए बयानों से ये मामला उभरा था. एंकर ने दावा किया था कि ट्रंप को लेखिका ई जीन कैरोल से दुष्कर्म का दोषी पाया गया है. समझौते के हिस्से के रूप में एबीसी न्यूज ट्रंप के वकील की फीस को कवर करने के लिए 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर का भुगतान भी करेगा और माफीनामा जारी करेगा.

### भारत में रह रहीं शेख हसीना की मुश्किलें बढ़ीं

## बांग्लादेश में जबरन लोगों को गायब करने का लगा आरोप

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर लोगों को जबरन गायब करने का आरोप लगाया है. जांच आयोग ने इसको लेकर मोहम्मद यूनुस सरकार को एक रिपोर्ट सौंपी है. इसमें कहा गया है कि शेख हसीना 3500 से ज्यादा लोगों को जबरन गायब करने की घटनाओं में शामिल रही हैं. इसमें हसीना के अलावा उनके रक्षा सलाहकार मेजर जनरल (रिटायर) तारिक अहमद सिद्दीकी, टेलीकम्युनिकेशन के पूर्व डॉयरेक्टर जियाउल अहसान और कई पुलिस अधिकारी भी शामिल थे.

रिपोर्ट में रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) को भी भंग करने की सिफारिश की गई है क्योंकि इसमें इसकी भूमिका भी संदिग्ध रही है. रिपोर्ट में कहा गया है कि हसीना ने इस बटालियन का इस्तेमाल कर लोगों को यातनाएं दीं. रिटायर जस्टिस मैनुल इस्लाम चौधरी के नेतृत्व में इस आयोग का गठन किया गया है. इसमें पांच सदस्य हैं.

**लोगों के जबरन गायब होने की 1676 शिकायतें**

इस रिपोर्ट में बताया गया है कि आयोग को लोगों के जबरन गायब होने की 1676 शिकायतें मिली हैं. इनमें से अब तक 758 मामलों की जांच की जा चुकी है. आयोग का अनुमान है कि बांग्लादेश में जबरन गायब किए जाने की संख्या 3500 को पार कर जाएगी. जांच आयोग ने अपनी इस रिपोर्ट को 'अनफोल्डिंग द ट्रुथ' नाम दिया है. बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद शेख हसीना ने देश छोड़ दिया और अगस्त में भारत भाग गईं. इसके बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार का गठन हुआ.

### मंदिरों में तोड़फोड़ करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

**ढाका ।** बांग्लादेश में लगातार हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा के मामले में बांग्लादेश सरकार ने एक्शन लेने की शुरुआत की है. मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने ऐसे 4 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन पर हिंदू मंदिर और हिंदू समुदाय के लोगों के घरों में तोड़फोड़ करने का आरोप है. बांग्लादेश की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने 4 आरोपियों की गिरफ्तारी उत्तरी बांग्लादेश के सुनामगंज जिले से की है. पुलिस ने 12 नामजद लोगों के अलावा 150 से 170 अज्ञात लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है. पकड़ गए चारों आरोपियों के नाम अलीम हुसैन, सुल्तान अहमद राजू, इमरान हुसैन और शाहजहां हुसैन बताए जा रहे हैं.

### फैशन टाइकून इसाक एंडिक की मौत, गहरी खाई में गिर गए थे

**बार्सिलोना.** स्पेन की दिग्गज फैशन कंपनी मैंगो के संस्थापक इसाक एंडिक की दुर्घटना में मौत हो गई. स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने मैंगो संस्थापक के निधन पर शोक व्यक्त किया. 71 वर्षीय एंडिक, बार्सिलोना के पास कोलबैटो गुफा इलाके में पैदल यात्रा के दौरान फिसल कर गहरी खाई में गिर गए. मैंगो के सीईओ टोनी रुइज ने एक बयान में कहा-एंडिक के निधन से बहुत बड़ा शून्य पैदा हो गया है. उन्होंने अपना जीवन मैंगो को समर्पित कर दिया. फोर्ब्स में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में काम करने वाले एंडिक की कुल संपत्ति 4.5 बिलियन डॉलर थी.

### सीएम की कैबिनेट का रविवार को पहला मंत्रिमंडल विस्तार हुआ

# भाजपा के 19, शिवसेना 11 व एनसीपी के 9 विधायक बने मंत्री

**एजेंसी । नगापुर**

महाराष्ट्र में सीएम देवेंद्र फडणवीस की कैबिनेट का रविवार को पहला मंत्रिमंडल विस्तार हुआ. इस दौरान 39 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई. शपथ ग्रहण समारोह नागपुर में हुआ. अब मंत्रिमंडल में कुल 42 मंत्री हो गए हैं. मंत्रिमंडल विस्तार में भाजपा को 19 मंत्री पद मिले, जबकि एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना को 11 और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) को 9 मंत्री पद मिले. 33 विधायकों ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली, जबकि 6 विधायकों ने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली.

राज्यपाल पीसी राधाकृष्णन ने 16 से 21 दिसंबर तक नागपुर में आयोजित राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र की पूर्व संध्या पर आयोजित समारोह में नए मंत्रियों को शपथ दिलाई. सूत्रों के मुताबिक इन मंत्रियों का कार्यकाल 2.5 साल का होगा. इस अवसर पर सीएम देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार मौजूद थे. नए मंत्रिमंडल में महाराष्ट्र बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले और मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार शामिल हैं. 20 नवंबर को हुए राज्य विस चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को घोषित किए गए थे.



**किस पार्टी के किन नेताओं ने ली मंत्री पद की शपथ**

**बीजेपी** 1- चन्द्रशेखर बावनकुले 2- राधाकृष्ण विखे पाटिल 3- चंद्रकांत पाटिल 4- गिरीश महाजन 5- गणेश नाईक 6- मंगल प्रभात लोढ़ा 7- जयकुमार रावल 8- पंकजा मुंडे 9- अतुल 10- अशोक उइके 11- आशीष शेलार 12- शिवेंद्र राजे भोसले 13- जयकुमार गोरे 14- संजय सावकरे 15- नितेश राणे 16- आकाश फुंडकर 17- माधुरी मिसाल (राज्यमंत्री) 18- पंकज भोयर (राज्यमंत्री) 19- मेहना बोर्डिकर (राज्यमंत्री)

**एनसीपी (अजित पवार)** 1- हसन मुश्रिफ 2- धनंजय मुंडे 3- दत्ता मामा भरणे 4- अदिति तटकरे 5- माणिकराव कोकाटे 6- नरहरि ज़िरवाल 7- मकरंद आबा पाटिल 8- बाबासाहेब पाटिल 9- इंद्रनील नाईक (राज्यमंत्री)

**शिवसेना (एकनाथ शिंदे)** 1- गुलाबराव पाटिल 2- दादा भूसे 3- संजय राठौड़ 4- उदय सामंत 5- शंभुराज देसाई 6- संजय शिरसाट 7- प्रताप सरनाईक 8- भरतशेठ गोगावले 9- प्रकाश अबितकर 10- आशीष जयसवाल (राज्यमंत्री) 11- योगेश कदम (राज्यमंत्री) .

### नागपुर में हुआ शपथ ग्रहण समारोह

बता दें कि नागपुर के राजभवन में 39 मंत्रियों का शपथ ग्रहण 33 साल में महाराष्ट्र की उप-राजधानी में पहली बार हुआ. दरअसल, महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई है और नागपुर इसकी उपराजधानी है. इससे पहले 1991 में सुधाकरराव नाइक सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार में ऐसा हुआ था. नाइक ने शिवसेना के बागी छगन भुजबल और राजेंद्र गोले को शामिल करके अपने मंत्रिपरिषद का विस्तार किया था. ये दोनों शिवसेना छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे, उस समय कांग्रेस के बीड विधायक जयदत्त क्षीरसागर को भी नाइक सरकार में शामिल किया गया था. मंत्रिमंडल विस्तार में छूटे लोगों को भी बाद में मौका मिलेगाः अजित पवार महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने मंत्रिमंडल विस्तार के बाद कहा कि सत्तारूढ़ महायुति उन अन्य विधायकों को भी मौका देगी, जिन्हें इस सरकार के कार्यकाल के दौरान मौजूदा मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली है.

**छत्तीसगढ़ का मामला**

### नक्सल दंपती सहित पांच हार्डकोर नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

- आत्मसमर्पित नक्सलियों पर कुल 25 लाख रुपये के इनाम घोषित है.

**सुकमा ।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के नक्सल संगठन में सक्रिय एक नक्सली दंपती सहित पांच हार्डकोर नक्सलियों ने रविवार को आत्मसमर्पण किया. आत्मसमर्पित नक्सलियों पर कुल 25 लाख रुपये के इनाम घोषित है. आत्म समर्पित नक्सली 8 लाख की इनामी धन्नी उर्फ कलमू जोगी, 8 लाख के इनामी सोनू उर्फ अभय, 5 लाख के इनामी मौसम महेश, 2 लाख के इनामी सदस्या हेमला मुन्नी पत्नी मौसम महेश, 2 लाख के इनामी माड़वी पोज्जे, पत्नी देवा मुचाकी निवासी साकलेर थाना किस्टाराम जिला सुकमा ने नक्सल संगठन को छोड़कर समाज की मुख्यधारा में जुड़ने के उद्देश्य से 15 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, एसपी किरण चव्हाण, डीआईजी ऑफिस सुकमा द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह, एएसपी अभिषेक वर्मा के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया.

**ग्वालियर का मामला**

### ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से चार लोगों की मौत, परिवार में मचा कोहराम

- घायलों को बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती किया गया है

**मध्यप्रदेश ।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में विकास खण्ड घाटीगांव के अंतर्गत एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गया. इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई एवं कुछ लोग घायल हुए हैं. घायलों को जिला प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों द्वारा जेएएच के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है. इस दुःखद घटना की सूचना मिलने पर घाटीगांव में पदस्थ जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी तत्काल घायलों की मदद के लिए पहुंचे. साथ ही कलेक्टर रुचिका चौहान ने ट्रामा सेंटर पहुंचकर घायलों का बेहतर से बेहतर इलाज का इंतजाम करने के निर्देश अस्पताल प्रबंधन को दिए. उन्होंने अपनी मौजूदगी में घायलों का इलाज शुरू कराया. जानकारी के अनुसार, सहारिया आदिवासी समुदाय के 31 लोग शनिवार शाम करीब चार बजे पई खो गांव से जंगल में शतावरी वन औषधि की जड़ खोदने के लिए ट्रैक्टर से गए थे, उसी दौरान यह हादसा हो गया.

**कांथी सहकारी बैंक के चुनाव का मामला**

## तृणमूल-भाजपा के बीच झड़प रामनगर में भीषण तनाव

**एजेंसी । पूर्व मेदिनीपुर**



सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर केंद्रीय बलों की सुरक्षा में हो रहे कांथी सहकारी बैंक के चुनाव के दिन भाजपा और तृणमूल कांग्रेस में झड़प हो गयी. इस घटना की खबर फैलाते ही रामनगर में तनाव फैल गया. घटना के विरोध में भाजपा ने सड़क अवरोध कर दिया. भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्येन पंचाध्यायी ने दावा किया कि मतदान की शुरुआत में सब कुछ ठीक था. वह रामनगर कॉलेज के पास खड़े थे. तभी अचानक तृणमूल नेता गौतम जना के नेतृत्व में कई लोग वहां पहुंचे. आरोप है कि उन्होंने भाजपा नेता को थप्पड़ जड़ दिया. इस हमले में भाजपा नेता का चश्मा जमीन पर गिर गया. इसके बाद भाजपा ने रामनगर दो नंबर ब्लॉक के देपाल में सड़क जाम कर दी. हालांकि, भाजपा द्वारा लगाए गए आरोपों को तृणमूल खेमे ने लगभग खारिज कर दिया है. सहकारी चुनावों को लेकर कोलाघाट में भी हिंसा हुई. वहां प्रगतिशील मोर्चा के कैंप में तोड़फोड़ करने का आरोप तृणमूल पर लगा है.

### उपराष्ट्रपति धनखड़ का ग्वालियर विमानतल पर हुआ आत्मीय स्वागत

**ग्वालियर ।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को मध्य प्रदेश के एक दिवसीय प्रवास पर ग्वालियर पहुंचे. उपराष्ट्रपति विशेष विमान से यहां वायुसेना के विमान से ग्वालियर एयरबेस पर प्रातः लगभग 10.45 पहुंचे. उपराष्ट्रपति के साथ केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी ग्वालियर आए. विमानतल पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर उप राष्ट्रपति का आत्मीय स्वागत किया. उप राष्ट्रपति के साथ उनकी धर्मपत्नी सुदेश धनखड़ भी ग्वालियर आईं हैं. ग्वालियर एयरबेस पर जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, सांसद भारत सिंह कुशवाह, पूर्व मंत्री माया सिंह, इमरती देवी, विधायक मोहन सिंह राठौर, पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल, रमेश अग्रवाल व रामबरन सिंह गुर्जर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने उपराष्ट्रपति धनखड़ का स्वागत किया. इस अवसर पर ग्वालियर संभाग के आयुक्त मनोज खत्री, आईजी अरविंद सक्सेना, कलेक्टर रुचिका चौहान, जनसंपर्क संचालक अंशुल गुप्ता, पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह एवं वायुसेना के अधिकारीगण उपस्थित थे.

### अतुल सुभाष सुसाइड केस में बड़ी कार्रवाई

## पत्नी निकिता, भाई और मां निशा सिंघानिया तीनों आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी । नयी दिल्ली**



अतुल सुभाष सुसाइड केस में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. मृतक अतुल सुभाष की पत्नी निकिता सिंघानिया उनकी मां निशा सिंघानिया और भाई अनुराग सिंघानिया को बेंगलुरु पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.

निकिता को गुरुग्राम से और मां और भाई को इलाहाबाद से गिरफ्तार किया गया है. इसके बाद दोनों को बेंगलुरु लाकर कोर्ट के सामने पेश किया गया, कोर्ट ने उन्हें ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया गया है. बेंगलुरु पुलिस ने 13 दिसंबर को अतुल सुभाष की पत्नी निकिता सिंघानिया के जौनपुर स्थित आवास के बाहर एक नोटिस चिपकाया था. बेंगलुरु पुलिस ने आरोपियों का पता लगाने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस से मदद मांगने का फैसला किया, इसके बाद ये गिरफ्तारियां हुईं हैं. तीनों आरोपियों पर अतुल के खिलाफ मामला वापस लेने के लिए 3 करोड़ रुपये और उसके बेटे से मिलने के अधिकार के लिए 30 लाख रुपये मांगने का आरोप है.

**कहर बरपा** | गाजा में स्कूल और रिफ्यूजी कैंप पर इजरायली सेना ने किया हवाई हमला

# हमले में 17 लोगों की मौत, 12 अन्य लोग हुए घायल

**एजेंसी । तेल अवीव**



इजरायल ने एक बार फिर बेकूसर फिलिस्तीनियों पर कहर बरपा दिया. इजरायली सेना ने गाजा सिटी के एक स्कूल पर हवाई हमले किए, जिसमें कम से कम एक महिला और उसके बच्चे समेत सात लोगों की मौत हो गई. अल-अहली बैपटिस्ट अस्पताल के मुताबिक माजदा वासिला स्कूल पर हुए हमले में 12 अन्य लोग घायल हो गए. इजरायल का कहना है कि शरणार्थियों के बीच हमास के लड़ाके छिपे हुए थे, जिन्हें निशाना बनाया गया. फिलिस्तीनी प्रशासन का दावा है कि स्कूल में शरण लिए हुए लोगों में हमास का कोई लड़ाका नहीं था. वहां सभी आम लोग थे जिन पर बमबारी हुई है. एक विस्थापित महिला एताफ सादात ने कहा, ‘हमारी आंखों के सामने ही ये हमला हुआ है. इस हमले में कई लोग जल गए. कुछ लोगों के शव क्षत विक्षत हो गए. कई लोग मलबे के नीचे दबे हुए हैं. उनको निकालने की कोशिश की जा रही है, लेकिन अभी तक हमें सफलता नहीं मिली है.

इजरायल ने स्कूल पर हमले के साथ-साथ मध्य गाजा पट्टी में नगरपालिका की चल रही बैठक पर भी हमले किए. केंद्रीय शहर दीर अल-बलाह के नगर पालिका परिसर पर चल रही बैठक पर हुए हमले में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों लोग घायल हो गए. बताते चलें कि पिछले साल अक्टूबर से ही इजरायल फिलिस्तीनियों पर भारी बमबारी कर रही है.

**नागरिकों की रिहाई के लिए विरोध प्रदर्शन शुरू**

उधर, गाजा में बंधक बनाए गए इजरायली नागरिकों की रिहाई के लिए विरोध प्रदर्शन का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा. शनिवार को एक बार फिर हजारों प्रदर्शनकारी तेल अवीव की सड़कों पर उतर आए. इजरायल की सरकार से बंधकों की रिहाई के लिए गाजा में बमबारी रोकने और हमास से तुरंत समझौते की मांग की है. बंधक बनाए गए लोगों के परिजनों और दोस्तों को डर है कि समझौता नहीं हुआ तो ज्यादा से ज्यादा बंधक मारे जाएंगे. ये प्रदर्शन ऐसे समय हुआ जब गाजा में युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के लिए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन मध्य-पूर्व देशों का दौर कर रहे हैं. प्रदर्शनकारियों ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से इस्तीफा भी मांगा है. देश में आम चुनाव कराए जाने की भी मांग की है. उनका दावा है कि पीएम नेतन्याहू बंधकों को छुड़ाने में अबतक असमर्थन रहे हैं. ऐसे में उन्हे पद छोड़ देना चाहिए.

### आईईडी को निष्क्रिय करते समय बीएसएफ का जवान घायल

**कांकेर ।** जिले के कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हेटारकसा के पास नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचने के लिए लगाये गये आईईडी को निष्क्रिय करने के दौरान रविवार सुबह 9:30 बजे हादसा हो गया. इस हादसे में बीएसएफ का एक जवान बी. ईश्वर राव घायल हो गए. घायल जवान को प्राथमिक उपचार के बाद सेना के एमआई-17 हेलीकॉप्टर से रायपुर रिफर किया गया. जवान के हाथ और चेहरे में चोट आई है, लेकिन उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है. यह हादसा पानीडोबीर सुरक्षा कैंप से सर्च ऑपरेशन के दौरान हुआ. सुरक्षा बल क्षेत्र में लगातार सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं. कांकेर एसपी इंदिरा कल्याण एलेसेला ने बताया कि नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षाबलों का दल हेटारकसा गांव की ओर रवाना हुआ था.

## मणिपुर : मुठभेड़ में प्रीपाक कैडर की मौत, छह गिरफ्तार

- मुठभेड़ में 18 वर्षीय कैडर, लैश राम प्रेम सिंह को गोली लगी है

**एजेंसी । मणिपुर**



जिले के सलुंगफाम इलाके में पुलिस ने एक मुठभेड़ में प्रीपाक कैडर को मार गिराया, जबकि ऑटोमैटिक हथियारों से लैस अन्य छह प्रीपाक कैडरों को गिरफ्तार किया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

बताया गया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि सलुंगफाम इलाके में छह प्रीपाक कैडर अवैध वसूली कर रहे हैं. इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो कैडरों ने उन पर फायरिंग कर दी. पुलिस ने जवाबी फायरिंग की और छह कैडरों को पकड़ लिया, जबकि मुठभेड़ में 18 वर्षीय कैडर, लैशराम प्रेम सिंह को गोली लग गई. उसे इम्फाल के राज मेडिसिटी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. इसके अलावा पुलिस ने थोखचोम मोमोचा उर्फ सनी (41), सारंगथेम आनंद सिंह उर्फ मालेम (36), निंगथौजम करना उर्फ पिशाक सिंह (27), निंगथौजम मनोरंजन सिंह उर्फ खागेम्बा (21), थोंगम फालगुनी उर्फ उरिक्पा उर्फ खोइथोई (27) तथा मोइरंगथेम जॉनसन उर्फ थौना (21) के को गिरफ्तार कर लिया है.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, मैसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड के लिए के.जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित. संपादक **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक **संजय सिंह***. फोन नंबर 0651-2961734 आरएनआई नंबर **JHAHIN/2023/84487**( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)